CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 14 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 303 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :27° C
न्यूनतम: 12° C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हर कश्मीरी आतंकी नहीं, कुछ ही लोग भंग कर रहे शांतिः उमर अब्दुल्ला पेज 2



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज आज से खेल टाइम्स



और कितना गिरेंगे टीवी चैनल सम्पादकीय



पाकिस्तान में आर्मी चीफ आसिम मुनीर को मिली तीनों सेनाओं की कमांड पेज 12

## दिल्ली लालकिला ब्लास्ट में बड़ा खुलासा, अहम सुराग मिले

# बाबरी विध्वंस का बदला लेना चाहते थे आतंकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- देशभर में 32 कारों के जरिये धमाके की रची गई थी साजिश, लालकिले के पास कार ब्लास्ट इसी योजना का हिस्सा था
- आतंकियों ने सेशन एप यूज किया, रजिस्ट्रेशन के लिए फोन नंबर, ईमेल जरूरी नहीं, मैसेज ट्रेसिंग मुश्किल काम
- तुर्की से हुई थी ब्लास्ट की प्लानिंग, सेशन एप से आतंकियों को मिले निर्देश, तुर्की ने आरोपों को नकारा

**नई दिल्ली।** लालकिले के पास 10 नवम्बर को हुए धमाके की जांच में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसम्बर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इकोस्पोर्ट और आई-20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं।

जांच एजेंसियों को अब तक चार कारें बरामद हो चुकी हैं। 10 नवम्बर को जिस आई-20 कार में धमाका हुआ था, वह इसी सीरियल रिवेंज अटैक का हिस्सा थी। ब्लास्ट से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के रेड फोर्ट के पास हुए हमले में शामिल आतंकियों ने एन्क्रिप्टेड एप्स का इस्तेमाल किया था। एन्क्रिप्टेड एप्स यानी मैसेज सिर्फ सेंडर और रिसीवर ही पढ़ सकते हैं। इसमें तीन बड़े एप्स का नाम सामने आया है। टेलीग्राम, सिग्नल और सेशन। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी डाक्टर मुजम्मिल ने पूछताछ में कबूल किया कि उन्होंने इन्हीं एप्स की मदद से अपने हैंडलर्स से बात की थी। टीओआई की एक रिपोर्ट के -शेष पृष्ठ दो पर

### डीएनए टेस्ट से डा. उमर के विस्फोटक वाली कार में होने की हुई पुष्टि



**नई दिल्ली।** डीएनए परीक्षण से पुष्टि हो गई है कि लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास जिस कार में विस्फोट में हुआ था उसे डा. उमर नबी ही चला रहा था क्योंकि उसके स्टीयरिंग व्हील में मिले पैर के हिस्से और नबी की मां के डीएनए नमूने आपस में मिल रहे हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार नबी की मां के डीएनए नमूने और नबी के पैर के डीएनए आपस में मैच हो रहे हैं। जांचकर्ताओं को यह सफलता तब मिली जब डा. नबी का पैर कार के स्टीयरिंग व्हील और एक्सीलेटर के बीच फंसा हुआ पाया गया। इससे संकेत मिलता है कि विस्फोट के समय वह कार चला रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कुल 21 जैविक नमूने जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) भेजे गए थे।

### डा. उमर और मुजम्मिल के कमरों से मिलीं डायरियां

**नई दिल्ली।** कार विस्फोट मामले की जांच कर रही एजेंसियों ने अल फलाह विश्वविद्यालय स्थित डा. उमर नबी और डा. मुजम्मिल के कमरों से उनकी डायरियां बरामद की हैं। सूत्र ने बताया कि ये डायरियां अल फलाह विश्वविद्यालय परिसर के अंदर से बरामद की गईं। इनमें से एक डा. उमर के कमरा नंबर चार से और दूसरी डा. मुजम्मिल के कमरा नंबर 13 से बरामद की गईं। इसके अलावा, पुलिस ने डा. मुजम्मिल द्वारा इस्तेमाल किए गए एक कमरे से एक और डायरी भी जब्त की है। यह वही जगह है जहां से पहले 360 किग्रा विस्फोटक जब्त किया गया था। यह कमरा अल फलाह विश्वविद्यालय से लगभग 300 मीटर की दूरी पर स्थित है। बरामद डायरियों और नोटबुक्स में कोड शब्द हैं, जिनमें आठ नवम्बर से 12 नवम्बर के बीच की तारीखों का जिक्र है। डायरियों में 'ऑपरेशन' शब्द कई बार लिखा है।

### दोषियों को मिलेगी सख्त सजा: शाह

**अहमदाबाद/नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विस्फोट के दोषियों को दी जाने वाली सख्त से सख्त सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि कोई भी दोबारा ऐसे हमले के बारे में सोचने की हिम्मत न करे। शाह ने गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरियावी गांव में मोतीभाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर आर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो लिंक के जरिये संबोधित किया। जिन लोगों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है और जो इसके पीछे हैं, उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

## पायलट पर नहीं डाली गई हादसे की जिम्मेदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुप्रीम कोर्ट में एयर इंडिया क्रैश मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने अपना पक्ष रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एयर इंडिया क्रैश मामले की सुनवाई जारी है। इस बीच केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि प्राथमिक जांच रिपोर्ट में एयर इंडिया के पायलट को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं बताया गया है।

नागर विमानन मंत्रालय ने कोर्ट में कहा है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की जांच टीम को अंतर्राष्ट्रीय चलन के तहत गठित किया गया था। यह जांच अभी भी जारी है। गौरतलब है कि गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने के चंद सेकंड बाद दुर्घटना का शिकार हो गया था। इस घटना में 265 लोगों की जान चली गई थी। एएआईबी के अंतर्गत हुई जांच में इस मामले में कई अहम पहलुओं का खुलासा हुआ था। हालांकि, इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद विमान को उड़ाने वाले एक पायलट के पिता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर दिया था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और डीजीसीए से जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की जांच टीम अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत गठित की गई है और इसका गठन कानूनी प्रावधानों के तहत किया गया है। जस्टिस बागची ने कहा कि एएआईबी की जांच किसी पर दोषारोपण के लिए नहीं होती, बल्कि इसका मकसद दुर्घटना के कारणों का पता लगाना होता है, ताकि भविष्य में -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली धमाके के बाद बढ़ा धमकियों का सिलसिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाके के बाद से ही पूरे देश की एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इसके बावजूद पिछले दो दिनों से लगातार एयरपोर्ट से लेकर कई उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही हैं। कनाडा के टोरंटो से दिल्ली आ रही उड़ान को बम की धमकी मिली। इसके बाद दिल्ली में विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। विमान में मौजूद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतार लिया गया।

### चैतन्य बघेल की 61 करोड़ रुपये की सम्पत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी के रायपुर आंचलिक कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जारी जांच के सिलसिले में आरोपी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपये मूल्य की अचल/चल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं।

# पुणे में 25 गाड़ियां टकराईं नौ की मौत, पांच जिंदा जले

## ट्रक का ब्रेक फेल होने से कार-कंटेनर में लगी आग

पुणे, वार्ता



**पुणे के बाहरी** इलाके में नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम ट्रक का ब्रेक फेल होने से 20 से 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। ट्रक सबसे पहले एक कार में टकराया। कार आगे जा रहे कंटेनर से भिड़ गई और उसमें आग लग गई। कंटेनर भी जल गया।

हादसे में कार सवार 5 लोग जिंदा जल गए। ट्रक ड्राइवर समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब 20 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर भोरगांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से कंटेनर और ट्रक के बीच दब गई और आग लगने के कुछ सेकंड में ही लपटों में घिर गई। मृतकों की पहचान की जा रही है। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर ट्रैफिक प्रभावित रहा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। हादसे में घायल हुए सभी लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि सतारा से पुणे की ओर आ रहे दोनों ट्रकों के बीच कार फंस गई थी। हादसे के कारण नवले ब्रिज पर लंबा जाम लग गया है। इसके अलावा ट्रक में भी आग लग गई इससे ड्राइवर बाहर नहीं निकल सका। उसकी भी मौत हो गई। पीछे एक यात्री वाहन था, वह भी आग की चपेट में आ गया। उसमें 17-18 लोग सवार थे। सभी घायल हुए हैं। इसके अलावा कुछ कारें और अन्य वाहन भी आपस में टकरा गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपये की मदद देने का ऐलान किया है।

# 1962 के युद्ध के बाद बंद न्योमा एयरबेस फिर शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो



- चीन बॉर्डर के पास लद्दाख में 13000 फीट ऊंचाई पर बना, एयरफोर्स चीफ ने लैंड किया एयरक्राफ्ट

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में चीन की सीमा के पास न्योमा एयरबेस को बुधवार को फिर से शुरू किया गया। भारतीय वायुसेना प्रमुख चीफ मार्शल एपी सिंह ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से सी-130जे ट्रांसपोर्ट एयरक्रॉफ्ट उड़ाकर न्योमा एयरबेस में लैंडिंग की। उनके साथ पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा भी थे।

न्योमा एयरबेस 13,710 फीट की ऊंचाई पर है और यह दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस में से एक है। यह चीन की सीमा एलएसी से करीब 25 किलोमीटर दूर है और इसमें 2.7 किलोमीटर लंबा रनवे है। यह एयरबेस 1962 में शुरू हुआ था, लेकिन भारत-चीन युद्ध के बाद बंद कर दिया गया था। 2023 में इसे फिर से आधुनिक एयरबेस बनाने का काम शुरू हुआ और अब 12 नवम्बर को इसे दोबारा खोला गया है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मुध-न्योमा एयरबेस का उद्घाटन किया। यहां से लड़ाकू विमान, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हलीकॉप्टर उड़ान भर सकते हैं। इसे करीब 218 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यहां से सैनिकों और हथियारों को तेजी से एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाने में मदद मिलेगी। मुध-न्योमा नाम बेस के पास स्थित मुध गांव से लिया गया है। न्योमा लद्दाख में वायुसेना का चौथा बेस है। अन्य 3 एयरबेस लेह, कारगिल और थोईस में स्थित हैं। इनमें कारगिल एयरबेस लगभग 10,500 फीट पर स्थित है। इसके अलावा भारतीय वायुसेना स्पेशल ऑपरेशन एयरक्रॉफ्ट और हेलीकॉप्टरों के लिए उत्तरी लद्दाख में शिथि दौलत बेग ओल्डी में मिट्टी से बने रनवे का इस्तेमाल करती है। यह 16,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित विश्व का सबसे ऊंचा एयरफील्ड है। रक्षा मंत्रालय एलएसी से सटे सभी हवाई ठिकानों और एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स (एएलजी) का आधुनिकीकरण कर रहा है। इसी कड़ी में दौलत बेग ओल्डी एएलजी में भी आधारभूत ढांचा मजबूत किया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सितम्बर 2023 में न्योमा एयरबेस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया था। इसे बॉर्डर रोड्स ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने पूरा किया।



## संक्षिप्त समाचार

### मां ने दुधमुंहे पुत्र को चुल्हे में जलाया फिर लगाई फांसी

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र में एक महिला ने रात में सोते समय अपने दस माह के पुत्र को चुल्हे की आग में डालकर जला दिया और फिर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आसनडीह ग्राम पंचायत के जोबेदह गांव में पतिराज की 28 वर्षीय पत्नी राजपति बुधवार शाम अपने मायके से अपने घर ससुराल आई थी। रात्रि में सभी लोग खाना खाकर सोने चले गए थे। रात्रि में पत्नी राजपति भी अपने 10 माह के बेटे को लेकर एक कमरे में सोने चली गई जबकी बघ बेटा अपने मामा के साथ सोने चला गया था। सभी लोगों के सोने के बाद वह अपने छोटे बेटे को जलते चूल्हे में डालकर जला दिया और खुद घर के अंदर बड़ेर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। गुरूवार की सुबह जब परिजन सो कर उठे, तो घटना देखकर स्तब्ध रह गए। राजपति का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था, जबकि दस वर्षीय बालक का शव चूल्हे में पड़ा हुआ था। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया।

### कश्मीर में तापमान में गिरावट जारी

**श्रीनगर।** कश्मीर में बुधवार रात का तापमान शून्य से नीचे गिर गया जो इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रातों में से एक थी। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है। मौसम विभाग के अनुसार, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.1 डिग्री कम दर्ज किया गया, जो इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही। श्रीनगर में तापमान साल के इस समय के सामान्य तापमान से 3.4 डिग्री कम रहा। जम्मू में कल अधि. कतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया।

### पांच राज्यों की समीक्षा बैठक में बोली बसपा प्रमुख मायावती

# सरकार की नीतियों से श्रमिक संकट में

**लखनऊ, वार्ता**



■ दिल्ली, राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़ और गुजरात राज्यों की समीक्षा बैठक में दिया मार्गदर्शन

बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण श्रमिक वर्ग का जीवन संकट में है, जबकि उनके कल्याण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

सुश्री मायावती ने दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात राज्यों की समीक्षा बैठक में पार्टी संगठन की तैयारियों और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने, जनसंपर्क को अधिक व्यापक बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर पार्टी की सक्रियता को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई के कारण लोगों का जीवन स्तर बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य सरकारें जनहित के वास्तविक मुद्दों से हटकर राजनीति में उलझी हुई हैं, जिसके कारण आम लोगों की समस्याएं अनसुलझी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तरह बाकी राज्यों की स्थिति भी चिता. जनक है और इस वजह से जनता में गहरा असंतोष है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अपराध, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के कारण जनता बेहद परेशान है। इन राज्यों में सामाजिक एवं जातिगत तनाव और घटनाओं पर उन्होंने सरकारों को कठोर कार्रवाई करने की नसीहत दी। बसपा अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि वे जन-आंदोलन को और मजबूत करें तथा बहुजन समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक करने के लिए प्रभावी अभियान चलाएं। उन्होंने पार्टी के 'जनहित सर्वोपरि' सिद्धांत को लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि बसपा ही वह विकल्प है जो जनता को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर दिलाने में सक्षम है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 6 दिसम्बर को परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण (महापरिनिर्वाण) दिवस दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। यह आयोजन पार्टी के मिशनरी स्वरूप के अनुरूप होगा, जिसमें किसी प्रकार का राजनीतिक दिखावा नहीं बल्कि सामाजिक समर्पण मुख्य केंद्र में रहेगा। इस दौरान पार्टी ने सभी राज्यों के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में 'बहुजन समाज' को मजबूत करने और शोषित वर्ग को राजनी. तिक शक्ति दिलाने के प्रयासों को तेज करें।

### लालकिला के पास हमले को किस प्रकार ले रही है सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम के बाद 'ऑपरेशन सिदूर' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने कहा था कि किसी भी आतंकी हमले को 'एक्ट ऑफ वॉर' माना जाएगा इसलिए देश जानना चाहता है कि लालकिला के पास हुए हमले को वह किस तरह से ले रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उसने आपरेशन सिंदूर के दौरान इस तरह के हमलों को 'एक्ट ऑफ वॉर' मानने की बात कही थी ।अब वह इस हमले को लेकर क्या कर रही है, यह बात सरकार को देश के लोगों को बतानी चाहिए। उन्होंने कहा ष्हम यह जानना चाहते हैं कि सरकार इस हमले को किस तरह से देख रही है, क्योंकि इस हमले को बाहरी ताकतों के द्वारा समर्थन, शक्ति और प्रेरणा मिल रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में यूपी के 343 ओडीओपी स्टॉल लगेंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ 2750 प्रतिभागी लेंगे मेले में भाग

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की थीम पर आधारित 44वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले 2025 का आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में 14 से 27 नवम्बर तक किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश 44वें अतंर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपनी 'लोकल टू ग्लोबल' की आर्थिक रणनीति को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक व्यापर के केंद्र के तौर पर विक. सित करना, साथ ही प्रदेश के स्थानीय उत्पादों की पहुंच वैश्विक बाजार तक स्थापित करना है।

इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा इस मेले को राज्य की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना, युवा स्टार्टअप्स और बढ़ती हुई महिला उद्यमिता को प्रदर्शित करने के लिए भी की जाएगी। भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में उत्तर प्रदेश एक साझीदार राज्य के रूप में शामिल हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'लोकल टू ग्लोबल' की मुहीम को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से राज्य के 2,750 से अधिक प्रदर्शक भागीदारी करेंगे। साथ ही इस मेले में 343 स्टॉल ओडीओपी योजना के अंतर्गत स्थापित किए जाएंगे। व्यापार मेले में राज्य की ओर से लगाए जा रहे ओडीओपी स्टॉल्स में आगरा का पेठा, बनारसी हस्तशिल्प, भदोही की कार्पेट, मेरठ के खेल सामान, कानपुर के चमड़े के उत्पाद, फिरोजाबाद के ग्लासवेयर और सहारनपुर की लकड़ी की कलाकृतियों जैसे उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों के सामने प्रदर्शित किया जाएगा।

# समय से उपलब्ध कराएं विसरा रिपोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**



■ हाईकोर्ट ने सीएस व डीजीपी को दिए निर्देश

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, डीजीपी और प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य को विसरा की फोरेंसिक जांच रिपोर्ट समय से उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि विवेचना अधिकारियों को समय पर विसरा रिपोर्ट मिलनी चाहिए। विसरा रिपोर्ट के बिना चार्जशीट दाखिल करने पर कहा कि अध. ूरी विवेचना करके मौत का कारण जाने बिना चार्जशीट दाखिल करना सही नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी रामरतन निवासी फर्रुखाबाद की जमानत अर्जी खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं से विसरा रिपोर्ट जांच एजेंसियों तक पहुंचने में हो रही देरी को चिंताजनक बताया।

साथ ही मुख्य सचिव, डीजीपी और महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य को स्थिति की जांच करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि विसरा रिपोर्ट समय की बर्बादी किए बिना जल्द उपलब्ध कराई जाए, ताकि जांच के दौरान पूर्ण, उचित और प्रभावी मूल्यांकन संभव हो सके। कोर्ट ने कहा कि मृतक का विसरा फरवरी 2024 में झांसी स्थित प्रयोगशाला भेजा गया था। सितंबर 2024 में तैयार किया गया, लेकिन रिपोर्ट पहली फरवरी 2025 तक जांच अधिक. ारी को नहीं मिली। इसके बाद ही केस डायरी में संलग्न की गई, जबकि आरोप पत्र 13 सितंबर 2024 को ही दाखिल किया जा चुका था। विसरा रिपोर्ट मिलने से पहले 11 नवंबर 2024 को मामले का संज्ञान ले लिया गया था। आरोप-पत्र दाखिल कर दिया गया, इससे स्पष्ट होता है कि जहां तक मृत्यु के कारण का प्रश्न है, वह निर्णायक नहीं था। इस देरी से यह भी पता चलता है कि जांच किसी न किसी रूप में अधूरी थी। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे महत्वपूर्ण साक्ष्य समय रहते जांच एजेंसी के पास होना चाहिए।

# हर कश्मीरी आतंकी नहीं, कुछ लोग भंग कर रहे शांति



**जम्मू, वार्ता**

कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम विस्फोट की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह घटना मानवता, शांति और भाईचारे पर एक बर्बर हमला है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों को आतंकवादी कहना अनुचित है, क्योंकि कुछ गुमराह लोग ही राज्य की शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

अब्दुल्ला ने गुरुवार को यहां पत्राकारों से बातचीत में कहा कि यह विस्फोट बेहद निंदनीय है। किसी भी धर्म में निर्दोष लोगों की हत्या की इजाजत नहीं है। घटना की जांच होनी चाहिए, लेकिन हमें यह भी याद रखना होगा कि हर कश्मीरी आतंकवादी नहीं है और केवल कुछ ही लोग हैं जो शांति और भाईचारा खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी दुखद घटनाओं के बाद जब हर कश्मीरी मुसलमान को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो यह न केवल अन्याय है, बल्कि सामा. जिक सद्भाव को भी प्रभावित करता है। मुख्यमंत्री ने विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा देने की मांग की, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### शाहीन सईद का अतीत टटोलने प्रयागराज पहुंची सुरक्षा एजेंसियां

**प्रयागराज।** दिल्ली बम ब्लास्ट के मामले में सुरक्षा एजेंसियों ने बुधवार शाम प्रयागराज के मोती लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज में आकर संदिग्ध आतंकी शाहीन सईद से संबंधित दस्तावेज खंगाले। बम ब्लास्ट के बाद गिरफ्तार की गई डॉक्टर शाहीन सईद का प्रयागराज मेडिकल कॉलेज से भी नाता रहा है। बताया जा रहा है की वर्ष 1996 में डॉक्टर शाहीन सईद ने एमबीबीएस में प्रवेश लिया था और मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में रहते हुए 2002 में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी।

### जम्मू-कश्मीर में सीआईके की 13 स्थानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर द्धसीआईकेऋ शाखा गुरुवार को दिल्ली बम विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में घाटी में लगभग 13 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि सीआईके और आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) संयुक्त रूप से यह छापेमारी अभियान चला रहे हैं, ताकि बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य विस्फोट की साजिश से जुड़े संदिग्ध व्यक्तियों और जैश-ए-मुहम्मद की संलिप्तता का पता लगाना है।



सेंसेक्स 84478.67

निफ्टी 25879.15



सोना रु. 127000

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 159000

प्रति किलो



# शेयर बाजार: सपाट बंद हुए प्रमुख सूचकांक

## बिकवाली हावी रहने से रहा उतार-चढ़ाव, सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर बंद हुए

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को कुल मिलाकर बिकवाली हावी रही, हालांकि प्रमुख सूचकांक दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में लगभग सपाट बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 12.16 अंक (0.01 प्रतिशत) की मामूली बढ़त से 84,478.67 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 3.35 अंक यानी 0. 01 फीसदी चढ़कर 25,879.15 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांक लगातार चौथे दिन हरे निशान में बंद हुए हैं। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली देखी गई। निफ्टी में मिडकैप और स्मॉलकैप के सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.34 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.37 प्रतिशत लुढ़क गया। बैंकिंग, एफएमसीजी, आईटी और ऑटो सेक्टरों ने बाजार पर ज्यादा दबाव बनाया। वहीं धातु, फार्मा और रियल्टी सेक्टरों में आज तेजी देखी गई। एनएसई में जिन 3,187 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,732 के शेयर टूट गए, जबकि 1,367 में तेजी रही। शेष 62 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में और शेष 12 के हरे निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 3.81 प्रतिशत उछला। आईसीआईसीआई बैंक में 1.99 प्रतिशत और पावर ग्रिड तथा एलएंडटी दोनों में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक और एनटीपीसी के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 3.63 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स का शेयर 2.26 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.45, ट्रेंट का 1.19, टाटा स्टील का 1.15, बीईएल का 1.10 और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.06 प्रतिशत टूट गया। इनके अलावा टीसीएस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, अडानी पोर्ट्स, टाइटन, टेक महिंद्रा, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.73 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.56 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.43 प्रतिशत चढ़ा।

### सोने और चांदी की कीमतों में फिर तूफानी तेजी

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने की कीमतें फिर से 1.27 लाख प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि साल के अंत तक सोना +4,300 से +4,600 प्रति औंस तक जा सकता है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निवेशकों की मजबूत खरीदारी देखने को मिली। यह बढ़त अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों और भू-राजनीतिक तनाव के कारण आई है। भारत में गुरुवार दोपहर 2.26 बजे तक एमसीएक्स पर सोना 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,27,666 पर कारोबार कर रहा था। ज्वेलरी बाजार में एक किलो चांदी की बिक्री 159,000 रूपये प्रति किलो है। इस तरह एक किलो हॉल मार्क वाले चांदी के आभूषणों बिक्री 157,000 रूपये प्रति किलो हो रही है।

# चावल, गेहूं, खाद्य तेलों में नरमी, दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं और खाद्य तेलों में भी नरमी रही। चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया जबकि दालों में उतार-चढ़ाव रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा दो रिंगिट चढ़कर 4,126 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का दिसम्बर वायदा भी 0.67 प्रतिशत के मजबूती के साथ 50.96 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत तीन रुपये घटकर 3,839.05 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी 14 रुपये टूटकर 2,853.53 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत में छह रुपये की गिरावट रही और यह 3,303.64 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में आज नरमी देखी गई। मूंगफली तेल की औसत कीमत 19 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सरसों तेल सात रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल के दाम 45 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। पाम ऑयल 33 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति भी 61 रुपये और सूरजमुखी तेल 25 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंग दाल आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपये और उड़द दाल 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल के दाम लगभग गत दिवस के स्तर पर ही रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वहीं चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे . दाल-दलहन: दाल चना 7890.56 रुपये, मसूर काली 8161.11 रुपये, मूंग दाल 10092.93 रुपये, उड़द दाल 10379.58 रुपये, तुअर दाल 10592.74 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2853.53 रुपये और चावल 3839.05 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4326. 75 रुपये और गुड़ 5010.47 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17683.07 रुपये, मूंगफली तेल 17675.59 रुपये, सूरजमुखी तेल 15633.72 रुपये, सोया तेल 13703.51 रुपये, पाम ऑयल 12457.93 रुपये और वनस्पति 14421.96 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बाबरी विध्वंस....**

मुताबिक जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवात-उल-हिंद जैसे टेरर ग्रुप्स से जुड़े 4 आतंकी 2022 में तुर्की गए थे। वो यहां उकासा कोडनेम वाले हैंडलर से मिले। शुरुआती बातचीत टेलीग्राम पर हुई, लेकिन ग्रुप ने स्ट्रैटेजिकली कोऑर्डिनेशन को ज्यादा सिक्योर सिग्नल और सेशन एप्स पर शिफ्ट कर दिया, ताकि कोई भी उन्हें ट्रेस न कर पाए। सेशन एक प्राइवेट मैसेंजर एप है, जो पूरी तरह डिसेंट्रलाइज्ड है। ये एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन यूज करता है। एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स मूल रूप से यूजर्स की प्राइवेसी के लिए बनाए गए थे, लेकिन पिछले कुछ सालों में आतंकी ग्रुप्स, रेडिकल संगठन और अपरा. धियों की पहली पसंद बन गए हैं। इसी बीच दिल्ली ब्लास्ट की जांच कर रही एजेंसियों को एक बड़ा सुराग मिला है। एक एजेंसी ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया है कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों का तुर्की की राजधानी अंकारा में बैठे एक विदेशी हैंडलर से सीधा संपर्क था। जांच में पता चला है कि वह अंकारा से ही आरोपियों की एक्टिविटी, फंडिंग और कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने से जुड़ी पूरी कार्रवाई संभाल रहा था। प्लानिंग के लिए सेशन एप का इस्तेमाल किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि इस हैंडलर की पहचान कोडनेम 'उकासा' से हुई है। उकासा अरबी भाषा का शब्द है। इसका मतलब मकड़ी होता है। संभव है कि यह उसका असली नाम नहीं बल्कि पहचान छिपाने के लिए इस्तेमाल किया गया है। हालांकि तुर्की ने इसे दुष्प्रचार बताया है। तुर्की ने दिल्ली धमाके के आतंकियों और तुर्की के हैंडलर से कनेक्शन की खबरों को झूठा बताया है। तुर्की सरकार ने कहा कि इस तरह की झूठी रिपोर्टों का मकसद दोनों देशों के आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाना है।

**पायलट पर....**

ऐसी घटना दोबारा न हो। एक एनजीओ की तरफ से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि इतने बड़े पैमाने की दुर्घटना की जांच कोर्ट ऑफ इंक्वायरी की तरह की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पायलट संघ ने भी चिंता व्यक्त की है कि इन विमानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता और इनमें यात्रा करने वाले लोगों के जान को बड़ा खतरा है। उधर जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि इन कार्यवाहियों को एक एयरलाइन बनाम दूसरी एयरलाइन की लड़ाई नहीं बनना चाहिए और सॉलिसिटर जनरल से मृतक के पिता की ओर से दाखिल याचिका पर जवाब दायर करने को कहा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी।

# भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे भगवान बिरसा मुंडा: सीएम योगी

**लखनऊ, वार्ता**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे। इसके लिए उन्होंने अभियान चलाया, जिस पर तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने रांची की जेल में अंतिम सांस ली। उन्होंने जनजाति समुदाय को नारा दिया कि अपना देश-अपना राज। देश हमारा है, तो राज भी हमारा ही होना चाहिए, विद. ेशी हुकूमत भारत में राज न करे।


धरती आबा को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी ने 15 नवम्बर को जनजाति दिवस के रूप में आयोजित करने की प्रेरणा दी। योगी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में गुरुवार को ढोल-नगाड़ों की थाप से जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया और यहां लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मेजबान उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के जनजाति कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति भी दी। सीएम योगी ने इस वर्ष की विशेषता बताते हुए इसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पहली से 15 नवम्बर तक देश में जनजाति गौरव पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। सरकार द्वारा जनजाति समुदाय को समाज व राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने व सम्मान के साथ आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा है। योगी ने कहा कि सांस्कृतिक समागम में 22 राज्यों के कलाकारों को जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कलाकार सहभागिता की दृष्टि से अरुणाचल प्रदेश पार्टनर स्टेट है। गुजरात, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, सिक्किम, उड़ीसा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, मिजोरम, गोवा, केरल, पश्चिम बंगाल, असम, हिमाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, झारखंड व पंजाब के कलाकार उत्तर प्रदेश में आकर जनजाति भागीदारी उत्सव में सहभागी बन रहे हैं। यहां हस्तशिल्प व कला प्रदर्शनी, व्यंजन मेला और जनजाति साहित्य को समर्पित साहित्यिक व विकास मंच भी है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की आबादी यूपी में कम है। पहले सरकारी नौकरी के विज्ञापन निकालते थे, तो अनुसूचित जाति की पूरी सीटें नहीं भरी पाती थीं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उज्जवल कांड में एसपी की वादा खिलाफी को लेकर रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** छह दिन बीत जाने के बाद भी छात्र उज्जवल राणा आत्महत्या कांड में नामजद हुए मुख्य आरोपी अरविंद गर्ग और उसका साथी प्राचार्य प्रदीप कुमार पुलिस की पकड़ से अभी तक भी बहुत ही दूर हैं।

खबर है कि सब आरोपी अपना बचाव करने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गये हैं। उधर आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने पर लोगों में पुलिस के प्रति भारी रोष पनप रहा है। चर्चा के अनुसार मृतक छात्र उज्जवल राणा की 16 नवम्बर की तेरहवीं कार्यक्रम में कोई भी बड़ा निर्णय लिया जा सकता है और चर्चा ये भी चल रही है कि मुख्य आरोपी अरविंद जिस जाति से है उस जाति के कुछ प्रभावशाली नेता अरविंद गर्ग को बचाने के प्रयास में जोरदार तरीके से लगे हुए हैं। यही बात दूसरे आरोपी के साथ चल रही है। मृतक के परिजन इन चर्चाओं को लेकर अब अपने आपको ठगा सा महसूस करने लगे हैं। उधर इस मामले की



जांच सब इंस्पेक्टर छविकांत चौहान बड़ी ही बारीकी से कर रहे हैं। जो किसी भी आरोपी को बख्शने के मूड में नहीं हैं।

## उज्जवल के घर पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल

**बुढ़ाना।** डीएवी डिग्री कॉलेज के छात्र उज्जवल की मौत के मामले में जानकारी लेने आए सपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने उज्जवल राणा के चाचा से बात की। समाजवादी छात्र सभा की राष्ट्रीय सचिव दुर्गा शर्मा ने परिजनों से 6 नवंबर से अब तक के घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि वे अपनी रिपोर्ट सपा हाईकमान को सौंपेंगी। अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का एक प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को छात्र उज्जवल के घर पहुंचा तथा परिजनों से बात की। सपा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही सपा छात्र सभा की राष्ट्रीय सचिव दुर्गा शर्मा ने बताया कि घटनाक्रम के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करने का उन्हें निर्देश मिला है। अघखिलेश यादव के निदेश पर वे अपनी टीम के साथ यहां पहुंची हैं। टीम ने परिजनों को सांत्वना दी और कहा कि छात्र उज्जवल की असमय व दर्दनाक मृत्यु ने मन को गहराई तक झकझोर कर रख दिया है। इस ह्रदय विदारक घटना के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। आपको न्याय मिलेगा। पार्टी द्वारा आर्थिक सहायता मिलेगी। परिवार के एक सदस्य को रोजगार देने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। प्रदेश में आरटीआई कानून पूर्णत लागू हो इसकी मांग भी की जाएगी। वे अपनी रिपोर्ट हाईकमान को सौंपेंगी। यहां बाबर चौहान, राजेश बैंसला, वसीम राणा, हिमांशु चौधरी, रोहित माथुर, वंश चौधरी, सपा नगर अध्यक्ष ताज जिया व प्रदीप डबास समेत कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खंगाला जा रहा है डीएवी डिग्री कालेज का रिकार्ड

**बुढ़ाना।** छात्र उज्जवल राणा के द्वारा की गयी आत्महत्या के बाद विवादों में आए डीएवी डिग्री कालेज का रिकार्ड बुधवार के दिन खंगाला गया। चर्चा में भी रही की जिस भूमि पर कालेज बना है उसकी पैमाइश भी की गयी है लेकिन प्रशासन के द्वारा इसकी पुष्टी नहीं की गयी।

## डीएवी के छात्र अब फार्म शाहपुर में कर सकेंगे जमा

**बुढ़ाना।** छात्र उज्जवल राणा आत्महत्या प्रकरण के चलते छात्र नेता वीशू मलिक ने एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण जानकारी देते हुए एक वीडियो जारी करते हुए बताया कि डीएवी डिग्री कालेज बुढाना के छात्र छात्राएं अपने अपने एग्जामिनेशन फार्म ओनलाइन भरवा लें। आपके फार्म शाहपुर के राजकीय गर्वनमेंट कालेज में सबमिट करने को बोल दिया गया है।

## फरार मुख्य आरोपी के खिलाफ फिर खुलकर सामने आया आर्य समाज

**बुढ़ाना।** छात्र उज्जवल राणा की मौत के बाद चर्चाओं में आए डीएवी कालेज बुढ़ाना के फरार मुख्य अभियुक्त अरविंद गर्ग के खिलाफ आर्य समाज एक बार फिर खुलकर सामने आ गया है।

आर्य समाज सभा के मंत्री अनूप सिंह राठी आर्य ने बताया कि डीएवी हायर सेकेंडरी स्कूल बुढ़ाना आर्य समाज बुढ़ाना की संपत्ति है जिसकी स्थापना सन् 1928 में हुई थी। प्रबंधक अरविंद गर्ग ने फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से आर्य समाज की जमीनों पर कब्जा कर निजी स्कूलों का संचालन शुरू कर दिया था। अरविंद गर्ग ने चकबंदी अधिकारियों और शिक्षा विभाग के कुछ अफसरों से मिलीभगत कर आर्य समाज की लगभग 25 बीघा जमीन पर डीएवी पब्लिक कॉलेज सीबीएसई बोर्ड और 55 बीघा जमीन पर डीएवी डिग्री कॉलेज का संचालन किया हुआ है। अरविंद गर्ग एक भू माफियाश है। जिन्होंने आर्य समाज की जमीनों पर लगभग 14 स्कूल खड़े कर लिए हैं। बुढ़ाना डाकखाना और गर्ग का निजी निवास भी आर्य समाज की संपत्ति पर बना है। आर्य समाज की संपत्तियों को वापस पाने के लिए अब एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। कॉलेज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि अरविंद गर्ग ने फर्जी सदस्यता सूची बनाकर विश्व. विद्यालय को गुमराह किया और कॉलेज प्रबंधन का पद हथिया लिया। अरविंद गर्ग ने कॉलेज परिसर की जमीन पर अवैध निर्माण कर करीब 100 दुकानें बना दी और मैदान को नष्ट कर दिया। सचिन कुमार आजीवन सदस्य आर्य विद्या सभा ने कहा कि करीब 100 बीघा सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा कर कॉलेज को निजी संस्थान इन गंभीर आरोपों के बीच कॉलेज प्रबंधक पर छात्रों व शिक्षकों के उत्पीड़न के भी आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों और आर्य समाज सदस्यों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे व्यापक आंदोलन करेंगे। आरोपी अरविंद अभी फरार है। अब देखना यह है कि मुख्य आरोपी अरविंद गर्ग के विरु) आर्य समाज सभा क्या एक्शन लेती है या फिर उसको संरक्षण देने वाले अरविंद गर्ग को इस मामले में बचा पाते हैं या नही इस पर भी सब की निगाहें लग गयी हैं।

# एसआईआर अभियान: प्रशासन ने मांगा सभासदों का सहयोग

### निर्धारित फार्म न बांटने वाले बीएलओ की लापरवाही पर उठाए सवाल

**मुजफ्फरनगर।** मतदाता सूचि के पुनरीक्षण को लेकर चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसआईआर सोशल इंसेंटिव रिवीजन अभियान को प्रभावी बनाने के लिए अधिकारी एक्टिव मोड पर आ गए है।

इसी क्रम में नगर पालिका के सभासदों के साथ प्रशासन ने गुरूवार को टाउनहाल स्थित सभाकक्ष में बैठक कर सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर ने सभासदों से सहयोग की अपील की, सभासदों ने बैठक में यह भी आरोप लगाया कि कई क्षेत्रों में बीएलओ लोगों से संपर्क तक नहीं कर रहे, जिससे जनता में असंतोष है बैठक के दौरान कई सभासदों ने शिकायत की कि ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बीएलओ) नियमानुसार कार्य नहीं कर रहे हैं। उनका कहना था कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करने की बजाय नाम मात्र का कार्य कर रहे हैं, जिससे नए मतदाताओं के नाम जुड़ने में दिक्कत आ रही है। इन शिकायतों पर सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर ने सभासदों को आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव है, और इसमें किसी प्रकार की त्रुटि नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने सभासदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में जनता को जागरूक करें, पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें तथा बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि पात्र व्यक्ति का नाम सूची से छूटना या अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल होना, दोनों ही स्थितियां लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अनुचित हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने मताधिकार के प्रति सजग रहे और मतदाता सूची में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। यहां ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने सभासदों से कहा कि प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि पुनरीक्षण अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। इस दौरान मुख्य रूप से सभासद कुसुमलता पाल, योगेश मित्तल, अमित पटपटिया, शौकत अंसारी, इरशाद हकीम, नवनीत गुप्ता, मौहम्मद खालिद, उमरदराज, अब्दुल सत्तार, देवेश कौशिक, बॉबी सिंह, ममता बालियान, मौहम्मद आदिल, नौशाद खां, प्रशांत गौतम, विजय कुमार चिंटू, प्रियांक गुप्ता, मो. हित मलिक के अलावा सभासद पति नदीम खां, हसीब राणा, गुलरेज, शाहिद आलम, सुन्दर सिंह, प्रमोद अम्बेडकर आदि मौजूद रहे।



सभासदों की शंकाओं को दूर करते नगर मजिस्ट्रेट।



मुजफ्फरनगर: एसआईआर अभियान की बैठक में सहयोग का आश्वासन देते सभासद।




मुजफ्फरनगर: ओवर लोड वाहनों से हो रही दिक्कतों पर निर्देश देते एसपी ट्रेफिक।

# ओवरलोडिंग को लेकर एसपी ट्रैफिक ने की बैठक

**मुजफ्फरनगर।** ओवरलोड गन्ना ट्राली और ट्रकों की बढ़ती संख्या को लेकर यातायात पुलिस गंभीर है और पुलिस प्रशासन के सामने आये दिन संगीन दुर्घटना सामने आ रही है। इसी को लेकर पुलिस प्रशासन ने ओवरलोड गन्ना ट्राली व अन्य भारी वाहनों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है।पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें गन्ना प्रबंधकों, ट्रांसपोर्ट संचालक, पेपर मिल, ट्रांसपोर्ट प्रबधकों को सुरक्षा से सम्बन्धी जानकारी देकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये है। गुरुवार को पुलिस लाईन में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुशील कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने दुर्घटना रोकने के लिए कहा कि गन्ना परिवहन में सुरक्षा मानको का पालन करने पर ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। एसपी ट्रेफिक अतुल कुमार चौबे ने कहा कि ओवर लोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि वाहन चालक व वाहन स्वामी निर्धारित क्षमता से अधिक गन्ना न ले जाये और ओवरलोड वाहन से हर समय खतरा बना रहता है और ओवरलोड वाहनों से मार्ग पर गुजरने वाले राहगीरों को भी खतरा रहता है। एसपी ट्रैफिक ने निर्देश दिया कि रात्रि के समय गन्ना ट्रक और ट्रैक्टर-ट्राली अपने-अपने वाहनों पर रिफलेक्टर टेप, रेड लाईट, और जेन्डर साईन बोर्ड को जरूर लगाये। उन्होने यह भी कहा कि नशा करने पर कोई भी वाहन मिला तो कार्यवाही होगी। वाहन चालक व स्वामी लोडिंग के समय विशेष सावधानी बरते और उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस सख्ती के साथ नियमों का पालन करायेगी

# एसडी पब्लिक स्कूल पर अभिभावकों का हंगामा

### रोडवेज बसों के स्कूल के बाहर खड़े रहने से नाराज हैं अभिभावक

**मुजफ्फरनगर।** रेलवे स्टेशन व रोडवेज के निकट एसडी पब्लिक स्कूल के बाहर हर समय रोडवेज बसो का खडा होना और बसों को तेज गति से चलाने को लेकर मासूम छात्र के परिजनों ने हंगामा किया। अभिभावक काफी समय से गेट के सामने अवैध रूप से बने बस स्टैण्ड को लेकर कई बार शिकायत कर चुके थे लेकिन इसका निस्तारण नही किया गया।

गुरुवार को छात्र के अभिभावक एकत्र होकर स्कूल पहुंच गये और उन्होंने स्कूल के मैनेजमेंट से सख्त लहजे में बात की। अभिभावकों का कहना था कि इस स्कूल के बाहर व गेट के बाहर रोडवेज बसों का स्टैंड तो बना है ही तथा इस स्थान रोडवेज के चालक गाडी को तेजी से लाते है जिससे यहां हर समय अनहोनी की आशंका बनी रही है। अभिभावकों नें स्कूल मैनजमेंट को कहा कि यदि बसों की तेज रफतार व स्कूल के गेट के बाहर रोडवेज बसों का खडा होना नही हुआ तो अभिभावकों गेट के बाहर धरने पर बैंठेगे।

बता दे एसडी पब्लिक स्कूल का जूनियर विंग व रेलवे स्टेशन के निकट है और यहां पर अधिकारियों का आवास भी है। लेकिन इसके बावजूद भी यहां अवैध रूप से बनों का स्टैण्ड बना हुआ है। जिससे आने-जाने वाले मासूम छात्रों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अभिभावकों का कहना था कि चौपले से स्कूल तक पहुंचने के लिए बडी कठिनाई उठानी पडती है। अभिावको ने यह भी कहा कि उन्होंने पालिकाध्यक्ष व सम्बन्धित अधिकारी को लेकर शिकायत कर निस्तारण की मांग लेकिन स्कूल निकट बसों को ठहराव नही रूका। अभिभावकों ने स्कूल के बाहर यातायात पुलिस कर्मियों की डयूटी की मांग भी की। इस मामले में रोडवेज अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कोई निस्तारण नही हुआ। आखिर में अभिभावकों ने स्कूल मैनेजमेंट को 10 दिन का समय दिया और चेतावनी कि यदि निस्तारण नही हुआ तो वह गेट के बाहर धरना देने को मजबूर होंगे।

# भव्य और दिव्य सतरंगी छटा से महका एम.जी. पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एम.जी. पब्लिक स्कूल में बच्चों के उत्साह, संस्कृति और कला का रंग बिखेरता दो दिवसीय वार्षिकोत्सव एम.जी. पैनोरमा 2025 बुधवार को भव्य वातावरण में धूमधाम के साथ बुधवार 12 नवंबर, 2025 को मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल युवा विंग के अध्यक्ष एवं बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान, याशिका चौहान एवं एडीजे निशांत सिंगला की उपस्थिति में शुरू हुआ।

शुभारंभ अवसर पर अतिथियों ने एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश चंद गोयल, सचिव विकास गोयल, सदस्य वैभव गोयल तथा एम.जी. पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन भीम सैन कंसल, कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल, मधु गोयल एवं मेघा गोयल के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर मंचीय प्रस्तुतियों का औपचारिक उद्घाटन किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और स्कूल परिवार का हृदयपूर्वक स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा मां सरस्वती की वंदना और अतिथियों के स्वागत में समर्पित नृत्य प्रस्तुतियों के साथ हुई। नर्सरी और केजी कक्षाओं के नन्हें बच्चों ने इंद्रधनुष के सात रंगों की सतरंगी छटा को समर्पित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्त मीराबाई की भक्ति, आस्था और जीवन पर आधारित नृत्य-नाटिका 'वैभव से वैराग्य की ओर प्रस्तुत कर भक्तिभावपूर्ण माहौल तैयार किया। कक्षा 3 और 4 के छात्रों ने बॉलीवुड बीट आधारित 'मेलोडी ऑफ सिल्वर स्क्रीन प्रस्तुति में अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भगवान शिव की भक्ति और शक्ति को समर्पित 'ज्योतिर्मय शिव प्रस्तुति में दर्शकों को देश के 12 दिव्य ज्योतिर्लिंगों का दिव्य दर्शन कराते हुए भगवान शिव की भक्ति के साथ जोड़ने का सुन्दर प्रयास किया गया।भारतीय संस्कृति और कला को समर्पित 'ए टेपोस्ट्री ऑफ वाइब्रेंट कल्चर में देश के सभी राज्यों की सांस्कृतिक झलक दिखी। इसके अलावा धार्मिक स्थलों जैसे काशी, अयोध्या, उज्जैन और जगन्नाथ पुरी के प्रमुख मार्गों को समर्पित 'कोरिडोर ऑफ डायवाइनिटी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के अंत में पंजाब की जीवंत और चुलबुली संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुति 'विरसा पंजाब दा ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और अतिथियों के द्वारा वार्षिक परीक्षा, खेलकूद एवं अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान किया। इनमें सीबीएसई नॉर्थ जोन बॉक्सिंग प्रतियोगता में सिल्वर मेडल जीतने वाले छात्र शौर्य मलिक, नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले हर्ष गोयल, राशि गोयल और चीना कुमारी मुख्य रूप से शामिल रहे। मुख्य अतिथि सांसद चंदन सिंह चौहान ने बच्चों की प्रस्तुति और स्कूल प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि एम.जी. पब्लिक स्कूल ने न केवल शैक्षणिक बल्कि सांस्कृतिक और कलात्मक क्षेत्रों में भी उत्कृष्टता का परिचय दिया है। इन मंचीय प्रस्तुतियों के सहारे जिस प्रकार से सनातन संस्कृति को आधार बनाया गया, वो प्रशंसनीय है, ऐसे ही कार्यक्रम बच्चों को संस्कारवान बनाने में सहायक साबित होते हैं। यह विद्यालय विद्यार्थियों में विविध प्रतिभाओं को निखारने का मंच प्रदान करता है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने भी बच्चों के समर्पित प्रदर्शन और शिक्षक गणों के अथक प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में आत्मबिश्वास और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम के अंत में एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश चंद गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया और बच्चों के साथ ही शिक्षकों की भी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आलोक स्वरूप, अनिल स्वरूप, माधवी स्वरूप, राकेश बिन्दल, डॉ. एमके बंसल, डॉ. अविनाश रमानी, राजीव जैन, नीना जैन, डॉ. स्वाति अग्रवाल, दिनेश मोहन एडवोकेट, शिवचरण दास गर्ग, विनोद संगल, राज. ेश गोयल, अभिमन्यु मित्तल, सीए अजय अग्रवाल, रीना अग्रवाल, एडीजीसी विक्रांत राठी, सत्यवीर सिंह, वरदान चौधरी, राशि चौधरी, मीनू गोयल, अजित पंवार, अमित कुमार, सभासद राजीव शर्मा, सभासद मनोज वर्मा, मिनाक्षी मित्तल, केके अनन्त आदि गणमान्य अतिथि एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के साथ नन्हे मुन्ने बच्चे।

# पुलिस कार्यालय पर आज भी उठी 'उज्जवल राणा को न्याय दो' की मांग

**मुजफ्फरनगर।** छात्र उज्जवल राणा आत्मदाह कांड का मामला ठंडा नही हो पा रहा है। गुरुवार को भी छात्र और भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने पुलिस कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि आत्महत्या प्रकरण में कॉलेज प्राचार्य प्रदीप कुमार व अन्य को अभी तक पुलिस गिरफ्तार नही कर सकी। यह भी आरोप था कि कालेज के प्राचार्य आत्मदाह कांड के मुख्य आरोपी है। इस दौरान प्रदर्शन करने छात्र एवं भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस की नोक-झोक भी हुई भीड के बीच पहुंचे एसपी सिटी ने कार्यवाही का आश्वासन दिया और कहा कि पुलिस आरोपियों की गिरफतारी के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं

बता दे कि 8 नवम्बर को बुढाना स्थित डीएवी पीजी कॉलेज के छात्र उज्जवल ने फीस विवाद में पैट्रोल छिडककर आग लगा ली थी और दिल्ली के अस्पताल में 9 नवम्बर को उसकी मौत हो गई थी। उस समय आरोप लगा था कि फीस विवाद में कॉलेज प्रशासन के व्यवहार से आहत होकर छात्र ने अपनी जान दी है। छात्र की मौत के बाद यह मामला पूरी तरह गर्मा गया था और धरना प्रदर्शन का दौरान शुरू हो गया था। इस मामले को लेकर कुछ संगठनों ने पंचायत भी की और किसान यूनियन ने कॉलेज प्रशासन पर कार्यवाही की मांग को लेकर आन्दोलन तेज कर दिया था। उधर पुलिस ने छात्र उज्जवल राणा की बहन सलोनी राणा द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया और पुलिस ने इस मामले में आरोपी बनाये गये पीटीआई संजीव को गिरप्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में कालेज के प्रचार्य प्रदीप कुमार, प्रबंधक अरविन्द कुमार गर्ग की गिरफतारी नही हो सकी। इसी मामले को लेकर गुरुवारको डीएवी पीजी कॉलेज व अन्य कॉलेजों के छात्र पुलिस कार्यालय पहुंचे इस दौरान भाकियू अराजनैतिक के प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक भी यहां पहुंचे और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप था कि पुलिस इस मामले में आरोपी को बचाने का प्रयास कर रही है। काफी देर तक यहां गहगहमी चलती रही। इस दौरान सिविल लाईन थाना प्रभारी आशुतोष कुमार पुलिस टीम के साथ यहां पहंचे और उन्होंने लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन इसके बाद भी गहगहमी चलती रही। धर्मेन्द्र मलिक का



कहना था कि पुलिस ने तीन दिन का समय मांगा था और वह समय खत्म हो चुका है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अभी पीडिता तो कोई मुआवजा भी नही मिला। उन्होंने बुढाना के कुछ पुलिसकर्मियों पर भी आरोप लगाये। उधर एसपी सिटी नारायण प्रजापत प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे और जल्द ही गिरफतारी का आश्वासन देकर कहा कि पुलिस लगातार कार्यवाही के लिए भागदौड कर रही है। इस दौरान सुधीर पंवार, वीशू मलिक, कपिल बालियान, शहजाद राव, सुधीर पंवार आदि मौजूद रहे।

# रात भर हुआ काल भैरव जी का गुणगान, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल क्षेत्र के गांव कल्लरपुर में स्थित श्री महाकाल बटुक भैरव बाबा सिद्ध पीठ मंदिर में भैरव अष्टमी महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। रात्रि में मां भगवती का जागरण, काल भैरव जी का रुद्राभिषेक और यज्ञ किया गया। रात भर काल भैरव जी के गुणगान में श्रद्धालु झूमते रहे।

एसएसपी के द्वारा विधि विधान के अनुसार काल भैरव जी की पूजा अर्चना की गई।



इसके बाद मां भगवती की ज्योत प्रज्वलित करते हुए जागरण का शुभारंभ हुआ। अलीगढ़ से आए कलाकार तरुण बालियां व अन्य कलाकारों ने महाकाल के भजनों व काल भैरव जी के भजनों का गुणगान किया। रात भर श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। इस बीच रात्रि 12:00 बजे काल भैरव जी का विधि विधान के अनुसार भक्तों के द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। रात्रि 2:00 बजे विशाल यज्ञ का शुभारंभ हुआ जिसकी पूर्णाहुति सुबह 6:00 बजे संपूर्ण हुई। काफी श्रद्धालुओं ने जग में आहुति देखा धर्म लाभ उठाया। इसके बाद मां भगवती और महाकाल भैरव जी की विशाल आरती की गई आरती के बाद प्रसाद एवं भंडारे का वितरण किया गया। इस दौरान ठाकुर नकली सिंह, आचार्य पंडित सरवन शर्मा, कुलदीप शर्मा, ठाकुर रामकुमार पुंडीर, ठाकुर अमित पुंडीर, राजकुमार पुंडीर, हरपाल सिंह चौहान, अमन चौहान, अभय प्रताप,भूमेश, सोनू कुमार, संजू कुमार, नीरज कुमार, मुकेश धीमान, पवन पांचाल, कमल राणा, जयवीर कुमार, शांति देवी, उषा देवी, ममता देवी, दीपिका देवी, प्रियंका देवी, अंजना देवी, सोनिया, वैष्णवी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# लापरवाह बीएलओ पर बरसीं एसडीएम निकिता शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** प्रदेशभर में चल रही विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर जहां शासन पूरी गंभीरता से जुटा है, वहीं कई बीएलओ की लापरवाही प्रशासन के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। इसी को देखते हुए गुरुवार को एसडीएम निकिता शर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए लापरवाह बीएलओ को कड़ी चेतावनी दी। सुबह से देर शाम तक एसडीएम ने अपने कार्यालय में ऑनलाइन बैठकें कीं और एक-एक बीएलओ से सीधे संवाद कर कार्य प्रगति की जानकारी ली। जब कई बीएलओ संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके, तो एसडीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट कहा एसआईआर प्रक्रिया शासन की शीर्ष प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में तहसीलदार अरविंद कुमार और नायब तहसीलदार राजीव त्यागी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि प्रत्येक बीएलओ अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें और निर्धारित समय में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सूत्रों के अनुसार, कुछ बीएलओ बीमारी का बहाना बनाकर डड्ूटी से बच रहे हैं, जबकि कई की फील्ड से अनुपस्थिति की शिकायतें भी मिली हैं।

इस पर एसडीएम ने ऐसे बीएलओ की सूची तलब की है ताकि उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जा सके। दोपहर बाद एसडीएम स्वयं फील्ड में उतरीं और बीएलओ की उपस्थिति व कार्यप्रणाली का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही ऑनलाइन फीडिंग प्रक्रिया और



तकनीकी पहलुओं को समझाते हुए बीएलओ को सुधार के निर्देश दिए। प्रशासन की इस सख्ती के बाद तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया है। माना जा रहा है कि यदि आने वाले दिनों में कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ, तो कई बीएलओ के निलंबन की कार्रवाई तय मानी जा रही है।एसडीएम निकिता शर्मा ने सख्त लहजे में कहा ह्हर बीएलओ को प्रतिदिन क्षेत्र में जाकर घर-घर सत्यापन कार्य करना अनिवार्य है। झूठे बहाने या अनुपस्थिति पर अनुशासनात्मक कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी।

# एमडीएस विद्या मन्दिर में तीन दिवसीय स्कूल स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ

**मन्सूरपुर।** एमडीएस विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, मन्सूरपुर में आज तीन दिवसीय वार्षिक स्कूल स्पोर्ट्स मीट 2025 का शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे झंडों और गुब्बारों से सजाया गया था, जो उत्साह और ऊर्जा का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था।

सर्वप्रथम माताजी श्रीमति रो. हताश कली एवं अनिल शास्त्री के सानिध्य में यज्ञ किया गया। इसके उपरान्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 रणवीर सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इ0 कॉलिज कवाल, राजीव कुमार,सदस्य बाल कल्याण समिति,प्रमोद कुमार, जिला खेल प्रभारी मु0नगर,प्रदीप लाल खेल प्रभारी-खातौली,विकास मोतला,रेव्रन एस0 गिल,अति विशिष्ट अतिथि, आनन्द देव मिश्रा थानाध्यक्ष-मन्सूरपुर, बालिस्टर त्यागी,दिलशाद त्यागी,अरूण



कुमार थाना मन्सूरपुर, एवं विशिष्ट अथिति प्रवेन्द्र दहिया प्रधानाचार्य होली चाईल्ड पब्लिक इ0 कालिज,रजनीश कुमार, पंकज धीमान प्रधानाचार्य होली वे पब्लिक स्कूल, संजय कुमार श्रीवास्तव शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक मु0नगर, रिंकुश बालियान, प्रवेन्द्र प्रताप सिंह मैनेजर एवं रामगोपाल यू0पी0 ग्रामीण बैंक के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पार्पित करके किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संदीप कुमार, प्रधानाचार्य अनिल कुमार एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। इसके उपरान्त प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्य द्वारा अथितियों को पौधा एवं अंग वस्त्र पहनाकर एवं बालिक. ाओं के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

इसके उपरान्त पर सभी अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण एवं गुब्बारों को उड़ाकर स्पोर्ट्स मीट का उद्घाटन किया। विद्यार्थियों ने चारों हाउस – आजाद हाउस, भगत हाउस, पटेल हाउस और सुभाष हाउस के बैनरों के साथ तालब) मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। मार्च पास्ट के बाद ध्वजारोहण और खिलाड़ियों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।विद्यालय के खेल शिक्षक अंकित खेरवाल ने बताया कि आने वाले दो दिनों में 100,200,400 एवं 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद, बोरी दौड़, टेबिल टेनिस क्रिकेट,कबढी, खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, शार्टपुट, डिस्कस थ्रो, टग ऑफ वॉर, और रिले रेस आयोजित की जाएँगी।

# दिलशाद ने उपचार के चलते 10वें दिन तोड़ा दम

**बुढ़ाना।** किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए दिलशाद राणा ने आज दसवें दिन मेरठ के एक निजी हस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड दिया। उधर मृतक के परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी दिलशाद राणा बीती 04 नवम्बर को बाइक पर सवार होकर मेरठ कुछ काम था रहा था। जब वह रात के समय अपने गांव जौला वापस लौट रहा था तो मेरठ जनपद की नानू नहर पर किसी अज्ञात तेज र"तार वाहन के चालक ने दिलशाद राणा की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी और फरार हो गया था। उधर मौके पर पहुंची मेरठ पुलिस ने गंभीर रूप से घायलघ् हुए दिलशाद राणा को मेडिकल में भर्ती कराते हुए घटना की सूचना परिजनों को दे दी थी। आज बृहस्पतिवार की सुबह दसवें दिन दिलशाद राणा ने उपचार के चलते एक निजी हस्पताल में दम तोड दिया। परिजनों में चीख पुकार मच गयी। परिजनों ने शव को बिना पोस्टमार्टम कराए आज सायं के समय गांव जौला के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया। दिलशाद राणा की मौत को लेकर गांव में शोक व्याप्त है। दिलशाद राणा मोबाइल फोन के टावर लगाने का काम करता था। मृतक दिलशाद राणा के चार पांच बच्चे बताए गये हैं।

# छपार से शुरू हुई एकता यात्रा पर जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर पुरकाजी ब्लाक के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा छपार से रामपुर तक पैदल यात्रा का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान ने यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा के बाद एक सभा में मुख्य अतिथि ने कहा कि यात्रा का मकसद युवाओं को पटेल के बारे जानकारी देना है। बृहस्पतिवार को छपार के जय भारत इंटर कालेज में भाजपा के कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में एकत्र हुए ओर वहां पैदल यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजीव बालियान ने फीता काटकर किया। यात्रा में जय भारत इंटर कालेज के छात्र भी शरीक हुए। यात्रा का हाइवे के बिजोपुरा, बढ़ेडी, सिसा. ेना, शहीद स्मारक पर ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल बरसा कर जोरदार स्वागत किया। सिसा. ेना व रामपुर तिरंगा चौक पर जहां यात्रा का समापन हुआ।

कार्यकर्ताओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। यात्रा में कार्यकर्ताओं में भरपूर जोश दिखाई दिया यात्रा में शामिल कार्यकर्ता जोर-शोर से नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। यात्रा समापन के बाद रामपुर बाईपास पर स्थित एक बैंकट हाल में सभा का आयोजन किया गया जिसमें संजीव बालियान ने कहा कि प्रधानमंत्री का सूत्र है कि महापुरुषों से देश में बदलाव करेंगे। जब वे पहली बार प्रधानमंत्री बने तो गुजरात में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति स्थापित कराई जिसमें पूरे देश से लौहा इकठा किया गया अब उनका नाम फिर दोबारा जनता के बीच आया है। यात्रा का मकसद युवाओं को उनके बारे में जानकारी देना है। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल जोगेंदर गुर्जर, अरुण त्यागी, प्रवीण कुमार जिंप सदस्य ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बोला सिंह चेयरमैन गन्ना समिति, अमित चौधरी प्रमुख सदर ब्लाक, अमित रावल ज़िप सदस्य, गजे सिंह,सुशील त्यागी, धर्मेन्द्र तोमर, मामेश ठाकुर, राजकुमार त्यागी, आदि मौजूद रहे।

# मीरांपुर पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में चलाया चैकिंग अभियान

**मीरापुर।** थाना प्रभारी राम. राज रवेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गंगा बैराज चौकी पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान उपनि. रीक्षक शिवदत्त सिंह व चीता पुलिस टीम ने क्षेत्र में आने-जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की।

अभियान के दौरान पुलिस ने बिना नंबर प्लेट, बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट एवं आवश्यक दस्तावेजों के बिना वाहनों को रो. ककर जांच की और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। थाना प्रभारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हर नागरिक को यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। रामराज पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें तथा गाड़ी के सभी दस्तावेज पूरे रखें। इस दौरान पुलिस ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि नियमों का पालन न केवल कानूनी जिम्मेदारी है बल्कि स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## जानलेवा हमले का आरोपी पुलिस ने दबोचा

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम तुल्हेड़ी में एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में मीरापुर पुलिस ने तेजी दिखाते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि ग्राम तुल्हेड़ी निवासी सचिन कुमार पुत्र जयपाल पर गांव के ही दीपू पुत्र मेघराज ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया था, जिससे सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मामले की जानकारी मिलने पर सचिन के भाई ने थाना मीरापुर में तहरीर दी, जिसके आधार पर दीपू पुत्र मेघराज और अज्ञात साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस एवं एंटी रोमियो टीम ने संयुक्त अभियान चलाते हुए मुखबिर की सूचना पर आरोपी दीपू को खतौली रोड स्थित नई बस्ती से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस सख्त कार्रवाई जारी रखेगी।

# अब कांग्रेस में शामिल हुए डाक्टर देवेंद्र मलिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बीते दिन आम आदमी पार्टी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी में अपने दर्जनों समर्थकों के साथ शामिल हुए गांव फुगाना निवासी डाक्टर देवेंद्र मलिक ने आज बृहस्पतिवार के दिन दिल्ली में आयोजित की गयी एक प्रैस वार्ता के दौरान बताया कि डूबते हुए देश को सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस की संभाल सकती है। उन्होंने कांग्रेस में आने की घोषणा नई दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय मे कांग्रेस अनुसूचित विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार राजेन्द्र पाल गौतम की मोज. ूदगी में की। उनके साथ कांग्रेस में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से



फुरकान प्रधान, रविकांत उद्यान, यशपाल चौधरी, मनोज कुमार, अंकित कुमार और जगमेहर आदि लोग मौजूद रहे।

# पंचायती गुरूद्वारे में प्रकाश पर्व पर कीर्तन दरबार का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** पंचायती गुरुद्वारा पंचदरा समिति के तत्वाधान मे हिंदुओं के गुरु,मुस्लिमों के पीर,बोद्धों के लामा,जात पात, धर्म का भेद मिटाने वाले,सामाजिक समरसता एवं वासुदेव कुटुंबकम की परिकल्पना को साकार करने वाले, संपूर्ण विश्व में भ्रमण कर मानवता को अक्षुण्ण रखने हेतु अपना महान योगदान देने वाले, सुमेर पर्वत पर जाकर योगियों,तपस्वियों एवं सिद्धों को भक्ति का सही मार्ग बताने वाले, कर्मकांड वाह्य आडंबर तथा कुरीतियों से समाज को हटाकर, एक ईश्वर वाद की ओर हम सब का मार्ग प्रशस्त करने वाले, सिख धर्म के प्रवर्तक,स्वयं निरंकार स्वरूप परमात्मा,साहिब श्री गुरु नानक देव महाराज का 556वां पावन प्रकाश पर्व पर महान कीर्तन दरबार का आयोजन भगत सिँह रोड सब्जी मंडी के सामने पंडाल मे किया गया। जिसमे कीर्तनीय जत्था भाई सुखविंदर सिँह जी मेरठ वालो ने गुरुबानी कीर्तन से संगतो को निहाल किया। रात्रि ठीक 10 बजे गुरुद्वारा पंचदरा साहिब के हैड ग्रंथी ज्ञानी गौरव सिँह जी ने अरदास की उपरान्त गुरु का अटूट लंगर संगतो को बड़ी श्रद्धा भाव से छकाया गया। इस अवसर पर श्री गुरु सिँह सभा के मीत प्रधान स. रविंद्र सिँह गंभीर एवं महासचिव सरदार अजीत सिँह मलिक तथा सभी केमेटी सदस्यों एवं योगेश मदान, मीना बांगा, अनिल टंडन, हाजी, बाबा बुड्ढा साहिब के जथेदार देविंदर सिँह कालू आदि को गुरु घर के सर्वोच्च सम्मान सरोपाओ एवं गुरु साहब का फोटो (प्रतीक चिन्ह) देकर सम्मानित किया गया। रात्रि मे ग्रीन आतिशबाजी पंडाल एवं रोड पर संगतो के लिये आकर्षक का केंद्र रही। भगत सिँह रोड को लाइटो से सजाया गया था। कार्यक्रम का संच. ालन सरदार सतनाम सिँह हँसपाल द्वारा



किया गया। इस अवसर पर प्रधान डॉ. प्रतिपाल सिंह कथूरिया, मीत प्रधान सतनाम सिँह हँसपाल, महासचिव सुरेंद्र वर्मा, सचिव कवल वाधवा, कोषाध्यक्ष हरमिंन्द्र सिँह रूपराय,सुभाष साहनी, सतीश अनेजा एड., बलविंदर सिँह सल,गुरूजीत सिँह साहनी, हरजीत सिँह चावला, सुरेंदरदीप सिँह सिड़ाना, जितेंद्रदीप सिँह सिड़ाना, गुरेन्द्र सिँह कोहली, सुनील शर्मा, चरणजीत सिँह बुद्धिराजा, राहुल बजाज, निशु बांगा, राजेश सिँह चन्दौक, हिमांशु, रवि वाधवा, कविश वाधवा,संता सिँह, परमित सिँह, आदि मौजूद रहे।

# माउंट लिट्रा की आईआईटी मद्रास के स्कूल कनेक्ट प्रोग्राम में भागीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए आईआईटी मद्रास द्वारा संचालित स्कूल कनेक्ट प्रोग्राम में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, लॉ जैसे आधुनिक एवं करियर उन्मुख विषयों से परिचित कराया गया।

विद्यालय की शिक्षिका मीनाक्षी मान एवं हिमांशु कुमार ने इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने आईआईटी मद्रास के प्लेटफ़ॉर्म पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रमाणपत्र प्राप्त किए।

इस कार्यक्रम में कक्षा 11 व



12 के निम्नलिखित विद्यार्थियों ने विशेष उपलब्धि हासिल की अधिराज सिंह, कृति सांगवान, करण शर्मा, ग्रेसी सिंह, स्निग्धा सिंह, दिव्या आहूजा, मान्या चौधरी, मानस चौधरी, नक्ष ग्रोवर, ऋधिमा मदान और अवनि गुप्ता।विद्यालय की निर्देशिका चारू भारद्वाज तथा प्रधानाचार्य डॉ. के. जी. अरोड़ा ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इस उत्कृष्ट सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी और विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल सदैव अपने विद्यार्थियों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षित करने और उन्हें 21वीं सदी के कौशलों से सुसज्जित करने के लिए तत्पर रहता है।


**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीमती पुष्पलता शर्मा पत्नी स्व0 श्री सुरेशचंद शर्मा, खसरा नं0-405, ग्राम-भांयगी भंगेला, खतौली, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं0-MZDA/BP/COMP/24-25/0115 के द्वारा अपनी भूमि खसरा नं0-405, ग्राम-भांयगी भंगेला, खतौली, जिला-मुजफ्फरनगर के कुल क्षेत्रफल 2228.00 वर्गमी0 पर "इंटर स्कूल" के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अवगत कराना है कि प्रश्नगत स्थल खसरा नं0-405, ग्राम-भांयगी भंगेला, खतौली, जिला-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग खतौली महायोजना-2021 के अनुसार "कृषि" भू-उपयोग में दर्शित है।

उ0प्र0 विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 के अध्याय-15(आदर्श जोनिंग रेगुलेशन) के प्रस्तर 15.3.2(मैट्रिक्स) के 5.2 के अनुसार "कृषि" भू-उपयोग के अन्तर्गत "इंटर स्कूल" की क्रिया सशर्त अनुमन्य उपयोग(न्यूनतम 18 मीटर चौडे मार्ग पर) के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन/महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग(भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु एक माह की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 01 माह की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल(mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर



**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री श्रीमति सारिका चौधरी मेरे कहने सुनने में नही है। आये दिन मेरे साथ लडाई झगडा व दुर्व्यवहार करती है। इन्ही सब बातों से परेशान होकर मैने अपनी पुत्री से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। मैने अपनी पुत्री श्रीमति सारिका चौधरी को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर कर दिया है। आज के बाद इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदार स्वयं होगी।

**श्रीमति कौशल देवी पत्नि स्व.श्री ओमप्रकाश 60/826, अवध विहार, थाना नई मंडी कोतवाली मुजफ्फरनगर (उ०प्र०)**



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शिवम चौधरी व पुत्रवधु नेहा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने मे नही रहे है। ससुराल वालो के प्रभाव में आकर मेरा पुत्र अपनी पत्नि के साथ मिलकर आये दिन मेरे व परिवार के सदस्यो के साथ गाली गलौच कर लडाई झगडा करते है। मैने उनकी नाजायज हरकतो को देखते हुए अपने पुत्र शिवम चौधरी व पुत्रवधु नेहा को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। यदि उनसे कोई लेन-देन या झगडा फसाद करता है तो वे उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**बालेश चौधरी पुत्र महक सिंह निवासी म.नं० 769, बुढाना मोड, थाना कोतवाली नगर, जिला मुजफ्फरनगर।**


# टेलेंट हब क्रिकेट ट्राफी में एमएस क्लब की रोमांचकारी जीत

**छपार।** शहीद राधेश्याम स्पोर्ट्स स्टेडियम बरला में आयोजित अंडर -19 टैलेंट हब क्रिकेट ट्राफी 2025 के आखिरी मैच में एमएस क्लब मुजफ्फरनगर ने रेलवे मुरादाबाद की टीम को बेहद रोमांचकारी मुकाबले में हराकर प्रतियोगिता जीत ली।

क्षेत्र के गांव बरला में चल रही प्रतियोगिता में गुरुवार को रेलवे मुरादाबाद की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। और निर्धारित 35 ओवर में 169 रन बनाकर एमएस क्लब को जीत के लिए 170 रनों का लक्ष्य दिया। मुकाबला बेहद रोमांचक हुआ। एमएस क्लब आखिरी ओवर में जीत के लिए 11 रनों की जरूरत थी और उनके आठ विकेट गिर चुके थे। परंतु आखिरी गेद पर एक रन बनाकर एमएस क्लब ने ट्राफी 2-1 के अंतर से जीत ली। एमएस क्लब के



कप्तान मनस्वी सिंह के द्वारा आठ विकेट लेने पर मैन आफ दी सीरिज, अर्पित वशिष्ठ को बेस्ट बल्लेबाज चुना गया। आयोजकों ने विजेता टीम के कप्तान मनस्वी को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष मंयक शर्मा ने टीम के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जेबी सिंह, शोएब, निशान्त, अक्षित, उमर, कृष्णा, आदित व प्रणव कुमार मौजूद रहे

# वन विभाग ने शिकार रोकने हेतु ग्रामीणों से सहयोग मांगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्य वन्यजीव बारहसिंगा, अभ्यारण्य, मोरना रेंज शुक्रताल अभ्यारण्य क्षेत्र में ग्रामीणों, किसानों, बेरोजगार व्यक्तियों, क्षेत्र के गणमान्य लोगों तथा वन विभाग के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

अभ्यारण्य क्षेत्र में ग्रामीणों, किसानों, बेरोजगार व्यक्तियों, क्षेत्र के गणमान्य लोगों तथा वन विभाग के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय वन अधिकारी रविकांत, फॉरेस्ट दरोगा, वनकर्मी तथा क्षेत्र के अनेक सम्मानित व्यक्तियों अमित राठी, ज्ञान सिंह सैनी (पूर्व प्रधान, शुक्रताल), राजीव चौधरी (पूर्व प्रधान, रहमतपुर), मदनपाल प्रधान, पप्पू चौहान (मास्टर), संजय चौहान (प्रधान), और आचार्य अजय कृष्ण महाराज (भागवत कथा वाचक) सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य बैठक का प्रमुख लक्ष्य अभ्यारण्य क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाना तथा ग्रामीणों व कृषकों की समस्याओं का समाधान करना रहा। क्षेत्रीय वन अधिकारी रविकांत ने उपस्थित लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और अभ्यारण्य क्षेत्र के नियमों एवं विनियमों की जानकारी देकर सभी को जागरूक किया, ताकि कोई अनजाने में अपराध या उल्लंघन न हो। **ग्रामीणों द्वारा उठाए गए प्रमुख मुद्दे** ग्रामीणों, कृषकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने वन विभाग के सामने निम्न महत्वपूर्ण समस्याएँ रखीं जिनमें व्यक्तिगत उपयोग के लिए खादर क्षेत्र से पशुओं हेतु रेत लेने की अनुमति। सूखे एवं मृत वृक्षों की टहनियाँ घरेलू उपयोग हेतु लेने की अनुमति। ग्रामीणों को अभ्यारण्य क्षेत्र में लकड़ी चुनने देने का अधिकार। पशुओं को बिना रोक-टोक चराने की सुविधा। लगानी भूमि एवं वन विभाग की भूमि का स्पष्ट सर्वे कराकर विवादों एवं अतिक्रमण की समस्या का समाधान। शिवपुरी, कल्याणपुर, महमूदपुर डूंगर आदि ग्रामों में लंबित सर्वे कार्य को समय पर पूरा कर ग्रामीणों को उनकी भूमि पर अधिकार दिलाना। ग्राम समाज की अभ्यारण्य क्षेत्र में आने वाली भूमि पर कार्य की अनुमति विभागीय नियमों के अनुसार प्रदान करना। मंदिर, धर्मशाला एवं आश्रमों के लिए आवश्यक रेत की उपलब्धता सुनिश्चित करना। अभ्यारण्य क्षेत्र में गोबर, गौसे, बीतोडा, कुरड़ी आदि के कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप न किया जाए क्योंकि यह क्षेत्र ग्रामीणों की जीविका का महत्त्वपूर्ण आधार है। ग्रामीणों ने बताया कि गंगा तट का यह क्षेत्र बार-बार बाढ़ से प्रभावित रहता है, जिससे फसलें नष्ट हो जाती हैं। अत: गंगा से प्राप्त संसाधनों का उपयोग उनके जीवन-यापन के लिए अत्यावश्यक है। **वन विभाग की प्रतिक्रिया और समाधान** सभी विषयों पर चर्चा के बाद क्षेत्रीय वन अधिकारी रविकांत ने निम्न बिंदुओं पर आश्वासन दिया किक्षेत्र में जल्द ही ईडीसी का गठन किया जाएगा, जो स्थानीय विकास और ग्रामीणों की आवश्यकताओं से संबंधित कार्यों को आगे बढ़ाएगी। ग्रामीणों की छोटी-मोटी समस्याओं और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक कार्यवाही की जाएगी। बड़े विकास कार्य केवल वन्य जीव बोर्ड की पूर्व अनुमति से संभव होंगे। अभ्यारण्य क्षेत्र में शिकार, मछली पकड़ने और वन्यजीवों की हिंसा संबंधी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों से अनुरोध किया गया कि किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को दें। क्षेत्रीय लोगों को वन चेतना केंद्र के माध्यम से रोजगार और व्यापार के नए अवसरों के बारे में जानकारी दी गई।


**आवश्यक सूचना**

मेरा नाम पहले (MOHAMMAND SHAHZIB KHAN) था, अब मैंने अपना नाम बदलकर (SHAHZIB KHAN) S/O AYYUB KHAN रख लिया है ।भविष्य में मुझे नये नाम (SHAHZIB KHAN ) से ही जाना व पहचाना जाये ।

**पता**

**SHAHZIB KHAN S/O AYYUB KHAN**

**मोहल्ला साहबराय कस्बा जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर पिन 251314**

# आख़िरकार किसानों के साथ क्यों नहीं रुक रही है घटतौली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** किसानों को क्यू नहीं मिल रहा हे न्याय, किसकी शह पर किसानों के साथ की जा रही हे गन्ना क्रय केन्द्रो पर घटतोली प्रदेश मे जहाँ गन्ना पैराई सत्र चालू हो चुका हे और प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने के मूल्य मे तीस रुपए की बढ़ोतरी कर किसानों को कुछ हद तक राहत दी है।

हालांकि महंगाई को देखते हुए किसानों द्वारा गन्ना मूल्य मे और बढ़ोतरी की मांग की जा रही थी जिससे किसानों को कुछ राहत मिले और गन्ने का मूल्य किसानों द्वारा साढ़े चार सौ रुपए करने की मांग की जा रही थीस हालांकि यह बढ़ोतरी दो वर्ष बाद की गयी हे पिछले वर्ष गन्ना मूल्य मे कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी थी वही गन्ना पैराई सत्र चालू होते ही गन्ना किसानों के साथ गन्ना क्रय केन्द्रो पर घटतोली की शिकायते आनी शुरू हो गयी ओर देवबन्द चीनी मिल के बिरालसी मे लगे गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों द्वारा घटतोली करने का आरोप लगाया गया हे वही किसानों ने प्रत्येक किसान के द्वारा प्रति गन्ना बुग्गी पर घटतोली करने का आरोप देवबन्द शुगर मिल के बिरालसी मे लगे गन्ना क्रय केंद्र पर लगाया हे वही किसान नेता अमरीश राणा ने भी गांव बिरालसी मे लगे देवबन्द शुगर मिल के गन्ना क्रय केंद्र पर घटतोली रोकने को डीसीओ को पत्र लिखकर किसानों के साथ देवबन्द शुगर मिल द्वारा की जा रही घटतोली पर रोक लगाने की मांग की हे वही किसानों मे घटतोली को लेकर भारी आक्रोश हे ओर किसानों ने घटतोली पर तत्काल रोक लगाकर घटतोली करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।जब इस संबंध मे देवबन्द चीनी मिल के गन्ना जीएम शिवकुमार त्यागी से बात की गयी तो बताया की कोई घटतोली नहीं की जा रही हे, किसानों को साफ सुथरा गन्ना लाने के लिए कहने पर किसान घटतोली के आरोप लगाते हे जिला गन्ना अधिकारी से ज़ब इस विषय मे जानकारी करनी चाही तो जिला गन्ना अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया

# इंटेलिजेंस ब्यूरो टीम बुढ़ाना के मदरसे में पहुंची



**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन इंटेलिजेंस ब्यूरो की एक टीम अपने साथ एलआईयू और स्पेशल ब्रांच के अधिकारियों के साथ बुढ़ाना क्षेत्र के एक मदरसे में पहुंची। तीनों जांच एजेंसी कस्बे के दाऊद अरबिया दारूल उलूम अजीजिया मदरसे में पहुंची। तीनों जांच एजेंसी ने मदरसा संचालक, कुरान शरीफ पढ़ाने वाले मौलाना व बच्चों से पूछताछ की। मदरसा संच. लक दाऊद से आजाद और सुहैल के बारे मे जानकारी की और मदरसे का सभी रिकार्ड खंगाला। मदरसा संच. लक मौलाना दाऊद ने टीम को बताया कि शामली जनपद के झिंझाना का रहने वाला आजाद यहां पर कुरान शरीफ पढ़ने आया था। लॉकडाउन के दौरान वह यहां से चला गया था। उसका सभी रिकार्ड हमारे मदरसे में मौजूद है। लखीमपुर खीरी निवासी मोहम्मद सुहैल कुछ समय पहले यहां आया है। वह कुरान शरीफ की पढ़ाई करता है। पिता के बीमार होने की बात कहकर वह 05 नवंबर को छुट्टी लेकर यहीं से चला गया था। उन्होंने मदरसे के दोनों छात्रों के बारे में पूरी जानकारी दी। मदरसा संचालक ने जांच एजेंसी को बताया कि इसके अलावा उनके पास अन्य कोई जानकारी नही है। इसके बाद टीम वापस चली गयी। कस्बे में उक्त टीम के आने को लेकर पूरी चर्चा रही।

# युवक की कनपटी पर गन लगाकर कार, सोने चांदी के आभूषण, नगदी और मोबाइल लूटा

**बुढ़ाना।** बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने कार सवार एक युवक की कनपटी पर गन लगाकर उसकी स्वि"ट कार, सोने चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन, 8 हजार रुपये, आधार कार्ड, पेन कार्ड व एटीम कार्ड लूटकर बुढ़ाना पुलिस में जबरदस्त हड़कंप मचा दिया। लुटे पिटे युवक ने पैदल ही भागते हुए उसकी कार और बाइक पर सवार दोनों बदमाशों का पीछा करना चाहा तो उसकी लूटी गयी कार में सवार बदमाश ने तुरंत ही उस पर गोली चला दी। जिसमें वह बाल बाल बच गया। बुढ़ाना पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए दोनों बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ब्विास बालियान पुत्र सविन्द्र सिंह निवासी ग्राम ढिंढावली थाना तितावी ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि बीते 11 नवम्बर की देर रात वह अपनी स्वि"ट कार से शामली में अपनी बहन से मिलने के बाद अपने दोस्त के घर जा रहा था। जब वह रात में करीब 10 बजे मेरठ वाया शामली हाइवे पर बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़ी सखावतपुर के पुल से करीब एक किलोमीटर पूर्व आया तो उसने लघु शंका करने की लिए गाड़ी रोकी और लघुशंका करने लगा। तब पीछे से एक बाइक पर सवार 2 आदमी आये। जिनमें से एक युवक ने बाइक से उतरकर उसकी कोली भर ली ओर दूसरे युवक ने बहुत से छेद वाली गन उसकी कनपटी पर लगाकर उसकी सोने की एक चेन, सोने की दो अंगूठी, नीले मोती जडी चांदी की एक अंगूठी, एक पर्स जिसमें आधार कार्ड, पेन कार्ड, चार एटीएम कार्ड और 8 हजार रुपये थे, मोबाइल फोन और उसकी स्विफ्ट कार को छीनकर भाग गये। जब उसने उन्हें पैदल ही भागकर पकड़ने का प्रयास किया तो उसकी कार में सवार एक युवक ने उस पर गोली चला दी। जिसमें वह बाल बाल बच गया। तब उसने एक राहगीर को रोककर उसके फोन से डायल 112 नंबर पर घटना की जानकारी दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने उससे घटना की जानकारी ली। बुढाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों लुटेरों की तलाश में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देख रही थी।

# सम्पत्ति विवाद में हुई मारपीट में महिला सहित तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** घरेलु सम्पत्ति को लेकर मारपीट की घटनाएं लगातार जारी हैं।खाईखेड़ा गांव मे एक परिवार के व्यक्तियों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश मे आया है जिसमें आधा दर्जन आरोपियों ने घर मे घुसकर मारपीट कर महिला सहित तीन व्यक्तियों को घायल कर दिया। एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई गयी है। घायल के दिव्यांग भाई ने तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा निवासी शाहनजर ने दी तहरीर मे बताया कि बीते मंगलवार की देर शाम वह परिवार के साथ घर में बैठा था।

तभी गांव निवासी छः व्यक्ति धारदार हथियार लेकर घर मे घुस आए तथा गाली-गलौच करते हुए उसके व भाई के साथ मारपीट करने लगे। शाह नजर ने बताया कि मारपीट के दौरान उसका भाई नईमुज्जमा बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। आरोपी उसके बेहोश भाई को उठाकर ले जाने लगे तो शाह नजर की पत्नी ने विरोध किया तभी आरोपियों ने शाह नजर की पत्नी के सिर में लोहे की रॉड से वार कर बेहोश कर दिया।

दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां नईमुज्जमा की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने आरोपी इम्तियाज, इकराम,प्रवेज, जावेद, मो. निस, मोहसिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।वहीं भूमि विवाद को लेकर मारपीट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। किसान नेताओं के अनुसार प्रशासन द्वारा भूमि विवाद का उचित निपटारा न उन्हें लंबित किया जा रहा है। जिससे मारपीट की घटनाएं बढ़ रही हैं।

# जात-पात का भेद मिटाओ संघ का घर-घर जागरूकता अभियान

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे घर-घर संपर्क अभियान के तहत संघ के पदाधिकारी राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी मनीष चौधरी के आवास पर पहुंचे और उनसे संपर्क करते हुए उन्हें समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सहभागी बनने का आमंत्रण दिया गया।

आज समाजसेवी मनीष चौधरी के रामपुरी स्थित आवास पर पहुंचे संघ पदाधिकारियों में उत्तर प्रदेश पुलिस से रिटायर्ड राजकुमार सिंह, सेवानिवृत्त रोडवेज अधिकारी राज. कुमार तोमर तथा भूतपूर्व सैनिक बृजपाल सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने संगठन के इतिहास, उद्देश्य और कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला।

राजकुमार सिंह ने मुलाकात के दौरान बताया कि संघ द्वारा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जनसंपर्क एवं जनजागरण अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है

। इस अभियान का उद्देश्य समाज को संघ के सिद्धांतों से जोड़ते हुए राष्ट्रवाद की भावना को प्रबल बनाना है। संघ पदाधिकारी लोगों के घर-घर जाकर संपर्क स्थापित कर रहे हैं और समाज में एकता, सेवा तथा संगठन के संदेश को फैला रहे हैं।

संघ प्रतिनिधियों से भेंट के दौरान मनीष चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह प्रयास सराहनीय है कि वह समाज



को संगठित करने के लिए शताब्दी वर्ष पर घर-घर संपर्क अभियान चला रहा है। आज समय की मांग है कि हम जाति-पाति के भेद को भुलाकर केवल एक सनातनी के रूप में समाज और राष्ट्र के लिए काम करें। संघ पदाधिकारियों ने सामाजिक परिवर्तन के लिए सदैव बलिदान और समर्पण की मिसाल पेश की है। मनीष चौधरी ने संघ पदाधिकारियों को आ्वासन दिया कि सनातन संस्कृति की रक्षा और समाज की एकजुटता के लिए वो आरएसएस के इस अभियान को सफल बनाने के लिए भरपूर सहयोग और योगदान देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कृष्ण मंदिर संचालक संत को धमकी प्रकरण में आरोपियों को किया तलब

**खतौली।** श्री कृष्ण मंदिर के प्रबंध संचालक संत सोनू जी महाराज को जान से मारने की धमकी देने के मामले में गुरुवार को खतौली थाना पुलिस ने नोएडा निवासी आरोपियों को थाने तलब किया। पुलिस ने दोनों पक्षों से घंटों तक पूछताछ की। जानकारी के अनुसार, संत सोनू जी महाराज ने कुछ समय पूर्व आरोप लगाया था कि उन्हें फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। गुरुवार को दोनों पक्ष थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने संत सोनू जी महाराज द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में आरोपियों से जानकारी ली। बताया गया कि दोनों ही पक्ष भगवाधारी संत समुदाय से संबंधित होने के कारण पुलिस सख्ती से कार्रवाई नहीं कर सकी। थाने में दिनभर दोनों पक्ष मौजूद रहे और माहौल तनावपूर्ण बना रहा। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पूछताछ सावधानीपूर्वक की जा रही है। प्रशासन ने भी किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। देर शाम तक पुलिस के पास मामले में कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया था।

### चोरों ने चांदी की मूर्ति, नगदी-कपड़े किए चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर कई जगहों के ताले काटे और तोडफोड कर घर में बने मंदिर में रखी चांदी की छोटी गणेश की मूर्ति, 14 सौ रुपये व कीमती कपड़े चोरी कर लिए। चोरों ने एक अलमारी में आग लगाई। दंपत्ति के जागने पर चोर फरार हो गये। बुढाना पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर चोरों की तलाश शुरु कर दी। बुढाना कस्बे के हरनं्वर धाम मंदिर के समीप मौहल्ला शाहवाडा निवासी शिवकुमार त्यागी के घर में आज बृहस्पतिवार को दिन निकलने से पूर्व ही अर्धरात्रि में चोरों ने हिंडन नदी के पीछे से घुसकर जीने का ताला काटकर उपर जाकर बंदरों को रोकने के लिए लगाए गये जाल को काटकर हाथ से कुंडा खोलकर अंदर घुसकर रसोईघर का ताला काटा और वहां से सिलेंडर उठाकर अंदर कमरे में रखी लकड़ी की अलमारी में आग लगाकर वहीं बने मंदिर में घुसकर 14 सौ रुपये की नगदी व गणेशजी की छोटी चांदी की मूर्ति और दूसरी अलमारी में रखे कीमती कपड़े चोरी कर लिए। इसी दौरान गृह स्वामी शिवकुमार की आंख खुल गयी और उन्होंने अपनी पत्नि सविता को जगाकर कमरे से बाहर निकलकर देखा तो जीने का ताला कटा हुआ पडा था तो उन्होंने तुरंत शोर मचा दिया। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर आ गये तो चोर जाग होने पर भाग गये। पड़ोसियों ने अलमारी में लगी आग को बुझाया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। अज्ञात चोरों ने घर के अंदर भी तोड़फोड़ की हुई थी।

### युवती नगदी व जेवर लेकर प्रेमी संग हुई फरार

**बुढ़ाना।** एक नवयुवती अपने घर से डेढ़ लाख रूपये की नगदी और सोने चांदी के जेवरात लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। शिकायत होने पर बुढ़ाना पुलिस ने फरार प्रेमी के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए युवती की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के एक मौहल्ले के निवासी एक युवक ने बुढ़ाना कोतवाली में एक तहरीर देते हुए बुढ़ाना पुलिस को बतलाया कि बीती 29 अक्टूबर की सुबह करीब साढ़े छह बजे उसकी 21 वर्षीया बहन को उनके मोहल्ले का ही रहने वाला प्रवेन्द्र कुमार पुत्र सुरेश बहला फुसलाकर भगाकर ले गया। जिसमें उसका साथ विशाल उर्फ विक्की पुत्र किशन पाल निवासी गांव भैंसवाल जनपद शामली द्वारा दिया गया है। प्रवेन्द्र एक आवारा किस्म का नशेडी व्यक्ति है। हमे डर है कि वह उसकी बहन के साथ कोई भी अप्रिय घटना ना कर दे। उसकी बहन घर से जाते वक्त लगभग डेढ़ लाख रूपये की नगदी, सोने और चांदी के जेवरात और अपने डाक्यूमेंट्स भी अपने साथ ले गयी है। वे अपनी बहन को 16 दिनों से इधर उधर तलाश रहे हैं लेकिन उसका अभी तक भी कुछ भी पता नहीं लग पाया है। बुढाना पुलिस ने भाई की तहरीर पर दोनों आरोपी युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए फरार नवयुवती की बरामदगी के प्रयास करने शुरू कर दिए थे।

### वार्ड नंबर 13 व 16 के बीएलओ दिखे सक्रिय

**बुढ़ाना।** वार्ड नंबर 13 और 16 में आज बृहस्पतिवार के दिन बूथ लेवल आफिसर सक्रिय दिखाई दिए। चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत वैसे बीते 4 नवम्बर से शुरु हुई थी मगर अब तक इन 10 दिनों में अधिकांश बीएलओ ने वार्डों में पहुंचने में किसी तरह की दिलचस्पी नहीं दिखाई। इन 10 दिनों में कुल 5 दिन ही बीएलओ विभिन्न वार्डों में आए। पता ये भी चला है कि एक बीएलओ पर अन्य वार्डों के भी चार्ज हैं। ऐसे में वोटर परेशान हैं। आज बृहस्पतिवार को बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड 13 के सभासद इमरान कुरैशी ने अपने आवास पर कैंप लगवाकर बीएलओ का सहयोग किया। इस अभियान के तहत बीएलओ ने डोर टू डोर लोगों से संपर्क कर उन्हें जरुरी प्रपत्रों का वितरण, सूचना संग्रह और मतदाता सूची के अद्यतन के कार्य के बारे मे पूरी तत्परता से जानकारी दी। अभियान का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं समावेशी बनाना है। आयोग का प्रयास है कि कोई भी पात्र नागरिक विशेषकर युवा जिन्होंने हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूरी की है मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहें। बीएलओ ने कई घरों में जाकर पात्र लोगों के नाम जोड़ने, मृत व्यक्तियों के नाम हटाने, स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित मतदाताओं की प्रविष्टियों को सुधारने का कार्य किया। ऐसा ही कार्य बीएलओ असमा द्वारा वार्ड नंबर 16 में किया गया।

# सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में सीबीएसई की कार्यशाला संपन्न

**भोपा।** सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल रहकडा में गुरुवार को सीबीएसई के तत्वावधान में विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य है वह कल्याण विषय पर एक क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के विद्यालयों से आए अध्यापकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिससे वातावरण में आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। जिसमें सीबीएसई की प्रशिक्षक एवं डीपीएस सहारनपुर की प्राचार्या डॉ. कविता अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों का मान. सिक स्वास्थ्य और वेलनेस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। सोशल मीडिया, प्रतिस्पर्धा और आधुनिक जीवनशैली के दबाव के चलते बच्चों में तनाव, चिंता और आत्मसंघर्ष की प्रवृत्ति बढ़ रही है। ऐसे में शिक्षकों और अभिभावकों को मिलकर विद्यार्थियों को एक सहायक, संवेदनशील और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करना चाहिए।

शिक्षकों की भूमिका केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के मानसिक संतुलन और भावनात्मक सुख्रढ़ता को बनाए रखने में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। दयावती धरमवीर पब्लिक स्कूल, बिजनौर के पीजीटी भौतिक विज्ञान, हर्षवर्धन वर्मा ने शिक्षकों को विद्यार्थियों की मान.




सिक स्थिति, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं मानसिक स्वास्थ्य के संरक्षण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या मो. निका चौधरी ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों को विद्यार्थियों की मानसिक आवश्यकताओं को समझने और उन्हें संतुलित जीवन की दिशा में मार्गदर्शन देने में सहायक सि) होती हैं। कार्यशाला में जिले के विद्यालय के लगभग 60 अध्यापकों ने भाग लिया।

# अपराधियों की धरपकड़ हेतु रामराज पुलिस कर रही छापामारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** थाना रामराज पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके घर पर धारा 82 सीआरपीसी के अंतर्गत नोटिस चस्पा किए हैं। बताया गया कि आरोपी रवि पुत्र नानू सिंह निवासी ग्राम देवल के खिलाफ थाना रामराज में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज है। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश में थी, लेकिन आरोपी लगातार फरार चल रहा था।

थाना प्रभारी रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि आरोपी के लगातार फरार रहने और गिरफ्तारी से बचने के कारण न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर मुनादी कराई गई तथा धारा 82 के नोटिस चस्पा किए गए। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में की गई है। थाना प्रभारी ने कहा कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयासरत है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि आरोपी जल्द ही न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है तो उसके विरुद्ध कोर्ट से कुर्की के वारंट जारी किए जाएंगे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# ओवरलोड और बिना नंबर वाहनों पर गिरी आरटीओ की गाज



**खतौली।** यातायात माह के तहत गुरुवार को परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने रतनपुरी क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ओवरलोड और बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे वाहनों पर कार्रवाई की गई। आरटीओ सुशील कुमार मिश्रा के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान एक ओवरलोड ट्रक को सीज किया गया, जबकि कई वाहनों के चालान काटे गए, और बिना नम्बर के चल रहे ओवर लोड वाहन को सीज कर कुल 1 लाख 7 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। अभियान के चलते वाहन चाल. कों में हड़कंप मचा रहा। कई चालक जांच दल को देखकर रास्ता बदलते नजर आए। अधिकारियों ने बताया कि यातायात माह के दौरान ऐसे अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं ताकि सड़क सुरक्षा और नियम पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# विद्युत उपकरण चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 12 के विद्युत उपकरण चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने इस दौरान ट्वेल का चोरी हुआ सामान बरामद किया है जनपद के पुलिस मुख्य ने बात की बदमाशों के कब्जे से 14 विद्युत मोटर, 2 अवैध तमंचा खोखा कारतूस, 3 चाकू, 14.822 किलोग्राम एल्यूमीनियम व कॉपर का तार, चोरी करने उपकरण बरामद किए हैं

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा , पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल ने संयुक्त रूप से गुरुवार को पुलिस लाइन के सभा कक्ष में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 12/13 नवंबर की रात्रि को थाना भोपा पुलिस ने निरगाजनी झाल पर चौकिंग की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर निरगाजनी झाल से बसेडा की ओर जाने वाले रास्ते पर मध्य गंग नहर की कच्ची पटरी पर पहुंचने पर पुलिस की मुठभेड़ हो गई

पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी तथा ईख के खेतों में छिप गये।बदमाशों की फायरिंग से पुलिस टीम किसी तरह बच गई और पुलिस टीम ने बदमाशों की घेराबंदी कर ली। पुलिस टीम की फायरिंग से दो बदमाश घायल हो गये। एसएससी ने यह भी जानकारी दी कि भोपा पुलिस द्वारा अभियुक्तगण को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से अवैध शस्त्र, एल्यूमिनियम व कॉपर के तार, चोरी करने के उपकरण तथा 6 विद्यत मोटर बरामद की गयी। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उन्होंने टड्बवैल से विद्युत मोटर व उपकरण आदि चोरी करने का कार्य किया है उन्होंने ये विद्युत मोटर व तार आदि अपने साथी अफसर पुत्र जाफर निवासी नया गांव थाना भोपा, के साथ मिलकर कुछ दिन पूर्व थानाक्षेत्र भोपा, ककरौली, फुगाना व भौराकलां में अलग-अलग स्थानों से चोरी की थी। हमनें चोरी किये गये विद्युत उपकरण व मोटर आदि को शमशाद व नौशाद पुत्रगण मुमताज, नौशाद पुत्र आशमौहम्मद व नौमान को बेचा था जो उनके द्वारा मध्य गंगनहर के पास एक खण्डहर में छिपाकर रखा गया है।

आज हम उनको इन चोरी की गयी मोटर को बेचने जा रहे थे थाना भोपा पुलिस द्वारा घायल बदमाशों को उपचार हेतु भिजवाया गया तथा बदमाशों द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचकर खंडहर की घेराबन्दी की गयी तथा वहां पर मौजूद 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया । पकड़े गए बदमाशों के नाम महताब पुत्र इन्तियाज निवासी ग्राम नंगला बुजुर्ग थाना भोपा, सुशील पुत्र रामकिशन निवासी खेडी फिरोजाबाद थाना ककरौली, शमशाद पुत्र मुमताज निवासी ग्राम नन्हेडी थाना भोपा नौशाद पुत्र आस मौहम्मद निवासी ग्राम नन्हेडी थाना भोपा, नौमान पुत्र फुरकान निवासी ग्राम नूर नगरियाना कस्बा व थाना पुरकाजी,है और फरार बदमाशों के नाम अफसर पुत्र जाफर निवासी नया गांव थाना भोपा, नौशाद पुत्र मुमताज निवासी नन्हेडी थाना भोपा है एसपी ने यह भी जानकारी दी कि पकड़े गए बदमाशों का लंबा आपराधिक इतिहास है और एसएसपी ने सराहना कार्य करने वाली पुलिस टीम को पुरस्कार दिया है

# 15 नवम्बर को न्याय आपके द्वार अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ह्न्याय आपके द्वार आगामी 15 नवम्बर को एक दिवसीय खतौली नगर पालिका में 2 बजे से 4 बजे तक राजस्व लोक अदालतें आयोजित की जाएंगी। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को उनके स्वामित्व, खातेदारी अधिकार, उत्तरा. धिकार व जमीनी विवादों से शीघ्र न्याय दिलाना है, ताकि उन्हें वर्षों तक राजस्व न्यायालयों के चक्कर न काटने पड़ें। अभियान के दौरान तहसीलदार, पटवारी, सरपंच, एवं भू-प्रबंधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एक ही स्थान पर मौजूद रहेंगे।

इन शिविरों में राजस्व से संबंधित विभिन्न प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। शिविर में राजस्व काश्तकार अधिनियम, भू-राजस्व अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण, नामांतरण, धारा 91, और लंबित अपीलों की सुनवाई, बंद व संकरे रास्तों से संबंधित विवादों का समाधान, नगर व ग्राम पंचायतों के नामांतरण प्रकरणों का निस्तारण, पारिवारिक कृषि भूमि के सहमति से विभाजन के नए प्रकरण दर्ज कर निपटारा, लंबित गैर-खातेदारी प्रकरणों में खातेदारी अधिकार दिए जाना, राजस्व अभिलेखों में त्रुटियों का संशोधन, नए राजस्व ग्रामों के गठन हेतु नॉर्म्स के अनुसार प्रस्ताव तैयार करना, अधिकारियों के अनुसार, इस एक दिवसीय अभियान से किसानों, नगरवा. सियों और ग्रामीणों को समय व धन की बचत के साथ त्वरित न्याय मिलेगा। प्रशासन ने शिविरों की तैयारियां शुरू कर दी हैं और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन कराने हेतु लगाई हेल्प डेस्क

**बुढ़ाना।** जमात ए इस्लामी हिंद के सदस्य डॉक्टर शाहनवाज अहमद गौरी और जमियत उलेमा ए हिंद मुजफ्फरनगर के वक्फ सर्वे कार्डिनेटर मौहम्मद आसिफ कुरैशी ने एक संयुक्त बयान में बताया कि बुढ़ाना एरिये की वक्फ संपत्तियों के मुतवल्लियों और जिम्मेदार लोगों से अपील है कि वे वक्फ संपत्तियों के डिजिटल रिकॉर्ड को मज़बूत और सुरक्षित रखने के लिए उम्मीद पोर्टल पर अपनी वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन ज़रूर कराएं। इस सिलसिले में जमीयत उलमा ए हिंद एवं जमाते इस्लामी हिंद की स्थानीय यूनिट के सदस्यों एवं जामा मस्जिद कस्बा बुढ़ाना के सहयोग से जिम्मेदारों ने कस्बा बुढ़ाना की जामा मस्जिद के बाहर स्थित कार्यालय पर एक हेल्प डेस्क क़ायम की है। जहां प्रशिक्षित नौजवान कम्प्यूटर के ज़रिए वक्फ संपत्तियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। इस संबंध में मुतवल्ली या संबंधित व्यक्ति अपनी वक्फ संपत्ति का रजिस्ट्रेशन जरूर करायें। वे जल्द से जल्द हेल्प डेस्क पर संपर्क करें ताकि रिकॉर्ड अपडेट होकर सरकारी पोर्टल पर दर्ज हो सके। आपका एक छोटा सा कदम वक्फ संपत्तियों के संरक्षण में मददगार होगा। हम वक्फ संपत्तियों की हिफ़ाज़त व अपना फ़र्ज़ अदा करें। उन्होंने सब से हेल्प डेस्क पर पहुंचने की अपील की है।

# हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स का तीन दिवसीय कैंप का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** नगर के स्वामी कल्याण देव कन्या इंटर कॉलेज में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स का तीन दिन से टाइम लगा हुआ था जिसका समापन रंगम कार्यक्रम के उपरांत किया गया।

बृहस्पतिवार को स्वामी कल्याण देव कन्या इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय कैंप हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स का लगा हुआ था जिसका समापन रंगारंग कार्यक्रम के बाद हुआ इस दौरान नगर अध्यक्ष डॉक्टर आबिद हुसैन ने दीप पर उज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया उसके उपरांत अध्यक्ष डॉक्टर आबिद हुसैन वेट ट्रेनर दिनेश कुमार गौतम डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर व अंकित कुमार शर्मा स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर के द्वारा कैंपों का बारीकी से अवलोकन किया गया स्काउट एंड गाइड्स ने 13 राज्यों के कैंप लगाकर राज्यों को प्रदर्शित किया इसके उपरांत 13 में से उत्तर प्रदेश के कैंप में प्रथम स्थान पंजाब के कैंप ने द्वितीय स्थान व राजस्थान के कैंप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इस दौरान ट्रेनर अंकित कुमार शर्मा डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर व अंकित कुमार शर्मा स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर के द्वारा बच्चों को टेंट लगाना पुल बनाना व अन्य प्रकार की गांठे व अन्य प्रकार के बंधन टीमवर्क झंडा




फहराना, कलर पार्टी बनाना,बिना बर्तन के भोजन बनाना और अनेक प्रकार के गैजेस्ट, स्टेटस बनाना स्ट्रक्चर बनाना प्राकृतिक आपदा में किस प्रकार कार्य किया जाए, जैसे खुद का बचाव दुसरो का बचाव किया जाए सिखाया गया तो वही सिलेंडर में आग लग जाए तो कैसे बचना है ये भी सिखाया गया। इस दौरान लगभग 13 राज्यों के टेंट बनाकर बच्चों ने उनका प्रतिनिधित्व किया। जिसमें प्रथम स्थान उत्तर प्रदेश राज्य, द्वितीय स्थान पंजाब राज्य और तृतीय स्थान राजस्थान राज्य ने हासिल किया। तो वही सभी गाइडों को मेडल देकर सम्मानित किया गया और इसमें 4 बेस्ट गाइड छात्राओं को चुना गया जिनमे वंशिका, गरिमा, फरीन व खुशी को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मैनेजर इल्मचंद गुर्जर, प्रधानाचार्य अंशु चौधरी, अध्यापिका रेणुका मोगा शाहिद समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### नारी शक्ति फेज़ 5.0 के तहत छात्राओं को किया जागरूक

स्वामी कल्याण देव कन्या इंटर कॉलेज में सरकार द्वारा चलाई जा रही नारी शक्ति फैज़ 5.0 के तहत छात्राओं को जागरूक किया गया इस दौरान एस आई अपर्णा यादव ने छात्राओं को संबो. धित करते हुए कहा कि नारी किसी से कम नहीं है और हर हाल में आगे बढ़ाना है उन्होंने कहा कि अगर कोई भी परेशानी हो तो तुरंत 1090 या 112 नंबर पर कॉल करें पुलिस हमेशा आपके साथ है उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में भी छात्राओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी और 1030 नंबर के बारे में भी छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताया और पंपलेट बाँट कर सभी छात्रों को जागरूक किया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कैराना

# 20 लाख का नाला भ्रष्टाचार की नाली बना

## इस्लामनगर में 20 लाख से अधिक की लागत से बन रहा नाला चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट, ठेकेदारों की मनमानी चरम पर

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** नगर पालिका द्वारा मोहल्ला इस्लामनगर में 20 लाख रूपए से अधिक की लागत से नाला निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन मानकों और गुणवत्ता का यहां ऐसा तिरस्कार हो रहा है कि पूरा निर्माण खुद अपनी कहानी बयां कर रहा है। ठेकेदार खुलेआम मानकों का हनन कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अधिक. ारी देखने तक को तैयार नहीं। शिकायतें मिलने के बावजूद पालिका प्रशासन की खामोशी कई सवाल खड़े कर रही है। सरकारी धन की इस तरह की बर्बादी इससे पहले शायद ही कहीं देखने को मिली हो।

नगर पालिका के निर्माण कार्य लगातार सवालों के घेरे में हैं। ठेकेदारों की मनमानी और घटिया निर्माण कार्यों से साफ है कि मानकों और गुणवत्ता की कोई परवाह नहीं की जा रही है। संबंधित अधिकारियों की चुप्पी इस बात की पुष्टि करती है कि ठेकेदारों और पालिका प्रशासन के बीच गहरा गठजोड़ है। शिकायतकर्ता दौड़ते रह जाते हैं, पर अधिकारी अपने कार्यालय से बाहर आकर हकीकत देखने की जहमत तक नहीं उठा रहे।

### ठेकेदारों के हौसले बुलंद, मोहल्लावासी परेशान हैं

मोहल्ला इस्लामनगर में 20 लाख से अधिक लागत से हो रहा नाला निर्माण इतनी जल्दबाजी में कराया जा रहा है मानो किसी



वीआईपी के आने से पहले इसे हर हाल में पूरा करना हो। मौके पर मानकों की हालत देखकर ऐसा प्रतीत हुआ जैसे कोई अनट्रेंड मिस्त्री नाली का निर्माण कर रहा हो। इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता इतनी कमजोर है कि सरिया से लेकर कंक्रीट तक सब कुछ सवालों के घेरे में है। जब मौके पर मौजूद एक ठेकेदार से मानकों को लेकर सवाल पूछा गया तो पहले गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन अंत में उसने खुद ही स्वीकार लिया कि ह्जेई साहब जैसा बताते हैं, वैसा ही लगाया जाता है।ह इससे साफ है कि पूरा निर्माण कार्य जेई की देखरेख में ही हो रहा है और इसमें अधिकारियों की संलिप्तता किसी से छिपी नहीं।यह सब तब हो रहा है जब जिलाधिकारी शामली अरविंद चौहान ने तहसीलदार कैराना अर्जुन सिंह चौहान की अगुवाई में नगर पालिका के निर्माण कार्यों की जांच के लिए टीम गठित कर रखी है। इसके बावजूद भ्रष्टाचार का खेल बिना किसी रोक-टोक के जारी है।

### तू डाल-डाल, मैं पात-पात ठेकेदारों की नई कार्यशैली

नगर पालिका परिषद कैराना इन दिनों कस्बे में सड़कों और नाला-नालियों का निर्माण युद्धस्तर पर करा रही है। लेकिन यहां मानकों को ताक पर रखकर जो काम किया जा रहा है, वह 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' की मिसाल पेश कर रहा है। ठेकेदारों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें जांच टीम तक का भय नहीं है। उन्हें भरोसा है कि पैसों के बल पर हर जांच को प्रभावित किया जा सकता है, लेकिन यह उनका भ्रम है। यदि निष्पक्ष जांच हुई तो कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आना तय है।

### निर्माण जेई हमेशा बाहर निगरानी का जिम्मा किसके पास?

निर्माण जेई राहुल कुमार से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि वे चुनाव संबंधी मीटिंग में हैं, उसके बाद ही बात करेंगे। अक्सर या तो उनका फोन नहीं उठता, और अगर उठता है तो वे स्वयं को ह्बाहरह्व बताते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि लाखों रूपए की लागत से हो रहे इन निर्माण कार्यों की निगरानी आखिर करता कौन है? रिपोर्टें तैयार होकर शासन को भेज दी जाती हैं और उसके आधार पर भुगतान भी हो जाता है, लेकिन मौके पर मौजूदगी का कहीं अता-पता नहीं।कुल मिलाकर नगर पालिका के निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की परतें दिन-ब-दिन खुलती जा रही हैं। अब निगाहें सिर्फ इस बात पर टिकी हैं कि जांच टीम की रिपोर्ट क्या कहती है और जिम्मेदारों पर कब तक कार्रवाई होती है।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एक 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने शव का निरीक्षण किया मृतक महिला के परि. जनों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी महिला आशा, पुत्री वेदपाल की शादी 26 फरवरी 2023 में थाना क्षेत्र के कघ्स्बा एलम निवासी आकाश पुत्र राजेश के साथ हुई थी। महिला का पति हैदराबाद में नौकरी करने के लिए गया हुआ है बुधवार की रात्रि महिला महिला का शो घर में फांसी पर लटका हुआ मिला। गुरुवार को ससुराल पक्ष के लोगों ने जैसे ही घर का दरवाजा खोला तो उनके पैरों के पहले की जमीन खिसक गई महिला का शव हंसी के फंदे पर लटका हुआ था ससुराल पक्ष के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते हैं मौके पर थाना प्रभारी नक्शा सतीश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस ने शव को नीचे उतार और फॉरेंसिक टीम ने महिला के शव का बारीकी से निरीक्षण किया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक महिला के पिता वेदपाल ने थाने पर तहरीर देकर पति ,आकाश,सांस कमलेश,नन्द मनीषा पर आंतरिक दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते



हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है शव पीएम के लिए भेज दिया है, तहरीर प्राप्त हुई है,पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## दो पक्षों में मारपीट, छह पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बे में बुधवार की शाम को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

कस्बा निवासी महिला नंदिनी पत्नी अंकुर ने बताया कि उसके पड़ोस के लोग पीड़िता से रंजिश रखते हैं। आरोप है कि बुधवार की शाम को उसके पड़ोस के मोनू,शौक, मोहित,काला, अभिषेक एवं विशाल हाथों में लाठी डंडे लेकर घुस गए और आरोपियों ने पीड़िता के पति अंकुर व उसकी सास राधा को मारपीट कर बुरी तरह से चोटिल कर दिया। शौर शराबा होने पर आसपास के लोग आ गए ।आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। गुरुवार को पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी नक्शा सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### क्षतिग्रस्त मकान पक्का बनवाने की मांग


शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** क्षेत्र के गांव गोहरपुर निवासी एक महिला ने परिजनों के साथ डीएम को प्रार्थना पत्र देकर क्षतिग्रस्त मकान को पक्का बनवाए जाने की मांग की है। महिला उर्मिला पत्नी आलोक कुमार निवासी ग्राम गोहरपुर ने डीएम अरविन्द कुमार चौहान को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह एक गरीब महिला है। उसको परिवार मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का गुजर बसर कर रहे। जो मकान है वह अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण हालत में है। जो कभी गिर सकता है। जर्जर मकान होने से जान व आर्थिक नुकसान होने की आंशका बनी रहती है। मकान पर तिरपाल छप्पर आदि डाल रखी हैं। स्थाई आय का कोई साधन नही है। जिस कारण अपना मकान बनाने में असमर्थ है। पीडित ने जिलाधिकारी से सरकारी योजना से पक्का मकान बनवाने की मांग की है।



### मुनिराज के सानिध्य में विमर्श उत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता



**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में गुरुवार को 108 विमर्श सागर महामुनिराज के सान्निध्य में विमर्श उत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेमचंद, संजीव कुमार जैन परिवार द्वारा झंडा आरोहण एवं दिनेश जैन, मयंक जैन परिवार द्वारा मंडप उद्घाटन से हुआ। जैन मुनि विमर्श सागर ने कहा कि उत्साही शक्ति ही जीवन की प्रगति और आनंद का रहस्य है। उन्होंने कहा कि उत्साह वह आंतरिक ऊर्जा है, जो व्यक्ति को उन्नति, सफलता और आत्मिक शांति की ओर ले जाती है। आत्मा में अनंत शक्तियों में से उत्साही शक्ति तब प्रकट होती है, जब व्यक्ति के भीतर शुभता, करुणा और परोपकार का भाव जागृत होता है। कहा कि अक्सर लोग यह भ्रम पाल लेते हैं कि किसी भी कार्य को जोश से करना उत्साह है, जबकि सच्चा उत्साह सद्भाव, दया और परोपकार से उत्पन्न होता है। हिंसा या दुर्व्यवहार में प्रयुक्त ऊर्जा उत्साह नहीं, बल्कि आत्मा के पतन का कारण बनती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्य, प्रेम, सेवा, दया और मैत्री जैसे शुभ भावों से ही सच्चा उत्साह उत्पन्न होता है। कहा कि जिनके पास भौतिक संपत्ति नहीं होती, फिर भी वे आनंदित रहते हैं, क्योंकि वे आत्मा की शक्ति का अनुभव करते हैं। आत्मा की शक्ति का पराभव ही आत्मा का पतन है। जब व्यक्ति उत्साही होता है, तो उसके भीतर नवीनता और रचनात्मकता स्वत: जागृत होती है। कार्यक्रम में संगीतकार केशव जैन ने भक्ति भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया



शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव डेरा संगतपुरा में गुरु नानक देव महाराज के प्रकाश पर्व को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पांच दिवसीय अखंड पाठ साहिब कीर्तन दरबार लगाया गया।

बृहस्पतिवार को अखंड पाठ साहिब के समापन पर लंगर का आयोजन किया जिसमें साद संगत द्वारा लंगर चका। इस मौके पर क्षेत्र के सम्मानित सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। डेरा संगतपुरा में गुरु नानक देव साहिब के प्रकाश पर्व को लेकर रविवार को बाबा परमजीत सिंह के नेतृत्व में पांच दिवसीय अखंड पाठ साहिब कीर्तन दरबार लगाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों को याद किया, जिसमें श्एक ओंकारश और सामाजिक समानता व भाईचारे की भावना का संदेश शामिल है। बृहस्पतिवार को अखंड पाठ के समापन पर लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा लंगर में प्रशाद ग्रहण किया।संत बाबा गुरमीत सिंह, संत बाबा शेर सिंह डाचर,संत बाबा सुच्चा सिंह नानकसर, बीबी हरमीत कौर बांसा, संत बाबा परमजीत सिंह, गुरदयाल सिंह खारा डाचर,सरदार अमृत सिंह गुप्ता, उधम सिंह, अंचित गुप्ता, नीरज गोयल, मंजिन्द्र सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन व जिला गंगा समिति शामली के तत्वाधान में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं का स्वच्छता में योगदान विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सनातन धर्म पब्लिक हाई स्कूल, वार्ड-16 अग्रवाल कॉलोनी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा, नगर पंचायत अध्यक्ष मुशयदा एवं समिति सदस्यों द्वारा शासन के निर्देशों के अनुरूप गंगा नदी एवं अन्य नदियों के संरक्षण अभियान के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने स्वच्छता व जल संरक्षण विषय पर सुंदर पोस्टर और पेंटिंग बनाकर अपने विचार व्यक्त किए। बच्चों की रचनात्मकता को देखते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य बिजेंद्र कुमार ने प्रतिभाग करने वाली छात्राओं एवं अध्यापिकाओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और शिक्षकों ने बच्चों के उत्साह, जागरूकता और सृजनशीलता की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता और नदी संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

# घरेलू हिंसा/दहेज उन्मूलन विषय पर संवाद हुआ

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों महिलाओं व बालिकाओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में पीडित महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके स्वावलंबन के लिए सरकार द्वारा बहुत सी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई है जिनका उन्हें लाभ भी दिया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित हेल्प लाईन नम्बरों 181, 112, 1930, 108, 102, 1076 आदि की जानक. ारी देते हुए कहा कि संचालित हेल्पलाइन नंबर पर कॉल के माध्यम से अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकती है।

कार्यक्रम में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, जिला प्रोबेशन अधिकारी मौ0 मुशफेकीन, श्रम विभाग से सहायक श्रम आयुक्त मति अंचला पाण्डेय, स्वास्थय विभाग से ए0सी0एम0ओ0 अथर जीमल, क्षेत्राधिकारी यातायात अपेक्षा निंबोडिया के द्वारा जनपद में चल रही विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित पेंशन योजना, बाल सेवा योजना कोविड सामान्य, स्पॉनसरशिप योजना, मजदूरी पंजीकरण के आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात अपेक्षा निंबोडिया ने बताया गया कि महिलाऐं अपनी समस्याओं के लिए मिशन शक्ति के तहत थाने में अपनी शिकायत को दर्ज कराने के उपरान्त



अपनी समस्त समस्याओं का निस्तारण करा सकती है, यदि महिला अपना नाम गोपनीय रखना चाहती है तो उसके नाम को गोपनीय रखा जाएगा। श्रम विभाग से सहायक श्रम आयुक्त मति अंचला पाण्डेय द्वारा यह बताया गया कि मजदूरी कार्ड का पंजीकरण कराकर प्रत्येक मजदूर लाभ अर्जित कर सकता है, क्योकि पंजीकरण के बिना उसको श्रम विभाग का कोई भी लाभ नहीं मिलेगा। डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन द्वारा बताया गया कि जनपद शामली में सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभार्थियो द्वारा लाभ प्राप्त किया जा रहा है। समाज सेवी मति वीणा अग्रवाल जी ने उपस्थित महिलाओ को सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम व महिलाओ व बालिक. ाओ के लिए संचालित की जा रही योजनाओ को समाज की अन्य महिलाओ को जागरूक करने का आह्वान किया। महिला कल्याण विभाग से सदफ खान मिशन कोओर्डिनेटर, मिशन शक्ति वन स्टॉप सेन्टर प्रभारी सु गजाला त्यागी, जेन्डर स्पेसलिस्ट कुलदीप शर्मा, विधि सह परिविक्षा अधिकारी मति शोभा शर्मा, संरक्षण अधिकारी मति मंजू चौधरी, संरक्षण अधिकारी मति पारूल चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता इन्द्रेश, साजिद, मति पूजा गिरि, राहुल, मति प्रियंका, मति सोनम उपस्थित रहें।

## स्वच्छता में महिलाओं की भागेदारी विषय पर बनाए सुंदर चित्र



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** नगर पालिका परिषद शामली के अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शौर्य दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को हिंदू कन्या इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 8, 9 और 11 की छात्राओं ने स्वच्छता में महिलाओं की भागीदारीह विषय पर आकर्षक और प्रेरणादायक चित्र बनाए। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद शामली से जूनियर इंजीनियर योगेश कुमार ने छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम शिखा, द्वितीय शताक्षी, तथा तृतीय कशिश रही। तीनों छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर बीना अग्रवाल ने छात्राओं को सुकन्या समृद्धि योजना, कन्या सुमंगला योजना, कौशल विकास योजना सहित अन्य महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकती हैं। प्रधानाचार्य अलका संगल, मीनाक्षी, पवित्री, नीरज वर्मा, श्रुति, रेनू, सोनिया, मनाली मौजूद रही।

### पिता-पुत्र समेत दस लोगों पर हमले का आरोप

**कैराना।** खादर क्षेत्र के ग्राम इस्सापुर खुरगान निवासी साजो ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। उसका गांव के ही एक व्यक्ति के साथ में प्लाट पर कब्जे को लेकर विवाद है। बुधवार प्रात: करीब नौ बजे उसके तथा उसकी पुत्री इरम के साथ में उपरोक्त व्यक्ति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से मारपीट की। गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे आरोपी एक बार फिर अपने परिजनों के साथ में लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घेर में घुस आया तथा उसके पुत्र आवेश व पुत्री अमरीन को मारपीट करके घायल कर दिया। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के मोहल्ला पंसारियान निवासी एक युवक ने सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान पर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने रूपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पंसारियान निवासी प्रवीन पुत्र मोहर सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि करीब 10 माह पूर्व उसकी मुलाकात मोहल्ला बडीआल निवासी सफाईकर्मी युनियन के प्रधान के हुई



थी। जिससे उसने नगर पालिका में नौकरी दिलाने की मांग की थी। आरा. ेप है कि प्रधान द्वारा सफाई कर्मी की नौकरी दिलाने के लिए दो लाख रूपये की मांग की थी। जिसमें कहा था कि अधिकारियों को पैसे देने पडते है। जिसके बाद पीड़ित ने डेढ लाख रूपये ब्याज पर लाकर दे दिए थे, लेकिन पिछले दस महीनों से वह नौकरी के लिए चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी नौकरी नही लगी। अब जब नौकरी नही लगी तो पीडित ने रूपये वापस मांगे तो आरोप है कि प्रधान ने रूपये देने से इंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की ताकि अन्य लोगों के साथ ऐसी घटना न हो सके।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों को बीस-बीस वर्ष की कैद

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। 16 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने दो आरोपियों को बीस-बीस वर्ष के कठोर कारावास व 55-55 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपियों ने किशोरी के अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। जिला शासकीय अधिवक्ता (अपराध) संजय चौहान व विशेष लोक अभियोजक पुष्पेंद्र मलिक ने संयुक्त रूप से बताया कि क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने झिंझाना थाने पर अभियोग पंजीकृत कराया था, जिसमें उसने गुड्डू उर्फ सागर पुत्र अजयपाल निवासी मोहल्ला ठाकुरद्वारा कस्बा ऊन व सागर पुत्र अजय निवासी मोहल्ला ब्राह्मनान कस्बा ऊन पर अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री के डरा-धमकाकर अश्लील फोटो खींचने का आरोप लगाया था। आरोप है कि दोनों आरो. पियों ने फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसकी नाबालिग पुत्री के साथ में सामूहिक दुष्कर्म किया। उसने शादी के लिए अपनी पुत्री का रिश्ता कर दिया, लेकिन आरोपियों ने वहां पर अश्लील फोटो भेजकर उसका रिश्ता तुड़वा दिया। पीड़िता ने अपने बयान में आरोपो की पुष्टि की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। बाद में दोनों आरोपी जमानत पर जेल से बाहर आ गए थे। विवेचक ने मामले की तफ्तीश करके आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की ओर से छह गवाह न्यायालय के समक्ष पेश किए गए। यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो विशेष) सीमा वर्मा की अदालत में विचाराधीन था। गुरुवार को न्यायालय ने पत्रावलियों का अवलोकन करने एवं दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के तर्क-वितर्क सुनने के पश्चात आरोपी सागर उर्फ गुड्डू व सागर को किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए बीस-बीस वर्ष के कठोर कारावास व 55-55 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर अदालत ने अतिरिक्त कारावास भुगतने के निर्देश दिए है।

### कार व बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**शामली।** जनपद मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव करोदा निवासी अंकित पुत्र महिपाल अपने मौस्सा जयपाल के साथ बाइक पर सवार होकर कैराना क्षेत्र के गांव रामड़ा निवासी अपनी बहन सुनीता के यहां जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह कैराना बाईपास पर पहुंचा तो इसी दौरान कार सवार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरो की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अंकित की दशा गंभीर होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# नगरआयुक्त ने खामियों पर जताई नाराजगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज दोपहर निगम अधिकारियों के साथ सीएम ग्रिड के तहत निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर गहरी नाराजगी जताते हुए नगरायुक्त ने ठेकेदार को लताड़ा। नगरायुक्त ने कार्यदायी कंपनी पर पेनॉल्टी लगाने और उसके ठेकेदार के खिलाफ पूर्व में करायी गयी एफआईआर के संदर्भ में पुलिस को नये तथ्यों से अवगत कराने के निर्देश दिए।



नगरायुक्त शिपू गिरि आज दोपहर मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव के साथ सीएम ग्रिड के तहत कलक्ट्रेट तिराहे से आईएमए भवन होते हुए दीवानी कचहरी तिराहे तक बनायी जा रही सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे। क्षेत्रीय पार्षद अमित त्यागी व राइट्स के प्रतिनिधि सत्यजीत भी साथ में मौजूद थे। नगरायुक्त निरीक्षण के दौरान यह देखकर दंग रह गए कि आईएमए भवन के पास एसडीए की ओर जाने वाली सड़क पर सीवर का पानी बहाया जा रहा है जिससे वहां रहने वाले लोगों एवं आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नही कंपनी के ठेकेदार द्वारा आईएमए भवन के सामने सड़क पर पानी की निकासी के लिए पाइप डालकर उसके ऊपर काफी मिट्टी डालकर उसे बहुत ऊंचा उठा दिया गया है, जिससे जाम लग रहा है और आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन रोड पर एक चौम्बर भी खुला पाया गया। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। पाया गया कि ठेकेदार द्वारा सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर लापरवाही के साथ काम किया जा रहा है। इस पर नगरायुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कंपनी पर पेनॉल्टी लगाने तथा कंपनी ठेकेदार के खिलाफ गत 31 जुलाई 2025 को करायी गयी एफआईआर के सम्बंध में आज निरीक्षण के दौरान पायी गयी लापरवाही एवं सुरक्षा मानकों के विरुद्ध किये जा रहे कार्य से भी अवगत कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि सीएम ग्रिड की कार्यदायी कंपनी डीएवी कन्स.प्रा. लि. है, जिससे उक्त सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। पूर्व में भी कंपनी के ठेकेदार पर सड़क खोद कर छोड़ने, सुरक्षा मानकों की अनदेखी तथा कार्य तीव्रगति से न करने आदि के आरोप में ठेकेदार के खिलाफ गत 31 जुलाई 2025 को भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 125 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करायी गयी थी।

## बुखार से 20 वर्षीय युवक की मौत

**अंबेहटा।** नकुड़ थाना क्षेत्र के गांव गोविंदगढ़ निवासी मिस्त्री उदल सिंह के 20 वर्षीय बेटे कोसिंदर की बुखार से मौत हो गई। वह राजस्थान के जयपुर में ब्यूटी पार्लर में का काम करता था। इलाज के दौरान देहरादून के एक अस्पताल में उसने अंतिम सांस ली। जवान बेटे की असमय मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है, परिजन का रो-रोकर बुरा हाल हैं।

जानकारी के अनुसार, कोसिंदर कई दिन पहले जयपुर में काम करते समय बीमार पड़ गया था। उसे तेज बुखार चढ़ आया, जिसके बाद वह इलाज के लिए गांव लौट आया। शुरू में अंबेहटा और सहारनपुर में उसका इलाज चला, लेकिन तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे देहरादून के अस्पताल में ले गए। वहां उपचार के बावजूद उसकी हालत सुधर नहीं सकी और मौत हो गई।

परिवार में जवान बेटे की मौत होने के कारण परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक की लहर है और परिजनों को सांत्वना दी।

# बिन बरसात अंडरपास में भरा पानी



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** भाकियू पथिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज चौधरी ने कहा कि रेलवे अंडर पास घसौती पुल के नीचे बिना बरसात के 3 फीट पानी भर गया है। जिस कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

भाकियू पथिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज चौधरी ने कहा कि अंडर पास घसौती पुल के नीचे 3 फीट पानी भर गया है जिससे दर्जनो गांवों के लोगों को परेशानी ऊठानी पड रही है।पशुओं का चारा लेने के लिए मजबूरी में अपनी जान जोखिम में डाल कर गांव वाले गहरे पानी से निकल रहे हैं।शासन प्रशासन किसी बडे हादसे का इन्तजार कर रहा है। किसानों को अपना गन्ना तौल सैटर रेलवे अंडर पास पानी में से लेकर जाना पडता है क्योंकि तौल सैटर रेलवे अंडर पुल से आगे है।भाकियू पथिक ने लंबे समय से रेलवे अंडर पास पुलों के नीचे पानी की समस्या को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ व रेलवे मंत्री को ज्ञापन के माध्यम से इस समस्या को दर्जनो बार भिजवाया है लेकिन आज तक समस्याओं का हल नहीं हुआ है। रामपुर मनिहारान रेलवे फाटक पर जाम लगने से अनेक गाडियाँ व मोटर साइकिल वाले घसौती रेलवे अंडर पास पुल के नीचे पानी में से मजबूरी मे निकलते हैं जिससे उनकी मोटर साइकिल व गाड़ियों के इंजन में पानी भर जाता है जिससे आम जनता को भारी नुकसान हो रहा है।इस कारण किसानों व आम जनता में सरकार के प्रति भारी रोष है। अगर जल्दी ही समाधान नही हुआ तो भारतीय किसान यूनियन पथिक 19 तारीख को जिला मुख्यालय सहारनपुर डीएम ऑफिस पर धरना प्रदर्शन करेगी।

# वक्फ बोर्ड मुतवल्लियों को खुद करें आमंत्रित: अब्दुल खालिक

**सहारनपुर।** उम्मीद पोर्टल की धीमी गति से हो रहे कार्य पर शहर के जिम्मेदार लोगों ने नाराजगी जताई।

अल्पंसख्यक विकास समिति के महासचिव व पार्षद अब्दुल खालिक आवास पर आयोजित बैठक में धीमी गति से हो रहे कार्य पर विचार विमर्श किया गया। पार्षद अब्दुल खालिक ने कहा कि उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियों के अपलोड न होने के कारण पता चला है कि केवल सहारनपुर में बहुत सी वक्फ सम्पत्तियों के मुतवल्लियों की कमेटी का आगामी रिनीवल न होने के कारण कार्य धीमी गति से चल रहा है। उन्होने कहा कि यह भी ज्ञात हुआ है कि नगर में रिनीवल के लिए ऑनलाईन कुछ मुतवल्लियों ने अपने कार्यकाल के सम्बन्ध में बोर्ड को अवगत कराया है परन्तु वक्फ बोर्ड में कोई कार्य नहीं हो रहा है। इस विलम्ब से उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियाँ अपलोड करने में कठिनाई आ रही है जिससे यह अभियान प्रभावित हो रहा है। वक्फ बोर्ड को चाहिए कि सभी मुतवल्लियों को रिनीवल कराने के लिए खुद आमन्त्रित करें जिससे सभी सम्पत्तियाँ रिनीवल हो जाये और साथ में पोर्टल पर चढ़ जाये तथा जो कमेटियाँ रिनीवल के लिए लखनऊ कार्यालय में गयी हुई है, उन्हें तुरन्त रिनीवल कराया जाये जिससे अभियान को सफल बनाया जा सकें और सभी वक्फ सम्पत्तियों को सुरक्षित रखा जा सकें। इस दौरान मौहम्मद अय्यूब, कारी इरशाद, अब्दुल कादिर, मौ. याकूब, अली अहमद, मौहम्मद तनवीर, मौलवी इसरार आदि लोग मौजूद रहे।

# गन्ना पर्ची के लिए किसान चालू रखें मोबाइल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर ओ. पी.सिंह सिंह ने बताया कि चालू पेराई सत्र 2025-26 में परिक्षेत्र के गन्ना कृषकों को गन्ना पर्चियां केवल एसएमएस पर्ची के रूप में उनके मोबाइल फोन पर प्रेषित की जा रही हैं इसलिए यह आवश्यक है कि एस.जी. के. पर गन्ना कृषकों का सही मोबाइल नंबर पंजीकृत हो।



उन्होंने किसानों से कहा कि वे स्मार्ट गन्ना किसान पर पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर की जांच कर ले, यदि नम्बर गलत है तो अपने गन्ना पर्यवेक्षक के माध्यम से सही मोबाइल नंबर अपडेट करा ले। उन्होंने यह भी बताया कि कभी- कभी विभाग द्वारा किसानों को गन्ना आपूर्ति हेतु उनके मोबाइल पर प्रेषित की जाने वाली एस.एम.एस. गन्ना पर्चियों की डिलीवरी नही हो पाती है, जिसका प्रमुख कारण पंजीकृत मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र में उपलब्ध न होने, मोबाइल रिचार्ज न होने, मोबाइल स्विच ऑफ होने, डीएनडी एक्टिवेट होने एवं काल बार्ड लगे होने की स्थिति में एसएमएस पर्ची का संदेश दो घंटे के पश्चात स्वत: निरस्त हो जाता है जिसके कारण किसानों को अपनी पर्ची की जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है। इस तकनीकी समस्या के निवारण के लिये अनिवार्य है कि सभी किसान एसएमएस पर्ची प्राप्त करने के लिये अपने मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र में रहे, मोबाइल को रिचार्ज रखे, काल बार्ड का विकल्प न चुनें, अपने मोबाइल का एस.एम.एस. इनबॉक्स खाली रखें। डी.एन.डी. सर्विस को एक्टिवेट न करें ताकि सर्वर द्वारा प्रेषित एसएमएस गन्ना पर्ची उनके मोबाइल पर उन्हें रियल टाइम में प्राप्त हो जाए। पर्ची निर्गमन की यह व्यवस्था पूर्णतया पारदर्शी है। इस व्यवस्था में किसानों के मोबाइल नंबर पर एसएमएस पर्ची भेजे जाने से किसान को तत्काल पर्ची प्राप्त होगी और समय से पर्ची मिल जाने के कारण ताजे गन्ने की आपूर्ति के साथ-साथ किसान गन्ने की सूख से होने वाली हानि से भी बच पाएंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, उ.प्र. ने सभी परिक्षेत्रीय अधिकारियों एवं जिला गन्ना अधिकारियो को भी निर्देशित किया है कि वह इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए एक अभियान चलाकर सभी गन्ना किसानों के सही मोबाइल नंबर अपडेट कराने के साथ ही लगातार कृषकों को जागरूक करें ताकि कृषकों को गन्ना आपूर्ति में कोई असुविधा न हो।

# आजाद ग्रुप सबसे ज्यादा प्रश्नों के उत्तर देकर रहा अव्वल

**चिलकाना।** सुल्तानपुर में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जूनियर हाई स्कूल के तत्वाधान में आयोजित भारत को जानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में आजाद ग्रुप ने सबसे ज्यादा प्रश्नों के उत्तर देकर पहला स्थान प्राप्त किया।

स्कूल प्रांगण में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ गीताश्री फाउंडेशन के अध्यक्ष आंनद मिश्रा, स्कूल प्रबंधक श्याम कुमार सैनी तथा एकता जन सेवा समिति के संरक्षक बालकृष्ण शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की जानकारी होना बहुत जरूरी है। सामान्य ज्ञान के अभाव में बच्चे हर कंपीटिशन में पीछे रह जाते हैं। प्रतियोगिता में सरोजिनी ग्रुप, इंदिरा गांधी ग्रुप, विवेकानंद ग्रुप, लक्ष्मी बाई ग्रुप, आजाद ग्रुप, भगतसिंह ग्रुप में शामिल बच्चों ने देश, दुनिया, खेल, विज्ञान, राजनीति पर आधारित सामान्य ज्ञान के अनेक प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए। आजाद ग्रुप से कशिश, हलीमा तथा नकुल ने पहला स्थान प्राप्त किया। इंदिरा गांधी ग्रुप से हुजैफा, लुबना तथा वजीहा दूसरे स्थान पर रहे, जबकि विवेकानंद ग्रुप से वैष्णवी, चांद तथा मयंक तीसरे स्थान पर रहे। लक्ष्मीबाई ग्रुप के सलमान, अर्पित एवं केशव तथा भगत सिंह ग्रुप के वर्षा, आरती एवं आफिया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता का संचालन नलनीश कुमार तथा बिजेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान संजीव कुमार, प्रवेश कुमार, कोमल, अनीता, शगुन, काजल, रविंद्र शर्मा आदि रहे।

# दो दिवसीय औद्योगिक गोष्ठी एवं भ्रमण का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत दो दिवसीय औद्यानिक गोष्ठी एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत चौ. मांगेराम व शहर विधायक राजीव गुम्बर ने किया। उनका स्वागत श्रीमति पूजा संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा किया गया। जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह जिला द्वारा जनपद में संचालित विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा कृषकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिये पंजीकरण कराने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने वक्तव्य के माध्यम से उपस्थित किसानों को उद्यान विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं में सहभागिता करने हेतु प्रेषित करते हुए आयोजित गोष्ठी की भूरी-भूरी प्रसंशा की गयी। इसके अतिरिक्त सुश्री डा. सोनम सिंह, सहायक कैमिस्ट, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा कृषकों को फलदार वृक्षों में पोषण सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध करायी गयी। डा. आईके कुशवाह, प्रभारी अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र, सहारनपुर द्वारा मशरूम उत्पादन, डा. वीरेन्द्र सिंह वर्मा वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा शाकभाजी उत्पादन से सम्बन्धित जानक. ारी दी गयी। डा. के.के. नागर, पशु चिकित्सा अधिकारी, रमेश चन्द्र, खाद्य प्रसंस्करण अधिकारी, सन्दीप पाल, उप कृषि निदेशक, वीरेन्द्र नाथ, प्रतिनिधि जिला गन्ना अधिकारी द्वारा कृषकों को अपने विभाग से सम्बन्धित योजना की जानकारी दी गयी। सत्यपाल सिंह ग्राम रनियाला दयालपुर, प्रगतिशील कृषक द्वारा स्ट्राबेरी एवं शाकभाजी में मचान की खेती के विषय में जानक. ारी दी गयी।



जिला पंचायत अध्यक्ष चौ. मांगेराम द्वारा बागवानी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषको को सम्मानित किया गया। उक्त गोष्ठी में सभी 11 विकासखण्डों से लगभग 400 से अधिक कृषकों ने उपस्थित होकर गोष्ठी में भाग लिया। गोष्ठी में औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, राजकीय फल संरक्षण केन्द्र, मतस्य विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, गन्ना विभाग द्वारा मौनपालन का स्टाल एवं जिला उद्यान अधिकारी आदि द्वारा लगाये गये स्टालों का मुख्य अतिथि द्वारा अवलोकन किया गया। गोष्ठी के सफल आयोजन कराने में भूपेन्द्र कुमार व.उ.नि., राज. कुमार सिंह उ.नि., संकल्प द्विवेदी लेखाकार एवं ललित शर्मा कनिष्ठ सहायक का विशेष योगदान रहा।

# रायपुर में वित्तीय जागरूकता का महाकुंभ



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** एक सुनहरे भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए, सहारनपुर के साढ़ौली कदीम ब्लॉक के ग्राम रायपुर में क्रिसिल फाउंडेशन और भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राम प्रधान के सहयोग से एक भव्य ष्मेगा कैम्पष का सफल आयोजन किया।

फील्ड कोऑर्डिनेटर धनपाल सिंह द्वारा ग्राम रायपुर में आयोजित शिविर में क्रिसिल फाउंडेशन की क्षमता वर्धन अधिकारी शीजा खानम ने ग्रामीणों को वित्तीय सुरक्षा के मूल मंत्र समझाए। उन्होंने केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) के महत्व पर विशेष जोर देते हुए बताया कि यह वित्तीय लेनदेन में पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए क्यों अत्यंत आवश्यक है।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, उन्होंने युवा उद्यमी योजनाश की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के बारे में बताया, जो उन्हें विभिन्न कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर स्वावलंबी बनने में मदद करता है।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान सलमान, पूर्व प्रधान राव कादिर, राव आरिफ, मुजफ्फराबाद के फील्ड कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अवैध खनन से भरे 3 डम्पर पकड़े, 6 गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** थाना पुलिस तथा राजस्व टीम द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही के दौरान अवैध खनन परिवहन करने वाले 3 डंपर पकड़े गए हैं, वहीं एक दूसरे के डम्पर को पकड़वाने की बात कहते हुए मौके पर आमादा फसाद करने वाले 06 आरोपीयों को भी पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस द्वारा दी गई जनकारी के मुताबिक एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देशन पर एसपी सिटी एवं सीओ सदर के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध खनन सामग्री के परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत चौकिंग के दौरान अवैध खनन से भरे पकड़े गए 3 डम्पर वाहनों को थाना लेकर सीज किया गया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि मौके पर पकड़े गए डम्परों के सम्बन्ध में एक दूसरे पर आरा. प प्रत्यारोप लगाते हुए शांति व्यवस्था को भंग करने वाले 06 आरोपियों एक पक्ष के आरिफ पुत्र तैय्यब निवासी बछेडा थाना कैराना जनपद शामली, इरफान पुत्र माँगा निवासी केरटू थाना झिंझाना जनपद शामली, अफसर पुत्र जमालुद्दीन निवासी मोहल्ला चामजली कोर्ट थाना ननौता जनपद सहारनपुर तथा दूसरे पक्ष के मुर्तजा पुत्र नाजिम निवासी ग्राम धौलापडा थाना गंगोह, सोहेल पुत्र फुरकान निवासी ग्राम बूढनपुर थाना गंगोह एवं महताब पुत्र युसुफ निवासी खानपुर गूर्जर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा सभी 6 आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसआई चन्द्रपाल सिंह, हैड कांस्टेबल मोहित शर्मा तथा कांस्टेबल दुर्गेश कुमार आदि शामिल रहे।

## अलग-अलग मामलों में तीन पकड़े

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली पुलिस ने अलग अलग मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है सभी के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र नागर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त साकिब पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम चुनेटी को एक सफेद धातु की पाजेब, छः सफेद धातु की अंगूठी व दो छल्ले सफेद धातु चाँदी सहित 120 रुपये नगद के साथ ग्राम कांकरकुई नहर के रास्ते से गिरफ्तार किया है। उधर एक अन्य मामले में पुलिस टीम ने शिवा पुत्र आसाराम निवासी ग्राम नोरंगपुर व मोहित पुत्र राजेंद्र सिंह उर्फ छोटा निवासी ग्राम नोरंगपुर को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पकड़े गए सभी अभियुक्तों को सम्बन्धित धाराओं में कार्यवाही करने के साथ न्यायालय में पेश किया है।

# देश में 10 करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ित: डॉ. मिगलानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** विश्व मधुमेह दिवस की पूर्व संध्या पर सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल महानगर इकाई द्वारा व्यापार भवन में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में चिकित्सक डा. संजीव मिगलानी ने मधुमेह से बचाव एवं जागरूकता पर विस्तार से जानकारी दी।



डा. मिगलानी ने बताया कि हर 10 सेकेंड में दो व्यक्ति मधुमेह के शिकार हो रहे हैं। भारत में यह बीमारी तेजी से बढ़ रही है और अब हम चीन को भी पीछे छोड़ चुके हैं। वर्तमान में देश में लगभग 10 करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, जो 2045 तक 13 करोड़ तक पहुँच सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर शुगर, बी.पी. और कोलेस्ट्रॉल की जांच करानी चाहिए तथा खानपान में सलाद, दाल, रोटी और ब्राउन राइस को प्राथमिकता देते हुए नियमित व्यायाम अवश्य करना चाहिए।

अंत में महानगर अध्यक्ष विवेक गनोचा, वरिष्ठ महामंत्री स. सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने डॉ. मिगलानी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश संरक्षक कृष्ण लाल ठक्कर, प्रान्तीय संगठन मंत्री अशोक छावड़ा, कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी, महानगर संयोजक राजकुमार विज, महानगर प्रभारी नीरज जैन, पार्षद अनिल गुप्ता, कुबेर नरूला, विनीत चौहान, अभिषेक सैनी, गौतम शंकर सिंघल, गगन गुलाटी, अश्वनी कश्यप, सिद्धार्थ जैन, कविता उपाध्याय सहित अनेक व्यापारी व गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री पुनीत चौहान ने किया।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत पुलिस ने चलाया साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**अंबेहटा।** पुलिस ने मिशन शक्ति फेज 5.0 (राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह) के तहत सशक्तिकरण अभियान चलाते हुए पीएम सर प्राइमरी स्कूल, नकुड में आयोजित कैरियर मेले में अध्यापिकाओं और बालिकाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

एंटी रोमियो टीम की महिला उप निरीक्षक सिमरन कमलेश महिला कांस्टेबल दिशा ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही बाल मजदूरी न कराने, गुड टच और बैड टच जैसे संवेदनशील मुद्दों पर जागरूकता फैलाई।साइबर अपराधों पर विशेष जोर देते हुए डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड, फ्रॉड कॉल्स और अनचाहे लिंक्स से बचाव की जानकारी दी गई। विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की सूची भी साझा की गई, जिसमें शामिल हैं।



**बेहट।** कोतवाली बेहट एंटी रोमियो टीम अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक संजीव शर्मा, व महिला हैड कास्टेबल मीनाक्षी थाना नगर के मुख्य बाजार में खरीदारी करने आई बालिकाओं व महिलाओं को जागरुक कर मिशन शक्ति फेज 5 के तहत जानकारी दी गई और महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को डिजिटल एरेस्टिंग की झूठी अफवाहो व सशक्तिकरण एवं सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाओ और बच्चो के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमो के बारे मे बताया एवं उनके अधिकारो, सुरक्षा और संरक्षण के बारे मे जागरुक किया गया, साईबर फ्राड एवं साईबर क्राईम के बारे मे भी जागरुक किया गया । सरकार द्वारा जारी किए गए हेल्पलाईन नंबर 1090 वूमेन पावर, 1930 साइबर अपराध, 108 एंबुलेंस सेवा व 112 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि व मिशन शक्ति केंद्र बारे मे जानकारी दी गयी आप्रेशन नशा मुक्ति के प्रति जागरुक किया व संदिग्ध व्यक्तियों को चौक किया गया। और उनके नाम नंबर लिखे गए।

**चिलकाना।** थाना की महिला मिशन शक्ति टीम ने नगर के नुक्कड़ चौराहों पर आने जाने वाली महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें उनकी सुरक्षा प्रति जागरूक किया।

बृहस्पतिवार को मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के तहत मिशन शक्ति टीम इंचार्ज महिला एसआई सुमन की अगुवाई में महिला आरक्षी मनिता द्वारा चिलकाना एवं सुल्तानपुर नगर के मुख्य चौराहों पर महिलाओं से संवाद स्थापित किये गए। इस दौरान उन्हें सरकारी योजनाओ, सायबर फ्रॉड तथा डिजिटल अरेस्टिंग के बारे में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे कि वूमेन पावर लाइन, आपातकालीन पुलिस सेवा तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर आदि की जानकारी देते हुए सरकारी योजनाओं से सम्बंधित पम्पलेट भी वितरित किये।

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत ग्राम कमालपुर व अलीपुर संभल में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। महिला मुख्य आरक्षी नीरज व महिला आरक्षी प्रीति ने प्राइमरी स्कूल में छात्राओं के साथ चौपाल लगाकर सुरक्षा, सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी।

वेदिका रितु (पत्नी सोनू कुमार) द्वारा दिए प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गांव पहुंची और महिलाओं-बालिकाओं को एकत्रित कर काउंसलिंग की। गुड टच-बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया गया, ताकि बच्चियां असुरक्षित स्पर्श को पहचान सकें। इसके साथ ही कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वृद्धा पेंशन जैसी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर बताए गए, जिनमें 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस इमरजेंसी), 1098 (चाइल्ड लाइन), 1930 (साइबर क्राइम), 101 (फायर), 102 व 108 (एम्बुलेंस) शामिल हैं। सभी को पंपलेट वितरित किए गए। टीम ने महिलाओं-बालिकाओं से उनकी समस्याएं सुनीं और तत्काल समाधान का आश्वासन दिया।एसएचओ फतेहपुर ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चौपालें लगाई जा रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण ही अभियान का मुख्य उद्देश्य है। ग्रामीणों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की।

**नोटिस प्रकाशन सूचना**

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन)**

**सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर**

अपील संख्या- सी-202109000001748 धारा-24(4) उ.प्र राजस्व संहिता 2006, मौजा साखन खुर्द परगना नागल तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर।

धर्मपाल बनाम मु. गीता आदि

**नोटिस बनाम:-** 1. मु. गीता पत्नी कपिल 2- अशोक पुत्र रूपचन्द 3- प्रमोद कुमार 4- विनोद कुमार पुत्रगण बलवन्त 5- हर्षित नाबालिग पुत्र कपिल संरक्षक माता स्वंय श्रीमती गीता समस्त निवासीगण ग्राम साखन खुर्द परगना नागल तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर 6. ग्राम सभा ग्राम साखन खुर्द परगना नागल तहसील देवबन्द जिला सहारपुर द्वारा प्रधान। -विपक्षीगण

प्रस्तुत अपील अपीलार्थी धर्मपाल पुत्र कूड़ा निवासी ग्राम साखन खुर्द परगना नागल तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर ने उपजिलाधिकारी देवबन्द द्वारा वाद संख्या टी 201909600402985/2019 अन्तर्गत धारा 24 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006, श्री धर्मपाल बनाम विनोद कुमार आदि में पारित आदेश दिनांक 21.10.2021 के विरूद्ध अपील इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में दिनांक 18.11.2025 नियत है।

अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 18.11.2025 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।

**आज्ञा से**

**अपर आयुक्त (प्रशासन)**

**सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

# देवबन्द कोतवाल लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वधर्म के लोगों की आयोजित बैठक में कोतवाल नरेंद्र कुमार शर्मा को सभी धर्मो में आतंकवाद का उदाहरण देना भारी पड़ गया। वीडियो वायरल होने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने उन्हें लाइन हाजिर कर दिया। हालांकि कोतवाल का कहना है कि उनकी मंशा किसी को ठेस पहुंचाने की नहीं थी, आधी अधूरी वीडियो वायरल की गई है।



दरअसल, दिल्ली में हुए धमाके के बाद तरह तरह की अफवाह फैल रही थीं। इन अफवाहों से माहौल खराब न हो इसके लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने कोतवाली में सर्वधर्म के लोगों की बैठक बुलाई थी। इस दौरान उन्होंने आपसी सद्भाव की बात करते हुए कहा कि आतंकवाद और आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता। उदाहरण दिया कि नक्सली हिंदू धर्म से थे, बहुत से आतंकवादी नेवी में पकड़े गए, बहुत से आतंकवादी आर्मी वाले पकड़े गए बहुत से हिंदू आतंकवादी पंजाब में भी पकडे गए। यह सोच गलत है कि मुसलमान ही आतंकवादी होता है। वो हर धर्म में हो सकते हैं। इस दौरान किसी ने उनकी वीडियो बना ली और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसे लेकर बहस शुरु हो गई और हड़कंप मच गया। वीडियो लखनऊ पहुंची गई, जिसके बाद बृहस्पतिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया। हालांकि इसे लेकर इंस्पेक्टर का कहना है कि वीडियो का कुछ अंश वायरल किया गया, जबकि पूरी वीडियो सुनी जाए तो साफ हो जाएगा कि उनकी मंशा किसी धर्म पर सवाल उठाने की नहीं थी।

### हिंदू संगठन के लोगो ने किया कोतवाल का समर्थन

देवबंद कोतवाल नरेंद्र शर्मा की वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर उनके समर्थन में तरह-तरह की पोस्ट आने लगी। बजरंग दल देवबंद के पूर्व प्रांतीय संयोजक विकास त्यागी ने उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की और वीडियो में छेड़छाड़ करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विकास सैनी ने वीडियो वायरल कर कहा कि कुछ शरारती तत्वों ने उनकी वीडियो को गलत तरीके से वायरल किया। जबकि सच्चाई यह है कि नरेंद्र शर्मा कर्मठ और साफ छवि के इंसान है। गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश पंवार ने वायरल वीडियो में कहा कि वीडियो को एडिट किया किया गया है, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

## छात्रों ने रेली निकाल एकता का दिया संदेश

**देवबन्द।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राजकीय मॉडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर के छात्रों ने रैली निकाली। इसमें छात्रों ने एकता बनाए रखने पर जोर दिया। कॉलेज परिसर से प्रारंभ हुई रैली विभिन्न मार्गो से होते हुए पुन: कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। इसमें छात्रों ने बिरसा मुंडा अमर रहे, जनजातीय गौरव हमारी अभिमान है और एकता में शक्ति है जैसे नारों का उद्घोष किया। प्राचार्य डा. राकेश कुमार ने कहा कि रैली का उद्देश्य समाज में जनजातीय नायकों के गौरवपूर्ण योगदान, उनके संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाना था। डा. त्रिसुख सिंह, डा. रेनू रानी, डा. मदनपाल सिंह, डा. सचिन कुमार, डा. प्रशांत कुमार, डा. धीर सिंह आदि छात्र शामिल रहे।

# किसानों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गेहूं बुआई के लिए उपलब्ध कराये जाने एवं आवारा पशुओं द्वारा किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने समेत अन्य समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने एसडीएम को 9 सूत्रीय ज्ञापन दिया। जिसमें सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान किए जाने की मांग की गई।



संगठन के ब्लाक अध्यक्ष चौधरी ललित कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को दिए ज्ञापन में कहा है कि आवारा पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान बेहद परेशान है। ब्लाक से किसानों को पर्याप्त मात्रा में गेहूं का बीज नहीं मिल रहा है, जिससे गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है। साखन कलां में मेन रोड पर प्रकाश की व्यवस्था न होने से लोगों को रात में परेशानी होती है। चंदपुर कायस्थ में खसरा नंबर 363 में पिछले करीब 20 साल से आबादी बसी हुई है, लेकिन अब तक खेती की जमीन में आता है, इसे आबादी में दर्ज किया जाए। फ्लाईओवर के नीचे जो रास्ते देवबंद से बाहर जा रहे हैं उन पर रिक्शा स्टैंड बना रखे हैं, जिन्हें हटाया जाना जनहित में है। जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र नहीं मिलने से लोग परेशान हैं। विद्युत निगम के कर्मचारी किसी भी घर पर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर न लगाएं। ज्ञापन देने वालों में फरमान अली, पंकज चौधरी, शहजाद, अविनेश त्यागी, दानिश, राशिद, आरिफ कुरैशी, अफ्फान, अनुराग व सरताज आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष में शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद: चंद्रहास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 25 नवंबर दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर होने वाली महारैली की सफलता के लिए इरिगेशन मिनिस्ट्रियल संगठन सिंचाई एवं भंडार कर्मचारी संघ व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ (सिंचाई) की संयुक्त बैठक डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता एवं सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह के संचालन में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि 25 नवंबर की महारैली पुरानी पेंशन बहाली कि संघर्ष में मिल का पत्थर साबित होगी और संघर्ष को सफलता के आयाम पर पहुंचाएगी।



डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा एवं जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा ये श्रेय और अस्तित्व का नहीं भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा का है। इरिगेशन मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भंडार कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार दिवाकर एवं सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा जिला मंत्री ब्रह्मपाल सिंह आगामी 25 नवंबर को दिल्ली हमारे संगठन के अध्यक्ष से अधिक साथी प्रतिभाग करेंगे।

# वक्फ सम्पत्तियों का कराये पंजीकरण

■ **नवीनीकरण न कराने वाले मुतवल्लीयों के खिलाफ हो सकती है कार्रवाई**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण एवं एसआईआर के अंतर्गत मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए फार्म शीघ्र भरकर जमा कराएं। क्योकिं निधार्रित समय में वक्फ संपत्तियों का नवीनीकरण न कराने वाले मुतवल्लीयों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।





इंडिया इस्लामिक एकेडमी के संस्थापक ऐनी कासमी ने जारी अपने ब्यान में कहा हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने भले ही वक्फ एक्ट- 2024 में कुछ धाराओं में अंतरिम राहत दी हो लेकिन वक्फ संपत्तियों का नवीनीकरण कराना जरुरी है। कहा कि उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण और नवीनीकरण की प्रक्रिया बिना रुके जारी रहेगी। उन्होंने पांच दिसंबर तक सभी वक्फ संपत्तियों का नवीनीकरण और पंजीकरण कराने का आह्वान किया। कहा कि ऐसा न करने पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड और छह माह की जेल का भी प्रावधान है। इसलिए वह देवबंद में प्रतिदिन लगाए जा रहे विशेष बूथ पर पहुंच पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि मतदान सूची में नाम दर्ज कराना सिर्फ अधिकार ही नहीं बल्कि कौमी और सामाजिक जिम्मेदारी है। क्योंकि इससे मिल्ली और राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व मजबूत होता है।

सुन्नी वक्फ सेंट्रल बोर्ड के कोर्डिनेटर कारी रहीमउद्दीन कासमी ने कहा कि सरकारी दिशा-निर्देशो के अनुरुप वक्फ बोर्ड में पंजीकृत संपत्तियों का नवीनीकरण और पंजीकरण का कार्य गंभीरता के साथ किया जा रहा है। कहा कि थोड़ी सी लापरवाही भी भविष्य में गंभीर परिणाम दे सकती है।

## पुलिस चौकी का उद्घाटन किया

**कोतवाली देहात।** नहटौर विधायक ओमकुमार के अथक प्रयास से उनके पैतृक गांव महेश्वरी जट में नई पुलिस चौकी खोली गई हैं। जिसका मंत्र उच्चारण के पश्चात भाजपा विधायक ओम कुमार एवं सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने संयुक्त रुप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गांव में पुलिस चौकी खोलकर सरकार ने क्षेत्र के शांति प्रिय जनता को सुरक्षा प्रदान करने का कार्य किया है । उन्होंने नव सर्जित पुलिस चौकी पर तैनात दीपक कुमार से हर संभव जनता को न्याय दिलाने में सहयोग करने का भी निर्देश दिया। सीओ अंजनी कुमार ने बताया कि चौकी क्षेत्र में लगभग 22 गांव को शामिल किया गया हैं। खटीमा-पानीपत हाइवे पर खोली गई चौकी सुरक्षा व हाइवे की दृष्टि से आवश्यक थी। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने सभी आगंत.ुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महेश्वरी मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, रवि प्रजापति, भूरे सिंह, शिव कुमार कश्यप, कुलदीप त्यागी, दिनेश त्यागी, टीकम सिंह, विनीत चौधरी, रोबिन चौधरी, अनिल चौधरी, ऋषि त्यागी, महिपाल ग्राम प्रधान, सुरेश भगत, जितेंद्र कश्यप, डॉ. जितेंद्र, दीपक चौधरी आदि समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरकार की बाल श्रम रोकने की योजनाएं हवाई साबित

### लाखों मासूम बच्चे गरीबी के कारण मजदूरी करने पर मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री रहे पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्म दिन स्कूलों व कॉलेजों में 11 नवम्बर को बाल दिवस के रुप में भले ही बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा है। लेकिन आज भी लाखों मासूम बच्चे गरीबी के कारण होटलों, कारखानों व मजदूरी करने पर मजबूर है। लेकिन बाल श्रम रोकने के लिए सरकार चाहे कितनी भी योजना बनाये या दावे करे, परन्तु यह योजनाएं हवाई साबित होती नजर आ रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज 14 नवम्बर को हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री रहे जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिन बाल दिवस के रुप में मनाया जाता है। जवाहरलाल नेहरू जी बच्चों से बहुत प्रेम व उनकी देखभाल करते थे। लेकिन आज के समय में यह सब कागजों में सिमट कर रह गया है। वहीं प्रदेश सरकार बाल श्रम रोकने हेतू विभाग के अधिकारियों को लाखो करोड़ों रुपये महिना सेलरी देती है। लेकिन विभाग के आलाधिकारी कार्यालयों में बैठकर कागजों में चैकिंग दिखाकर सरकार को गुमराह करने का काम कर रही। नगर में आज भी मासूमों का बच्चपन होटलों में बर्तन माझते हुए व ब्रश के कारखानों, मेट्रो रिक्शा, मजदूरी व पेट की भूख मिटाने के लिए कुछ छोटी-छोटी मासूम बच्ची चौराहों, मौहल्लों आदि में जान हथेली पर रखकर प्रोग्राम कर देखने वाले लोगों से चंदा इकट्ठा कर घर का गुजारा चलाती है। लेकिन आज तक किसी सत्ता पक्ष नेता या समा.जिक संस्थाओं ने इस ओर ध्यान देना गंवारा नहीं समझा है। जिस उम्र में इन मासूमों के हाथों में पैन और किताबें होनी चाहिये, वहीं समाज के कुछ बेरहम लोगों ने इन के बच्चपन को मानो कैद कर लिया हो, ऐसा नहीं कि बाल श्रम से जुड़े अधिकारियों को इसकी जानकारी न हो। होटलों पर दम तोड़ता बच्चपन केन्द्र व प्रदेश सरकार कि उन घोषणाओं को चिड़ाता नजर आ रहा है। जिसमें छह वर्ष से ले के 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा दिया जाना बताया जाता है। इतना ही नहीं इस सरकार से जुड़े कुछ कर्मचारी भी घर बैठे ही सरकार कि इस घोषणा के अनुसार 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का स्कूलों में दाखिला होना दिखा देते है। जबकि हकीकत इस से उलट है। यदि प्रशासन ईमानदारी से सर्वे करे, तो आज भी होटलों, दुकानों ब्रश कारखानों में ऐसे बच्चे काम करते मिल जायेंगे। जिन को स्कूलों में होना चाहिए था। बताया जाता है कि यह होटल व ब्रुश कारखानों के मालिक कम सेलरी के चक्कर में इन बच्चों का भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है।

### ब्रश के कुछ कारखानों में नाबालिग बच्चों से कम रुपयों में कराई जा रही नौकरी

**शेरकोट। ब्रश के कारखानों के मालिक चंद रुपये बचाने के चक्कर मे नगर की कई फर्मों में पढ़ाई करने की उम्र में उनसे कम रुपयों में अपने यहां नौकरी करवा रहे है। यदि अधिकारी ईमानदारी के साथ नगर एवं आसपास के क्षेत्र के ब्रश कारखानों की जांच करे, तो दर्जनों नाबालिग बच्चे नौकरी करते मिल सकते है।**

# नाले में युवक का शव मिलने से मची सनसनी





**कोतवाली देहात।** सुबह शिव मंदिर के पास नाले में एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला। शव की पहचान ग्राम फरीदपुर मान उर्फ पमडावली निवासी ऋषभ कुमार पुत्र ओमपाल (26 वर्ष) के रूप में हुई।

बताया जा रहा है कि ऋषभ बिजनौर रोड पर स्थित एक क्रेशर में मजदूरी करता था। बुधवार की रात्रि वह किसी काम से बरुकी आया था। जहां खुले नाले में गिरकर उसकी मौत हो गई। परिजनों ने हाइवे निर्माण कर रही संस्था के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने नाला खुला छोड़ दिया है। इस दौरान शव तीन घंटे तक पुलिस चौकी बरुकी में रखा रहा।

### परिजनों में मचा कोहराम

इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण पुलिस चौकी पर पहुंच गए। मौके पर सीओ नगीना अंजनी चतुर्वेदी,,थाना अध्यक्ष कोतवाली देहात प्रवेज तोमर भी पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया। परिजन मुआवजे की मांग पर अड़े थे। इसके बाद मौके पर पहुंचे एनएचएआई के अधिकारियों तथा परिजनों के बीच समझौता वार्ता हुई। इसके बाद परिजन सहमत हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

इस संबंध में सीओ नगीना अंजनी चतुर्वेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी बिंदुओं पर जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**नगीना।** नगर के मौहल्ला काजी सराय निवासी नवेद पुत्र लईक अहमद ने ई रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि 08 नवंबर को वह सुबह 09.40 पर अपनी बैट्री रिक्शा लेकर मण्डी समीति नगीना में भाडे के लिये एक अंजान आदमी के साथ गया था। उसके कुछ समय बाद ही वह अंजान आदमी उसकी रिक्शा सहित मण्डी में कहीं नहीं मिला। उसने बताया कि वह अपरिचित व्यक्ति चालक की रिक्शा चोरी करके ले गया है। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि उसी समय पीड़ित की तबीयत भी खराब हो गयी थी, जिस कारण परिजन उसे अस्पताल लेकर गये थे। अस्पताल से इलाज के बाद पीड़ित और उसके घरवाले अभी तक अपनी रिक्शा की तलाश करते रहे। पीड़ित चालक ने थाने में आवेदन देकर कार्रावाई करने की मांग की है।

## हीमपुर में वाहन जगह-जगह हुए चेक, कई ने किये बैक

**हीमपुर दीपा।** दिल्ली धमाके के बाद बिजनौर पुलिस ने चौकसी बढ़ाते हुए चप्पे चप्पे पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है । जहां एक-एक वाहन को चेक किया जा रहा है, वहीं बिना हेलमेट बाइक सवारों के जमकर चालान काटे जा रहे हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह के निर्देशन पर हीमपुर दीपा पुलिस ने बीती देर शाम चेकिंग अभियान चलाया। स्याऊ-सब्दलपुर मार्ग पर एसआई एसआई जगत सिंह सिपाही सचिन पंवार, सचिन कुमार तो चांदपुर बिजनौर मार्ग पर एसआई रजत चौधरी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे । इसी के साथ छांछरी टीप और रावटी पुलिस चौकी पर भी वाहनों की चैकिंग की गई ।

## चुनावी वादे- दावे शुरू, प्रत्याशी एक का एक गुरु

**बिजनौर।** जिले भर में ग्राम प्रधान और जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए प्रत्याशियों की बैठक और दांव पेंच शुरू हो गए हैं। जगह-जगह दीवारों पर इन संभावित प्रत्याशियों के पोस्टर भी चस्पा हो चुके हैं। जिनमें बड़े-बड़े वादे, बड़े-बड़े दावे छपवा दिए गए हैं।

विशेष बात यह है कि इन दावेदारों में कुछ तो पूर्व ऐसे प्रत्याशी भी हैं जो जिला पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान बनने के बाद क्षेत्र की समस्याओं से किनारा कर घर बैठ गए थे । वह ऐसे शांत होकर बैठे जैसे वह इस क्षेत्र के न होकर दूसरे ग्रह से आए हो। वहीं कुछ ऐसे दावेदार भी हैं, जिनका पेशा दलाली का रहा है और आज भी है। हालांकि कुछ नए प्रत्याशियों और पूर्व दावेदारो ने भी चुनाव लड़ने का मन बनाया है, जो लगातार बैठक भी कर रहे हैं। क्षेत्र में उनका लोगों से मिलना मिलाना भी हो रहा है और वह क्षेत्र में एक्टिव भी नजर आ रहे हैं। हालांकि पूर्व ग्राम प्रधानों और जिला पंचायत सदस्यों को देखकर जनता का यही कहना है कि इस बार सामाजिक और जिम्मेदार व्यक्ति को ही विकास के नाम पर वोट दिया जाएगा । क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि लंबे-लंबे वादे और डींगें हांकने वाले प्रत्याशी से भी लोग सावधान रहें, ऐसे प्रत्याशी को वोट देकर अपना वोट खराब न करें।

### हजार का खर्चा लाख कमाई

बिजनौर। क्षेत्र में चर्चा है कि अभी तो कुछ ऐसे प्रत्याशी भी हैं, जिन्होंने क्षेत्र में दस-बीस हजार के पोस्टर लगवा दिए होंगे और नामांकन के समय पर वह किसी प्रत्याशी से लाख- दो लाख रुपये लेकर घर बैठ जाएंगे।

## नूरपुर में प्रेमी युगल को रंगरेलियां मनाते पकड़ा

### गन्ने के खेतों को बनाया अड्डा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर में मुरादाबाद मार्ग पर गन्ने के खेत में प्रेमी युगल को रंगरेलियां मनाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। उनकी पिटाई भी की गई। मगर बुजुर्गों ने दखल देकर उन्हें वहां से भेज दिया।

प्राप्त समाचार के नूरपुर में मुरादाबाद मार्ग पर आज दोपहर प्रेमी युगल के सिर पर अय्याशी का भूत सवार हो गया। उन्होंने एक सूनसान जगह पर चक रोड पर बाइक खड़ी कर दी और अन्दर गन्ने के खेत में चले गए। वहां पर वह रंगरेलियां मनाने लगे। उन्हें खेत में जाते हुए एक बाइक सवार ने देख लिया था। उसे कुछ शक हुआ, तो वहां से गुजर रहे अन्य लोगों को रोक कर वह गन्ने के खेत के किनारे ले गया। उन्होंने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। प्रेमी युगल घबराते हुए बाहर निकल आए। बाहर खड़े लोगों ने उनसे नाम व पता पूछा और न बताने पर पिटाई शुरू कर दी। मगर वहां मौजूद बुजुर्गों ने उन्हें फटकार लगाते हुए वहां से भगा दिया। बुजुर्गों ने भीड़ को भी तितर-बितर कर दिया। आजकल गन्ने के खेतों को अय्याशों ने अपना अड्डा बना लिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में गन्ना छीलने के बहाने गन्ने के खेतों में अय्याशी हो रही है। गन्ने की कटाई के दौरान कंडोम भी मिल रहे है।

# मैनेजर की हत्या में मुजफ्फरनगर के दो बदमाशों को उम्रकैद

### कोर्ट ने बीस जार रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया, 2008 में लूट के विरोध पर हुई थी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** 2008 में दुस्साहसिक तरीके से प्रोडक्शन मैनेजर की हत्या में कोर्ट ने अहम् फैसला सुनाया गया है। न्यायालय ने फैक्ट्री के प्रोडक्शन मैनेजर की गोली मारकर हत्या करने व विरोध पर उनकी पत्नी व बेटे पर को लहूलुहान करने के मामले में जनपद मुजफ्फरनगर के दो सगे भाइयों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जबकि उन पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

यह दुस्साहिक वारदात गजरौला की एमडीए कॉलोनी से जुड़ा था। यहां जुबिलेंट फैक्ट्री के प्रोडक्शन मैनेजर रामवीर सिंह अपने परिवार के साथ रहते हैं। सन् 2008 में 11 सितंबर की रात तीन बजे रामवीर सिंह अपने कॉलोनी स्थित आवास में सो रहे थे जबकि उनकी पत्नी, दो बेटे और बेटी कमरे में सो रहे थे। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक नकाबपोश बदमाश घर में घुस आये। तथा यहां लूटपाट शुरू कर दी थी। विरोध करने कर बदमाशों ने रामवीर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोली उनके चेहरे को चीरते हुए आर-पार निकल गई थी। गोली की आवाज सुनकर उनका बेटा नरेंद्र ड्राइंग रूम में पहुंचा तो रामवीर वहां बेड के नीचे खून से लथपथ पड़े थे। परिवार में जाग होने पर बाहर खड़े अन्य बदमाश फायर करते हुए दरवाजा तोड़ घर में घुस आए थे। घर में घुसते ही बदमाशों ने नरेंद्र सिंह और उनकी मां पर भी गोली चला दी थी। हमले में मां-बेटे भी घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने नरेंद्र सिंह की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ डकैती के दौरान हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। छानबीन और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने मुजफ्फरनगर के भोपा थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी अंजुम को गिरफ्तार किया था। अंजुम ने पूछताछ के दौरान साथियों के साथ वारदात को अंजाम देने कुबूल कर लिया था। साथी बदमाशों के नाम भी उगल दिए थे। पुलिस ने अंजुम को जेल भेज दिया था। बाद में पुलिस ने मुजफ्फरनगर जिले के ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा के रहने वाले दो सगे भाई नजाकत व शहजाद और झिंझाना थानाक्षेत्र के मुशर्रफ उर्फ गुलजार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। फिलहाल, नजाकत और उसके भाई शहजाद की पत्रावली की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय की अदालत में चल रही थी। एडीजीसी अमित कुमार वशिष्ठ के मुता.बिक बुधवार को अंतिम सुनवाई के दौरान अदालत ने नजाकत और शहजाद की पत्रावली पर आखिरी सुनवाई की। साक्ष्यों के आधार पर दोनों को दोषी करार दिया। दोनों भाइयों को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वारदात ने तब लोगों को हिला कर रख दिया था। गजरौला पुलिस को भी लोगों के गुस्से का भी सामना करना पड़ा था। बताया जाता है कि डकैती के दौरान एक बदमाश मां-बेटे के ऊपर तमंचा ताने खड़ा रहा था और बाकी बदमाश लूटपाट करते रहे थे। शोर मचाने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। बदमाश अलमारी में रखे 50 हजार रुपये और लाखों रुपये की कीमत के सोने-चांदी के गहने लूट ले गए थे। इतना ही नहीं बदमाश चार मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए थे ताकि उनके जाते समय परिवार के लोग किसी को सूचना न दे सकें। मामले में तत्कालीन अपर सत्र न्यायाधीश ने साल 2015 में अंजुम को दोषी करार देते हुए उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इस बीच पुलिस अभिरक्षा से फरार हुआ बदमाश मुशर्रफ का आज तक पता नहीं चल सका है। पुलिस अभिरक्षा से भागे बदमाश मुशर्रफ उर्फ गुलजार की पत्रावली अलग चल रही है। दोनों भाई कुख्यात अपराधी थे। मामले में मुजफ्फरनगर के भोपा थानाक्षेत्र के नया गांव निवासी बदमाश अंजुम दस साल से उम्रकैद की सजा काट रहा है जबकि डकैती में शामिल दो बदमाशों को रुड़की पुलिस मुठभेड़ में ढेर कर चुकी है।

## आम के पेड़ों पर चल आरा

**कालागढ़।** ग्राम पंचायत इस्लामनगर में विभाग की लापरवाही एवं बिजली विभाग की मिलीभगत से मोटे-मोटे आम के पेड़ों पर चले आरे कालोनी मेट द्वारा दी गई अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार को जानकारी दी गई। सिंचाई विभाग अधिकारी से बृजेश कुमार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर अधिकारियों को भेज कर ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर करवाई की। वहीं अवर अभियंता ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर कार्यवाही की जा रही है। वहीं बिजली विभाग में तैनात कर्मचारी इन पेड़ों को कटवाने के खम्बों के केबिलों को हटाने के लिए मोटी रकम लेकर केबिलों को हटाते है और जब इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता धामपुर से केबिल हटाने की जानकारी ली, तो उन्होंने किसी आदेश से इनकार किया और कार्यवाही का भरोसा दिलाया। मालूम हो कि बृहस्पतिवार को आम के पेड़ों पर आरा चलने वालों से साठ गांठ शुल्क वसूल कर अनुबंधित कर्मचारियों ने सुबह से ही खम्बों के केबिल हटाकर बिजली गुलकर दी।

# रोमांचक टेस्ट के लिए तैयार ईडन गार्डन्स

## भारत-द. अफ्रीका के बीच दो मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट आज से



**कोलकाता, वार्ता।** ईडन गार्डन्स में दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार को रोमांचक मुकाबला होने वाला है। भारत प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत कर रहा है, लेकिन प्रोटियाज को नजरअंदाज मत कीजिए-उनके पास मैच में हलचल मचाने की क्षमता है। शुभमन गिल शांत और प्रभावशाली तरीके से मेजबान टीम की अगुवाई कर रहे हैं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि यह भारतीय बल्लेबाजी क्रम जबरदस्त है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल नई गेंद का सामना कर सकते हैं, जबकि मध्यक्रम-ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल-गहराई, लचीलापन और अप्रत्याशितता का तड़का लगाते हैं। और याद रखें, ईडन की यह पिच सिर्फ़ ताकत ही नहीं, बल्कि कौशल को भी पुरस्कृत करती है। गेंदबाजी विभाग घातक है। जसप्रीत बुम. राह और मोहम्मद सिराज अपनी तेजी और उछाल से पारी की शुरुआत कर सकते हैं जिसका कोई भी बल्लेबाज सम्मान करेगा, जबकि कुलदीप यादव, जडेजा और सुंदर विकेट के टर्न लेते ही अपनी स्पिन का जादू बिखेरेंगे।

टॉस जीतने वाले कप्तान लगभग निश्चित रूप से सपाट सतह का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बल्लेबाजी करेंगे, जिससे मैच के बाद के मुकाबले में मुक. ाबला तय हो जाएगा। टेम्बा बाव. ुमा कप्तान के रूप में फिर से मैदान पर हैं, और उन्हें पता है कि चुनौती बहुत बड़ी है। रयान रिकेल्टन और एडेन मार्करम को शीर्ष क्रम को संभालना होगा, जबकि बावुमा, टोनी डी जोरजी और वियान मुल्डर मध्यक्रम को संभालेंगे। गेंदबाजी के मोर्चे पर, कगिसो रबाडा और वियान मुल्डर को शुरुआत में ही जोरदार शुरुआत करनी होगी-शुरुआती सफलता अनमोल होगी।

केशव महाराज और सेनुरन मुथुस्वामी टर्निंग पिच का फ़ायदा उठाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इतिहास मेहमान टीम के पक्ष में नहीं है। दक्षिण अफ्रीका ने 15 साल से जडादा समय से भारत में कोई टेस्ट नहीं जीता है, लेकिन अगर वे शुरुआती झटकों को झेल सकते हैं, दबाव झेल सकते हैं और भारत की स्पिन सेना से निपट सकते हैं, तो आश्चर्य हो सकता है। यह आसान नहीं होगा, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में कुछ भी संभव है। ईडन गार्डन्स की कहानी दो भागों में बयां करती है। पहली पारी के लिए पिच सपाट और सटीक है।

### संभावित एकादश

**भारतः** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुम. राह, मोहम्मद सिराज

**दक्षिण अफ्रीकाः** टेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स, वियान मुल्डर, काइल वेरिन (विकेटकीपर), सेनुरन मुथुस्वामी, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, रयान रिकल्टन, साइमन हार्मर।

# इस्लामाबाद विस्फोट के बाद सीरीज रावलपिंडी स्थानांतरित

● **डॉन ने बताया कि पाकिस्तान श्रीलंका के बीच दूसरा और तीसरा वनडे मैच अब 14 और 16 नवम्बर को रावलपिंडी में होगा**

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका के साथ चल रही वनडे श्रृंखला और श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ आगामी टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के संशोधित कार्यक्रम की गुरुवार को घोषणा की। साथ ही, इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के मद्देनजर सभी मैच रावलपिडी स्थानांतरित कर दिए गए हैं।

पहले यह श्रृंखला लाहौर में होने वाली थी, लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा चिताओं के कारण, टूर्नामेंट को रावलपिडी क्रिकेट स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया गया है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने बताया कि नए कार्यक्रम के अनुसार, पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच दूसरा और तीसरा एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच अब 14 और 16 नवम्बर को रावलपिडी में खेला जाएगा। पाकिस्तान, श्रीलंका और जिम्बाब्वे की त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला अब 18 नवम्बर से शुरू होगी, जिसका फाइनल 29 नवम्बर को उसी स्थान पर होगा। पीसीबी ने कहा कि कार्यक्रम में संशोधन का निर्णय श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) और जिम्बाब्वे क्रिकेट के साथ परामर्श के बाद लिया गया है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### जैनिक सिनर एटीपी फाइनल्स सेमीफाइनल में पहुंचे

**इटली, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन और इटली के दिग्गज जैनिक सिनर ने जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर एटीपी फाइनल्स के अंतिम चार में जगह बना ली है। पुरुष टेनिस में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जैनिक सिनर ने बुधवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल में तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर घंटे 37 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। सिनर की इनडोर हार्ड कोर्ट पर लगातार 28 जीत है। मैच के बाद सिनर ने कोर्ट पर इतालवी भाषा में कहा कि इसके पीछे बहुत मेहनत है। हमारे खेल में, आत्मविश्वास महत्वपूर्ण है, और यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप इस प्रतियोगिता में कैसे पहुंचते हैं।

#### बांग्लादेश के बॉलरों ने आयरलैंड को बड़ी हार की ओर धकेला

**सिलहट, वार्ता।** बांग्लदेश ने महमुदुल हसन जॉय (171) और कप्तान नजमुल शान्तो की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन स्टंप्स के समय दूसरी पारी में आयरलैंड के 86 के स्कोर पर पांच विकेट झटक कर अपनी टीम के लिए बड़ी जीत का दरवाजा खोल दिया। एक विकेट पर 338 रन से आगे खेलते हुए आज बंगलादेश को दूसरा झटका सुबह के सत्र में बैरी मक्कार्थी ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे महमुदुल हसन जॉय को आउटकर दिया। महमुदुल हसन जॉय ने 286 गेंदों में 14 चौके और चार छक्के लगाते हुए 171 रन बनाए। इसके बाद 89वें ओवर में मक्कार्थी ने मोमिनुल हक (82) को अपना शिकार बना लिया। मुशफिकुर रहीम (23), लिटन कुमार दास 60 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों को मैथ्यू हम्फ्रीज ने आउट किया। कप्तान ने 114 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 100 रन बनाए।

# भारतीय टेनिस टीम इतिहास रचने की कोशिश में

● **भारत को बिली जीन किंग कप 2025 प्ले ऑफ में नीदरलैंड और स्लोवेनिया के ग्रुप में रखा**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला टेनिस टीम शनिवार को बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में अपने बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ अभियान की शुरुआत करेगी। बिली जीन किंग कप रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज भारत को बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ़ में दुनिया की 14वें नंबर की टीम नीदरलैंड और 19वें नंबर की टीम स्लोवेनिया के साथ ग्रुप जी में रखा गया है। तीनों टीमें राउंड-रॉबिन मैचों में आमने-सामने होंगी और ग्रुप विजेता 2026 के क्वालीफायर में पहुंच जाएंगी।

अन्य दो टीमें अगले सीजन के लिए अपने-अपने 2026 क्षेत्रीय ग्रुप एक मुकाबलों में वापस आ जाएंगी। भारत बिली जीन किंग कप के क्वालीफायर में कभी आगे नहीं बढ़ पाया है। नीदरलैंड और स्लोवेनिया शुक्रवार को ग्रुप का पहला मुकाबला खेलेंगे। नीदरलैंड की अगुवाई दुनिया की 87वें नंबर की खिलाड़ी सुजैन लामेंस करेंगी, जबकि स्लोवेनिया की टीम में पूर्व फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट तमारा जदिनसेक शामिल हैं। भारत का पहला मुकाबला शनिवार को स्लोवेनिया से होगा, उसके बाद रविवार को नीदरलैंड से मुकाबला होगा। विश्व की 309वें नंबर की खिलाड़ी सहजा यामालापल्ली, जो इन मुक. ाबलों के लिए भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी हैं, बेंगलुरु में टीम का नेतृत्व करेंगी। इस साल की शुरुआत में, उन्होंने मेक्सिको में डब्ल्यूटीए 125 इवेंट में 2017 यूएस ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को हराया था। वह पिछले महीने चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची थीं। एशियाई खेल 2018 की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना, जो वर्तमान में एकल वर्ग में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 482वें स्थान पर हैं, भी टीम में हैं। श्रीवल्ली भामिदीपती (रैंक 381), रिया भाटिया (रैंक 468) और युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बरे टीम की अन्य सदस्य हैं।

भारतीय टेनिस टीम ने अप्रैल में बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 में दूसरे स्थान पर रहकर अपनी जगह पक्की कर ली थी। भारत इससे पहले 2021 में प्ले-ऑफ में पहुंचा था, जहां उसे लातविया से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। बिली जीन किंग कप, जिसे पहले फेड कप के नाम से जाना जाता था, महिलाओं के लिए सबसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टेनिस आयोजनों में से एक है, जिसमें विभिन्न देशों की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी टीम प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक साथ आती हैं। यह टूर्नामेंट महिलाओं के लिए केवल पुरुषों के डेविस कप के समकक्ष है। यह दूसरी बार होगा जब भारत बिली जीन किंग कप प्ले-ऑफ में भाग लेगा।

# फुटबॉलर पाउलो अस्पताल में भर्ती

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के साओ पाउलो फुटबॉल क्लब के मिडफील्डर ऑस्कर फिटनेस टेस्ट के दौरान हृदय संबंधी जटिलताओं के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। ब्राजीलियाई क्लब ने बुधवार को यह जानकारी दी कि 34 वर्षीय ऑस्कर को मंगलवार को साओ पाउलो के बारा फंडा प्रशिक्षण परिसर में परीक्षण के दौरान बेहोश होने के बाद अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ले जाया गया। साओ पाउलो ने एक बयान में कहा कि ऑस्कर की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें कार्डियोलॉजी यूनिट में निगरानी, चिकित्सा निगरानी और जांच के लिए रखा गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार पैरामेडिक्स के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले यह अनुभवी प्लेमेकर लगभग दो मिनट के लिए बेहोश हो गया था।

# आईपीएल-2026 से पहले मोहम्मद शमी त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में

**नई दिल्ली, वार्ता।** मोहम्मद शमी, जो हाल ही में भारतीय टीम में चयन न होने के कारण चर्चा में हैं, 2026 के आईपीएल सीजन से पहले त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में हैं। इस अनुभवी तेज गेंदबाज के लिए कई फ्रेंचाइजी रुचि दिखा रही हैं, और हो सकता है कि उन्हें उनमें से किसी एक के साथ ट्रेड कर दिया जाए।



● **हाल ही में पता चला है कि एसआरएय मौजूदा मांग का सर्वोत्तम उपयोग करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है**

हाल ही में पता चला है कि सनराइजर्स हैदराबाद मौजूदा मांग का सर्वोत्तम उपयोग करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज, जो अपने 12 साल के अंतर्राष्ट्रीय करियर में लंबे समय तक भारतीय आक्रमण का अगुआ रहा है, जिसमें 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 अंतर्राष्ट्रीय शामिल हैं, को लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा खरीदा जा रहा है और दिल्ली कैपिटल्स भी उतनी ही उत्सुकता दिखा रही है। अब देखना यह होगा कि एसआरएच प्रबंधन इस स्थिति से कैसे निपटता है। अगर यह सौदा होता है, तो यह एकतरफा होगा। नीलामी पूल में शामिल होने की भी संभावना है, लेकिन पूरी तरह से नकद लेन-देन वाला विकल्प जडादा संभावित लगता है। शमी को जेद्दा में हुई पिछली मेगा नीलामी में एसआरएच ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन मामूली रहा - 56.17 के निराशाजनक औसत और 11.23 के इकॉनमी रेट से सिर्फ़ छह विकेट, जबकि उनके करियर के आंकड़े क्रमशः 28.19 और 8. 63 रहे हैं। उन्होंने कुल 119 आईपीएल मैचों में 133 विकेट लिए हैं, जिनमें से जडादातर विकेट उन्होंने 2022 और 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए दो शानदार सीजन के दौरान लिए थे, जब उन्होंने कुल मिलाकर 48 विकेट (क्रमशः 20 और 28) लिए थे। चोट के कारण वह पूरे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए।

# आईपीएल 2026 में वॉटसन होंगे केकेआर के सहायक कोच



**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। 59 टेस्ट, 190 एकदिवसीय और 58 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेल चुके क्वींसलैंड के शेन वॉटसन, अभिषेक नायर के साथ काम करेंगे, जिन्हें हाल ही में तीन बार की पूर्व चैंपियन केकेआर टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वॉटसन इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए थे। 44 वर्षीय वॉटसन आईपीएल के दिग्गज खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 12 सीजन खेले हैं। उन्होंने 2008 में राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के पहले सीरीज में शानदार जीत दिलाई थी। उन्होंने उस सीजन में एमवीपी का खिताब जीता था और 2013 में फिर से यह कारनामा दोहराया था।

# भारत की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की उभरती क्रिकेट प्रतिभाएं शुक्रवार को कतर के दोहा में शुरू होने वाले राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 में सुर्खियों में रहेंगी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट जिसका पहला आयोजन 2013 में इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के रूप में हुआ था। अब तक छह संस्करण पूरे कर चुका है। 2025 में होने वाली यह प्रतियोगिता, जो टी20 प्रारूप में खेली जाएगी, नए राइजिंग स्टार्स बैनर तले पहली बार आयोजित की जाएगी। अंडर-23 भारतीय क्रिकेट टीम ने सिंगापुर में आयोजित पहले संस्करण में जीत हासिल की थी, जबकि अफगानिस्तान ए ने पिछले साल ओमान में आयोजित पिछले इमर्जिंग टीम एशिया कप का खिताब जीता था। श्रीलंका और पाकिस्तान भी पिछले चैंपियन हैं। इस साल का संस्करण 14 से 23 नवम्बर तक चलेगा, जिसमें आठ टीमें - पूर्ण सदस्य देशों की पांच 'ए' या विकासात्मक टीमें और तीन सहयोगी राष्ट्रीय टीमें - महाद्वीपीय टीम के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा की अगुवाई वाली भारत ए क्रिकेट टीम को ग्रुप बी में पाकिस्तान शाहीन (पाकिस्तान ए), यूएई और ओमान के साथ रखा गया है। पिछले साल की विजेता अफगानिस्तान, ग्रुप ए में है।

● **अब तक छह संस्करण पूरे कर चुका है, 2025 में होने वाली यह प्रतियोगिता, जो टी-20 प्रारूप में खेली जाएगी**

#### राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 की टीमें और ग्रुप

**ग्रुप एः** अफगानिस्तान ए, श्रीलंका, बांग्लादेश ए, हांगकांग

**ग्रुप बीः** भारत ए, पाकिस्तान शाहीन, यूएई, ओमान

प्रत्येक टीम अपने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ एक बार खेलेगी, उसके बाद प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल 23 नवम्बर को खेला जाएगा। भारत ए शुक्रवार को यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान ग्रुप बी का बहुप्रतीक्षित मैच 16 नवम्बर को खेला जाएगा। दोहा स्थित वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 के सभी मैचों का आयोजन स्थल होगा। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी, जो इस साल शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, भारत ए क्रिकेट टीम में भी हैं। वैभव ने इस साल की शुरुआत में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में पदार्पण किया और इस टी20 फ्रेंचाइजी लीग में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक जड़कर वह इस प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के और सबसे तेज भारतीय शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। अपने शानदार आईपीएल सीजन के बाद भी, यह युवा खिलाड़ी भारत की युवा टीमों के लिए चमकता रहा है और अंडर-19 वनडे इतिहास में सबसे कम उम्र के और सबसे तेज शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

# एलएसजी से एमआई की टीम में जा सकते हैं शार्दुल

**मुंबई, वार्ता।** ईएसपीएन क्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि मुंबई इंडियंस (एमआई) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी ) के साथ एक ऑलकैश ट्रेड डील के तहत समझौता कर लिया है। बताया गया है कि दोनों फ्रेंचाइजियों ने आईपीएल को अपनी रुचि के बारे में जानकारी दी है और जरूरी औपचारिकताओं के पूरा होते ही इस सौदे को आधिकारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी।

यह नया बदलाव दर्शाता है कि शार्दुल आईपीएल के इतिहास में एक अद्वितीय कीर्तिमान बनाने जा रहे हैं। यह उनके आईपीएल करियर का तीसरा ट्रांसफर होगा। 2017 में राइजगि पुणे सुपरजायंट ने उन्हें किग्स ग्प पंजाब (जो अब पंजाब किग्स है) से अधिग्रहित किया था। इसके बाद 2023 के सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें दिल्ली कैपिटल्स से



अपने साथ शामिल किया था। यह ध्यान देने योग्य है कि दोनों बार यह व्यापार पूरी तरह से ऑल कैश डील पर आधारित था। ठाकुर 2025 के मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे और काउंटी चैम्पियनशिप में ऐसेक्स से जुड़ने वाले थे, लेकिन एलएसजी ने उन्हें मोहसिन ख्+ाान के रिप्लेसमेंट के तौर पर उनके बेस प्राइस दो करोड़ रुपए में चुना था। उस समय एलएसजी के मेंटॉर जहीर ख्+ाान का यह फ़ैसला अच्छा निवेश साबित हुआ था। ठाकुर ने आईपीएल 2025 के शुरुआती दो मैचों में छह विकेट लिए थे।

# अर्जुन-प्रज्ञानंदा व हरिकृष्णा चौथे दौर में टाईब्रेक में पहुंचे



**पणजी, वार्ता।** यहां जारी फ़िडे विश्व कप 2025 के चौथे दौर में बुधवार को ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और ग्रैंडमास्टर आर- प्रज्ञानंधा ने दमदार तौर पर ड्रॉ खेले, जबकि पी- हरिकृष्णा ने मुश्किल स्थिति में फंसकर मैच टाईब्रेक तक पहुंचाया।

अर्जुन ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए हंगरी के अनुभवी ग्रैंडमास्टर पीटर लेको के खिलाफ 36 चालों के बाद ड्रॉ खेला, जबकि प्रज्ञानंधा ने ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव के खिलाफ 30 चालों के बाद अंक बांटे, जबकि हरिकृष्णा ने भी 38 चालों के बाद ड्रॉ खेला। मंगलवार को काले मोहरों से जीत हासिल करने वाले ग्रैंडमास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा, तीन बार दोहराए गए मैच के बाद ग्रैंडमास्टर एलेक्सी सराना के खिलाफ 20 चालों में ड्रॉ खेलने के बाद अंतिम- 16 दौर में पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। अब उनका सामना ग्रैंडमास्टर पी- हरिकृष्णा और स्वीडन के ग्रैंडमास्टर निल्स ग्रैंडेलियस के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दो बार के चैंपियन ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन भी अगले दौर में पहुंच गए हैं, जिन्होंने ग्रैंडमास्टर राडोस्लाव वोज्टास्जेक के खिलाफ काले मोहरों से 35 चालों में दूसरा गेम ड्रॉ किया।

● **ग्रैंडमास्टर अर्जुन और ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंदा ने दमदार तौर पर ड्रॉ खेले, जबकि हरिकृष्णा ने मुश्किल स्थिति में फंसकर मैच को टाईब्रेक तक पहुंचाया**

चौथे दौर में भाग ले रहे पांच भारतीयों में से, सभी की निगाहें टॉप बोर्ड पर अर्जुन और प्रज्ञानंदा पर थीं। अर्जुन ने लेको के खिलाफ सफेद मोहरों से निमजो इंडियन ओपनिग का विकल्प चुना और ऐसा लग रहा था कि वह पूरी तरह से तैयार थे क्योंकि उन्होंने 16 चालों के बाद समय हासिल कर लिया था। लेकिन हंगरी के इस खिलाड़ी ने दृढ़ता से बचाव किया और सर्वोच्च रैंकिग वाले भारतीय खिलाड़ी ने 20वीं चाल में रानियों का ट्रेड करने का विकल्प चुना। इसके बाद उन्होंने आगे बढ़ने की को. शिश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। प्रज्ञानंदा भी ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव के खिलाफ काले मोहरों के साथ 30 चालों में ड्रॉ से संतुष्ट थे।

# न्यूजीलैंड ने विंडीज को हराया, सीरीज भी जीती




● **जैकब डफी ने चार विकेट, कॉनवे ने नाबाद 47 रन और टिम रॉबिन्सन के 45 रनों की शानदार पारी की से न्यूजीलैंड आठ विकेट से जीता**

**डुनेडिन, वार्ता।** जैकब डफी (चार विकेट) के बाद डेवोन कॉनवे (नाबाद 47) और टिम रॉबिन्सन (45) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने पांचवें टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया और पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से अपने नाम कर ली। जैकब डफी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। न्यूजीलैंड ने आज टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम को जैकब डफी की अगुवाई में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने 18-4 ओवर में 140 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 2-5 ओवर में 21 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। रोस्टन चेज ने वेस्टइंडीज के लिए 32 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक 38 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड ने 22 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 36 रन बनाए। जेसन होल्डर (20), कप्तान शाई होप और रोवमैन पॉवेल ने 11-11 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए जैकब डफी 35 रन देकर चार विकेट लिए। जेम्स नीशम को दो विकेट मिले। काइल जैमीसन, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सैंटनर और ईश सोढ़ी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉनवे और टिम रॉबिन्सन की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। आठवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। टिम रॉबिन्सन ने 24 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 45 रन बनाए। 12वें ओवर में शमर स्प्रिंगर ने रचिन रवींद्र 21 को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मार्क चैपमैन ने डेवोन कॉनवे के साथ तीसरे विकेट के लिए अविजित 35 रनों की साझेदारी

CMYK



# हकीम मौलाना मोहम्मद उस्मान मदनी का स्वागत

## सहारनपुर के बुजुर्गों ने पूरी दुनिया में इस्लाम की सरबुलंदी के लिए किया काम: मौलाना मदनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामा मस्जिद कलां सहारनपुर की प्रबंध समिति के अध्यक्ष और जमीयत अलबरकत अलमदीना के चेयरमैन हकीम मौलाना मोहम्मद उस्मान मदनी के सहारनपुर पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

जामा मस्जिद के मैनेजर मौलाना फरीद मजाहिरी के निवास स्थान मोहल्ला छप्पियान में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में काजी-ए-शहर काजी नदीम अख्तर, जामा मस्जिद प्रबंध समिति के सदस्य और शहर की अनेक गणमान्य हस्तियों ने शिरकत की। काजी नदीम अख्तर ने मौलाना उस्मान मदनी की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि मौलाना मदनी विशेष रूप से हिंदुस्तानी जायरीन और हज व उमरा यात्रियों की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि लोग मदीना जाकर मौलाना की सेवाओं का जिक्र करते हैं, जो हमारे लिए गर्व और खुशी की बात है।

मौलाना हकीम मोहम्मद उस्मान मदनी ने सहारनपुर के लोगों के प्रेम और स्वागत पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सहारनपुर मेरी रगों में बसा हुआ है। मैं मदीना मुनव्वरा जैसे पवित्र स्थान पर रहकर हमेशा अपने वतन, खासतौर पर अपने जिले की अमन, तरक्की और खुशहाली की दुआ करता हूं। उन्होंने कहा कि सहारनपुर बुजुर्गों की सरजमीन है, जहां के उलेमा ने पूरी दुनिया में इस्लाम की सरबुलंदी के लिए जो सेवाएं दी हैं, वे हमारे लिए फख्र का कारण हैं। मौलाना मदनी ने दुरूद शरीफ की अहमियत पर भी विस्तार से बात करते हुए कहा कि दुरूद शरीफ एक ऐसा आमल है जो हमें सीधे हजरत मोहम्मद साहब (स.अ.) से जोड़ता है। हमें चाहिए कि हम दुरूद शरीफ को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना लें। इससे रूहानी सुकून और बरकत हासिल होती है, और तमाम परेशानियां हल हो जाती हैं। अंत में मौलाना फरीद मजाहिरी ने सभी मेहमानों, विशेष रूप से मौलाना हकीम मोहम्मद उस्मान मदनी का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि मौलाना की मौजूदगी हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उनकी रहनुमाई और नसीहतें हमारे लिए मशअल-ए-राह हैं, जो हमें आगे बढ़ने और दीन की सेवा का जज्बा देती हैं। इस मौके पर मौलाना सैयद जुनैद, मौलाना सैयद इकरामुल हक, अबूबकर शिबली, हाफिज सालेह अहकर, हाजी औसाफ गड्डू, डॉ. मर्गूबुल हसन, हाजी गुलशेर, हाजी अकबर, राव महबूब अली, मौलाना उस्मान नदवी, हाफिज फैसल शाह, हाफिज सुफयान, मौलाना सलमान मजाहिरी, हाजी शमशेर, मोहम्मद आलम बख्शी, चौधरी फहीम, मौलाना मोहम्मद असजद कासमी, चौधरी अमजद और साहिल चौधरी मौजूद रहे।

# कॉन्क्लेव में विशेषज्ञों ने दिए व्याख्यान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण में कुलपति प्रोफेसर जॉन फिनबे की प्रेरणा तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से ग्लोकल यूनिवर्सिटी में आयोजित तीन दिवसीय "सुदीप्तम 2025-आयुष ग्लोबल कॉन्क्लेव" के दूसरे दिन का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

दीप प्रज्वलन प्रो. (डॉ.) जॉन फिनबे, डॉ. अनुप कुमार, डॉ. पी. गौरीशंकर, डॉ. आरती, डॉ. रिया तथा डॉ. पूनम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दूसरे दिन के सत्रों में आयुर्वेदिक क्लिनिकल प्रैक्टिस, नेत्र चिकित्सा, रेडियोलॉजिकल जांच, बाल चिकित्सा एवं स्त्री रोगों में आयुर्वेदिक निदान और प्रबंधन जैसे विविध विषयों पर गहन विमर्श हुआ। प्रथम सत्र में डॉ. शिबु वर्गीज ने बताया कि कैसे आधुनिक जैवरासायनिक परीक्षणों को आयुर्वेदिक चिकित्सा की दृष्टि से उपयोगी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे समन्वित दृष्टिकोण से रोग-निदान और उपचार की सटीकता में वृद्धि संभव है। दूसरे सत्र में डॉ. शैरन पी. वल्स ने नेत्र स्वास्थ्य संरक्षण की आयुर्वेदिक विधियों, औषधियों और जीवनशैली पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आयुर्वेदिक नेत्र चिकित्सा की आधुनिक प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में पुन: डॉ. शिबु वर्गीज ने मेरुदंड संबंधी विकारों में रेडियोलॉजिकल जांचों और पंचकर्म चिकित्सा के संयुक्त उपयोग को रोगी-केंद्रित उपचार के लिए एक प्रभावी पद्धति बताया।

चतुर्थ सत्र में दो उप-विषय सम्मिलित थे। डॉ. आरती कमथ ने बाल्यावस्था में पंचकर्म और रसायन चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात् डॉ. निथ्या के ने स्त्री रोगों के निदान और उपचार में आयुर्वेदिक सिद्धांतों की वैज्ञानिक व्याख्या की।

# 20 साल में बनी सड़क, जताया विधायक आशु का आभार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहात विधानसभा में विधायक याचिका समिति सदस्य आशु मलिक द्वारा किसानों नौजवाना पीड़ित सोशित वंचित की आवाज सड़क से सदन उठाई जा रही है इ

पिछले 20 साल से थ्रोली रजवाहे से होजखेड़ी माइनर की पटरी बेहद जर्जर हालत में थी जिस कारण किसानों ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा था। नदीम अहमद भाऊपुर और अन्य किसानों ने अपने विधायक आशु मलिक को अवगत कराया तो तुरंत मौके पर सिचाई विभाग से लेकर याचिका समिति में थ्रोली रजवाहे से लेकर हौजखेड़ी माइनर की पटरी वाली सड़क को बनवाने के लिए पत्र लिखा और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को भी अवगत कराया। लगातार विधायक आशु मलिक द्वारा संघर्ष से सिचाई विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया।

**■ क्षेत्रवासियों ने कहा- हमारे विधायक ने जो कहा कर दिखाया**

किसानो ने अपने विधायक आशु मलिक का दिल की गहराइयों से धन्यवाद व्यक्त किया और कहा आज तक हमको कोई सहायता किसी ने नहीं दी। 20 सालों से ना किसी जनप्रतिनिधि ने हमारी समस्या सुनी ना उठाई। पहली बार में ही हमारे विधायक आशु मलिक ने हमारी समस्या सुनी और समाधान किया

## वंदेमातरम दिवस मनाया

**गंगोह।** वंदे मातरम् ने चिल्ड्रन्स डे धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लगभग 400 से अधिक नन्हे-मुन्ने बच्चों को ड्रॉइंग कलर और स्टेशनरी सामग्री नि:शुल्क वित. रित की गई। स्टेशनरी प्राप्त कर बच्चों में उत्साह और आनंद की लहर दौड़ गई। अध्यक्षा ने बताया कि समाज सेवा और बच्चों के कल्याण के लिए संस्था ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर रूप से आयोजित करती रहेगी, ताकि हर बच्चे तक शिक्षा और प्रोत्साहन की रोशनी पहुँच सके। इस मौके पर अध्यक्षा शालू चौधरी, खुशी, रिया अग्रवाल, सोनिया, नीरज, अंशुल, रीटा आदि मौजूद रहीं।

# शुगर को नियंत्रित रखना जरूरी: डा. कलीम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के प्रख्यात चिकित्सक डा.कलीम अहमद ने कहा कि शुगर बढने से शरीर के अंगों को नुकसान पहुंचना शुरू हो जाता है इसलिये शुगर को नियंत्रित रखना जरूरी है।

डा.कलीम ने यह बात विश्व मधुमेह दिवस पर लोगों में जागरूकता बढाने के लिये कही। उन्होंने बताया कि हर वर्ष 14 नवंबर को नोबेल पुरस्कार विजेता सर बैटिंग की याद मे जिन्होने सनं 1922 मे इंसु. लिन की खोज की थी, डायबिटीज-डे मनाया जाता है। इस वर्ष डायबिटीज-डे की थीम मधुमेह और कार्य-स्थल है,इ सका उद्देश्य यह है कि ऑफिस या काम करने की जगह का वातावरण तनावमुक्त रखा जाए। पूरी दुनिया मे सबसे अधिक डायबिटीज के मरीज चीन मे है वहा करीब 15 करोड मरीज है। भारतवर्ष मे करीब 10 करोड डायबिटीज के रोगी है और करीब 10-5 प्रतिशत आबादी इस रोग से पीड़ित है।

उन्होंने कहा कि डायबिटीज का दुष्प्रभाव शरीर के सभी अंगो पर पडता है, लेकिन किडनी, आँख, हृदय, दिमाग तथा नसो पर ज्यादा पडता है, अगर मरीज का शुगर कन्ट्रोल नही रहता है तो मरीज की किडनी, ऑखे और नसे खराब होने लगती है। इसलिए शुगर को कन्ट्रोल मे रखना चाहिए। डायबिटीज से बचाव के लिए रोज नियमित रूप से व्यायाम करे तनावमुक्त रहे। साथ ही 6-8 घन्टे की नीद ले और सन्तुलित भोजन करे।

डा. कलीम ने कहा कि डायबिटीज के मरीज सेब, सन्तरा, नाशपाती, पपीता, कीवी, दलिया, बाजरा, ब्राउन राइस, चना, राजमा, सोयाबीन, मछली, चिकन, बादाम तथा अखरोट का सेवन कर सकते है। ज्यादा वसायुक्त भोजन, शराब तथा धूमपान का सेवन ना करे।

## कथा का समापन

**गंगोह।** यज्ञ व भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत सप्ताह का समापन हो गया, यज्ञ में जन कल्याण की कामना की गई। सैंकड़ों लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

मोहल्ला कानून गोयान स्थित होली चौंक पर चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह के समापन अवसर पर कार्यक्रम का आरंभ यज्ञ से किया गया। कथा वाचक आचार्य सुभाष बहुगुणा ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। लोगों ने संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया। कथा के दौरान पुरा वातावरण भक्तिमय रहा। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया।

# टिंकू अरोड़ा ने निकाला वोट जागरूकता रथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विधानसभा सहारनपुर नगर में वोटर जागरूकता के लिए आज वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर वोट जागरूकता रथ का नगर के सभी इलाकों में संचालित किया और फार्म के भरने के सही तरीके का एक हैंड बिल भी जारी किया।

टिंकू अरोड़ा ने बताया निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2025 वोटो का कार्य शुरू कर दिया गया है जो 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक जारी रहेगा। मतदाता अपने-अपने इलाके के बीएलओ से संपर्क कर अपना वोट का फॉर्म प्राप्त कर ले और सबसे पहले फॉर्म की फोटो स्टेट करवा कर पहले अपने विवरण को कच्ची पेंसिल से भरे उसके उपरांत अपने इलाके के बीएलओ या वार्ड के पार्षद से उस फार्म की जांच करवा ले। उसके बाद ओरिजिनल फार्म पर अपना पूरा विवरण भर के संबंधित बीएलओ को जमा करवा कर रसीद प्राप्त कर ले।

उन्होंने कहा कि वोट बनवाना अत्यधिक जरूरी होता है। वोट जनता का लोकतांत्रिक अधिकार है और इसे आपको और हमें जरूर बनवाना चाहिए। किसी भी तरह की समस्या आने पर अपने वार्ड के पार्षद से मिलकर पूर्ण रूप से जानक. ारी प्राप्त करें। पार्षद के पास सभी बीएलओ के नंबर और 2003 की वोटर लिस्ट बूथ संख्या सहित है किसी भी तरह की कोई परेशानी होने पर हमारे दिए गए नंबरों पर संपर्क करें। समाजवादी पार्टी की टीम नगर में सभी को फॉर्म भरने में पूर्ण रूप से सहयोग करेगी

इस मौके पर शाजमान सिद्दीकी, बलदेव राज, राजकुमार, मोनू, जोगि. ंदर सिंह, उज्ज्वल राणा, शमीम, रहमान, अब्दुला आदि मौजूद रहे।

## इंतकाल पर जताया दुख

**सहारनपुर।** सहारनपुर देहात के विधायक आशु मलिक व समा. जवादी पार्टी के प्रदेश सचिव इसरार चौधरी ने समाजवादी पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अयाज उस्मानी के पुत्र ग्यास मलिक के इंतकाल पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा की ग्यास मलिक के इंतकाल से बडा दुख हुआ हैं।

सपा के प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप, प्रदेश सचिव विजेन्द्र विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव रूही अंजुम, सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव कर्म सिंह, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव गुलजार सलमानी, प्रदेश सचिव विशाल यादव, सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव सुरैया खान, आदि ने भी शौक संवेदना प्रकट की।

# नई नवेली दुल्हन गहने व नकदी लेकर हुई फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

चिलकाना। ग्राम पटनी निवासी पीड़ित युवक ने अपनी नई नवेली दुल्हन पर उसकी गैर मौजूदगी में उसके घर से सोने चांदी के जेवरात तथा साठ हजार रुपये नकद उडाकर फरार होने का आरोप लगाया है।

ग्राम पटनी निवासी पीड़ित युवक गौरव पुत्र पवन सैनी ने बताया है कि उसकी शादी लगभग 17 दिन पहले पिछले माह 26 अक्टूबर को मुगली खातून उर्फ पूजा पुत्री रहीम अली डीवी नगर दीनापुर कलकत्ता से हुई थी जो कि गांव एवं पडौस निवासी युवक सिटटू ने अपने सास ससूर के यहां कराई थी तथा शादी कराने के एवज में पीड़ित से साठ हजार रूपये नगद भी लिये थे तथा शादी कराते समय उसको दुल्हन का नाम पूजा बताया गया था। पीड़ित का आरोप है कि कल 12 नवम्बर बुधवार को उसके माता पिता के घर से बाहर कहीं मजदूरी करने के लिये गये हुये थे तथा पीड़ित चिलकाना के बाजार में समान लेने के लिये आ गया। तभी उसकी पत्नी मुगली खातून उर्फ पूजा अकेले होने का फायदा उठाते हुए उनकी गैर मौजूदगी में घर से सोने चांदी के आभूषण, साठ हजार रूपये नगद तथा कपडे आदि सामान चोरी करके फरार हो गयी।पीड़ित ने बताया है कि उसने मुगली खातून को आस पास तालाश किया लेकिन कही नही मिली। जिसके बाद पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# अवैध निर्माण कराया ध्वस्त



**सहारनपुर।** एसडीए ने जोन 6 में चल रहे अनाधिकृत निर्माणों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए निर्माण व विकास को ध्वंस्त कराया।

उपाध्यक्ष एवं सचिव के निर्देश पर एसडीए टीम ने मानकमऊ रजवाहे के किनारे सुल्तान, मसूद व अन्य द्वारा करीब 12000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में अवैध कालोनी के निर्माण हेतु भूखंडों का निर्माण एवं विकास कार्य कराया गया था। जिसे ध्वंस्त किया गया। टीम में सहायक अभियंता वीरेश कुमार, अवर अभियंता प्रदीप कुमार, मेट चरण सिंह, रिजवान अली, सुभाष शामिल रहे।

## थाने के पास चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** थाने के पास स्थित दुकान का शटर उखाड़ कर चोरों ने हजारों रुपए की बैटरी तथा नगदी चुरा ली। पीड़ित दुकानदार ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव डूभर किशनपुर निवासी शुभम खटाना थाने से मात्र कुछ ही दूरी दुकान में सोलर पैनल तथा बैटरी बेचने का काम करते हैं। दुकान में दो शटर लगे हुए हैं। एक शटर गंगोह तीतरों मुख्य मार्ग पर खुलता है तो दूसरा दुकान के बराबर में पश्चिम दिशा की ओर खुलता है। रात के समय चोरों ने पश्चिम दिशा का शटर उखाड़ कर दुकान के अंदर रखें तीन बैटरी जिनकी कीमत चालीस हजार है तथा सात हजार की नगदी चुरा ली।

सुबह होने पर जब दुकानदार अपनी दुकान पर पहुंचा तो शटर को उखडा देखकर उसके होश उड़ गए। उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच शुरू कर दी।

# रूही को गंगोह व धर्मवीर को रामपुर की जिम्मेदारी

**■ समाजवादी पार्टी में ब्लाकवार प्रभारियों का मनोनयन**





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी चुनावों को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने जिले में संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सपा ने अपने प्रदेश पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं को ब्लॉकवार प्रभारी नियुक्त कर दिया है। इन नेताओं को वोट बनवाने और बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश सचिव रूही अंजुम को गंगोह व धर्मवीर खटाना को रामपुर मनिहारान ब्लाक की जिम्मेंदारी दी गई है।

पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी सूची के अनुसार धर्मवीर खटाना को रामपुर मनिहारान ब्लॉक, रूही अंजुम को गंगोह ब्लॉक, इसरार चौधरी को मुजफ्फराबाद ब्लॉक,मांगेराम कश्यप को नकुड़ ब्लॉक, मजाहिर राणा को देवबंद ब्लॉक, विजेन्द्र विश्वकर्मा को नागल ब्लॉक, प्रीतम सिंह यादव को सरसावा ब्लॉक, विकित चौधरी को ऊन (जिला शामली) ब्लॉक, फैसल सलमानी को कैराना ब्लॉक, दिलशाद गौड़ को साढौली कदीम ब्लॉक, चौधरी सलीम अख्तर को पुकारका ब्लॉक, इंजी. विजेश शर्मा को बलियाखेड़ी ब्लॉक और पूर्व विधायक मनोज चौधरी को नानौता ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता की आवाज बनकर काम कर रही है। संगठन को मजबूत करना ही 2027 की सफलता की पहली सीढ़ी है। हर ब्लॉक में सपा कार्यकर्ता जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

## जमा पानी में तैरता मिला अज्ञात युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** नगर के ईदगाह रोड स्थित रूहाड़ा क्षेत्र में उस समय अफरा तफरी मच गई जब सुबह एक युवक का शव रूहाडे मे जमा हुए पानी मे तैरता हुआ दिखाई दिया। शव की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। देखते ही देखते रूहाडे मे शव मिलने से नगर में सनसनी फैल गई।

सूचना पर थाना पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को रूहाडे से निकलवाया ओर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

मृतक की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने में जुटी है।

# ड्रग सप्लायर विभोर की बढ़ सकती हैं मुश्किलें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कफ सिरप को नशा कारोबार बनाकर 200 करोड रूपये की सम्पत्ति अर्जित करने वाले श्रीराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभोर राणा की मुश्किले बढ सकती है। अब उनके परिवार की संपत्ति की भी जांच हो सकती है।

बता दे उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शास्त्री नगर क्षेत्र से श्रीराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभोर राणा सहित चार लोगों को 200 करोड़ रुपये के कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी मामले में गिरफ्तार किया। आरोपियों पर फर्जी फर्म बनाकर पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश तक अवैध दवा तस्करी का आरोप है। गिरफ्तार आरोपियों में विभोर राणा पुत्र गजराज सिंह, उसका भाई विशाल राणा तथा बिट्टू पुत्र स्व. हरदेवा और सचिन पुत्र स्व. हरदेवा, सभी निवासी सहारनपुर बताए गए हैं। एसटीएफ चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर अपने साथ लखनऊ ले गई।इनके विरुद्ध थाना सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ में अपराध संख्या 182/2024 के तहत धारा 420, 467, 468, 471, 120बी, 43 और 201 में मुकदमा दर्ज है। सहारनपुर में गिरफ्तारी के दौरान उनके पास से दो पिस्टल, 10 कारतूस, 4 मोबाइल और भारी मात्रा में दस्तावेज बरामद हुए है।

बताया जा रहा है कि ये आरोपी फर्जी फर्मों के माध्यम से फेंसेडिल कफ सिरप को असली रिटेलर्स को देने की बजाये उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, झारखण्ड, असम, पश्चिम बंगाल तक नशा कारोबारियों को ऊंचे दामों में बेचते थे। वर्ष 2018 में उन्होने अपनी फर्म जीआर ट्रैडिंग के नाम पर एबोट कम्पनी से सुपर डिस्ट्रीब्यूटरशिप ली थी। जबसे अब तक यह लोग 200 करोड रूपये की सम्पत्ति अर्जित कर चुके है। सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ अब राणा परिवार की संपत्तियों और आर्थिक लेन-देन की जांच की तैयारी में है। बीते चार वर्षों में परिवार द्वारा खरीदी गई जमीनों और संबंधित लेन-देन पर भी नजर रखी जा रही है। गौरतलब है कि विभोर राणा को पूर्व में भी विदेश भागने की कोशिश के दौरान दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था। इसी तस्करी प्रकरण में गाजियाबाद के नंदग्राम थाने में भी 4 नवम्बर को मुकदमा (संख्या 691/2025) दर्ज हुआ था।

यहां यह भी बता दे कि विभोर राणा अपने रसूख के चलते बडे-बडे धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेता था और धनबल के प्रभाव से आयोजकों के लिये सिरमौर बना रहता था। धार्मिक आयोजनों के अलावा विभोर राणा किसी पार्टी या संगठन के कार्यक्रमों में नजर नहीं आता था। इसके पीछे वह अपनी छवि को धार्मिक दिखाना चाहता था।

# महापौर व नगरायुक्त ने शुरू किया श्रमदान अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज विश्वकर्मा चौक के निकट ढमोला सफाई व हरियाली अभियान शुरु किया। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने ढमोला किनारे पौधारोपण व श्रमदान कर अभियान की शुरुआत की। ढमोला नदी पर स्थित सभी सात पुलों के किनारे घाट की तर्ज पर अस्थायी कच्ची सीढ़िया बनायी जायेंगी और उन पर वृहद वृक्षारोपण किया जायेगा। दिसम्बर तक अभियान पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि निगम अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ विश्वकर्मा चौक के निकट ढमोला नदी पर पहुंचे और ढमोला किनारे प्रतिंधित पॉलीथिन व अन्य कचरा चुनते हुए श्रमदान और पौधारोपण किया। अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव, जेडएसओ राजीव चौधरी व पार्षद अमित त्यागी और गौरव कपिल ने भी श्रमदान व पौधारोपण में भागेदारी की।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने महापौर डॉ. अजय कुमार को बताया कि करीब नौ किलोमीटर लंबी ढमोला नदी पर सात पुल बने हैं। इन पुलों के दोनों ओर ढमोला नदी के किनारे करीब सौ-सौ मीटर क्षेत्र में पूर्व में ढमोला नदी से सफाई के दौरान निकाली गयी मिट्टी तथा अब ढमोला की सफाई के दौरान निकलने वाली मिट्टी से घाट की तर्ज पर अस्थायी कच्ची सीढ़िया बनायी जायेंगी, और उन सीढ़ियों पर वृहद वृक्षारोपण किया जायेगा। नगरायुक्त ने गैराज प्रभारी को बाहर से और अधिक पोकलेन किराये पर लेकर 24 घण्टे लगातार कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान विभाग को गेंदा व सूरज मुखी का बीज लेकर ढमोला किनारे बनायी जा रही कच्ची सीढ़ियों पर बिखरवाने के भी निर्देश दिए।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने आसपास रहने वाले लोगों से निगम द्वारा ढमोला सफाई व हरियाली अभियान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के बिना कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता। ढमोला में बाढ़ आने पर आस पास रहने वाले लोगों को उससे कोई हानि न हो इसके लिए निगम लगातार ढमोला की सफाई करा रहा है और पुलों के आसपास सौंदर्यीकरण करने का अभियान चला रहा है। इस दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल, परमानंद व निगम के अनेक अवर अभियंताआ आदि मौजूद रहे।

CMYK

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025

# प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

देश की राजधानी और एनसीआर के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण से लोगों की सांसे भारी पड़ रही हैं। किसी को नजला खांसी तो किसी को ब्रांकाइटिस और वायरल बुखार हो रहा है। क्या सरकार के पास इसे रोकने का कोई उपाय नहीं है, या सरकार के अधिकारी इस पर काम नहीं करना चाहते, यह मंथन का विषय है। गुरुवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी)के आंकड़ों के अनुसार बवाना में सबसे उच्च एक्यूआई 460 दर्ज हुआ, जो गंभीर श्रेणी में आता है। इस पर देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने भी नाराजगी जताई और कहा कि इससे बचने के लिए केवल मास्क ही पर्याप्त नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का साफ संदेश है कि इस पर सरकार को बहुत कुछ करने की जरूरत है, क्योंकि यह इसी साल नहीं, हर साल होता है और मामला सुप्रीम कोर्ट में चला जाता है। यानि हर साल लोगों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार से निर्देश दिया कि वे स्टबल बर्निंग यानी फसल अवशेष जलाने की रोकथाम में उठाए गए कदमों की पूरी जानकारी एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। कोर्ट ने कहा कि राज्य प्रशासन को वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। चीफ जस्टिस का कहना है कि इस मामले में ठोस प्रमाण और नीति कार्रवाई दिखाना अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट ने आम जनमानस की चिंता की है, क्योंकि सीवियर एक्यूआई का स्तर सामान्य लोगों सहित हृदय और श्वसन संबंधी रोगों से प्रभावित लोगों के लिए खतरनाक है। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि प्रदूषित हवा में लंबा समय बिताने से स्थायी स्वास्थ्य नुकसान हो सकता है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि वे बाहर निकलते समय मास्क पहनें और बच्चों तथा बुजुर्गों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है। प्रदूषण बढ़ने से स्वास्थ्य पर कई प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं, जैसे सांस लेने में दिक्कत, एलर्जी, अस्थमा, हार्ट डिजीज आदि। इस बढ़ते प्रदूषण से बचने के लिए कुछ जरूरी उपाय करना बेहद जरूरी। प्रदूषण से बचने के लिए एन 95 या पी100 मास्क का प्रयोग करें। यह मास्क हानिकारक कणों और प्रदूषकों को शरीर में प्रवेश करने से रोकने में मदद कर सकता है। खासकर बाहर जाते समय मास्क का प्रयोग अनिवार्य करें। घर के अंदर की एयर क्वालिटी को बेहतर बनाए रखने के लिए एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें। प्यूरीफायर हवा में मौजूद हानिकारक कणों को फिल्टर कर देता है और घर के अंदर शुद्ध वायु बनाए रखता है। जहां तक संभव हो हरी-भरी जगहों जैसे पार्क और बगीचों में समय बिताएं। ये स्थान तुलनात्मक रूप से कम प्रदूषित होते हैं और यहां की हवा ज्यादा स्वच्छ होती है। प्रदूषण के समय सुबह या देर शाम की बजाय घर के अंदर व्यायाम करें। बाहर की दौड़-भाग करने से बचें, क्योंकि उस समय प्रदूषक कण सांसों के साथ शरीर में जा सकते हैं। उद्योग प्रदूषण का प्रमुख कारक है। उद्योगों में ऊर्जा संसाधन के प्रयोग से अर्थात चिमनियों के धुएं से वायु प्रदूषण फैलता है। इसमें प्रयुक्त जल तथा उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जलाशयों में प्रवाहित किए जाते हैं, जिससे विभिन्न प्रकार के रसायन जल में घुलनकर प्रदूषित करते हैं। इसे मृदा प्रदूषण व भूमि प्रदूषण भी फैलता है। इनके अलावा दिल्ली और आसपास के राज्यों के किसान इस समय फसल के अवशेषों को जला देते हैं। उनका मानना है कि अवेशषों की राख खेत में खाद का काम करती है। 21 सदी में प्रवेश कर रहे भारत में ये धारणा भी प्रदूषण का कारण बनती है। सरकार का काम है कि किसानों को खाद अगर आसानी से उपलब्ध हो, तो वे ऐसा नहीं कर पाएंगे।

## हर कश्मीरी आतंकवादी नहीं



दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम विस्फोट की घटना मानवता, शांति और भाईचारे पर एक बर्बर हमला है, जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों को आतंकवादी कहना अनुचित है, क्योंकि कुछ गुमराह लोग ही राज्य की शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं, यह विस्फोट बेहद निंदनीय है, किसी भी धर्म में निर्दोष लोगों की हत्या की इजाजत नहीं है, घटना की जांच होनी चाहिए, जब हर कश्मीरी मुसलमान को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो यह न केवल अन्याय है बल्कि सामाजिक सद्भाव को भी प्रभावित करता है, अगर हम हर कश्मीरी को एक ही नजर से देखेंगे और उसे आतंकवादी मानेंगे, तो लोगों को सही रास्ते पर लाना मुश्किल हो जाएगा, इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन उनके परिवारों या निर्दोष नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। **-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# और कितना गिरेंगे टीवी चैनल






**रजनीश कपूर**

हाल ही में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा फैलाई गई, जिसने न केवल उनके परिवार और प्रशंसकों को दुखी किया, बल्कि देश के लाखों नागरिकों को भी भ्रमित कर दिया। यह घटना आज के मीडिया की विश्वसनीयता, जिम्मेदारी और नैतिकता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। आज का मीडिया, खघसकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अक्सर सच्चाई की जगह टीआरपी और लोकप्रियता के लिए खबरें तेजी से प्रचारित करता है, बिना उसकी पुष्टि किए। इसके चलते न केवल सेलिब्रिटीज या किसी चर्चित व्यक्ति की निजता का उल्लंघन होता है, बल्कि आम जनता को भी गलत सूचना देकर भ्रमित किया जाता है। धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर तेजी से सोशल मीडिया और कई इलेक्ट्रॉनिक चौनलों पर फैल गई, जिसके बाद उनकी पत्नी हेमा मालिनी और बेटी ईषा देओल ने खुद सामने आकर इस खबर को गलत बताया। इस घटना ने दिखाया कि आज के मीडिया की जल्दबाजी और बिना जांच के खबर छापने की आदत कितनी खतरनाक है। इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डायरेक्टर्स एसोसिएशन द्धप्थ्ज्क।ऋ ने भी इस तरह की झूठी खबरों की निंदा करते हुए मीडिया से जिम्मेदारी और संयम का आह्वान किया है।

आज के मीडिया में टीआरपी द्धटेलीविजन रेटिंग प्वाइंट्सऋ की दौड़ इतनी तेज है कि अक्सर सच्चाई और नैतिकता को पीछे छोड़ दिया जाता है। मनमाने दामों पर अधीक से अधिक विज्ञापन पाने की होड़ में, कुछ चौनलों को छोड़ कर ज्यादातर चौनल्स अपनी रेटिंग बढ़ाने के लिए ऐसी खबरें दिखाते हैं जो दर्शकों का ध्यान तुरंत खींचती हैं, चाहे वह सच हो या न हो। इसके चलते सेलिब्रिटीज या मशहूर हस्तियों की निजता का उल्लंघन होता है। उनकी निजी जिंदगी को खुले आम उजागर किया जाता है और उनकी तस्वीरें, वीडियो बिना अनुमति के शेयर की जाती हैं। यह न केवल अनैतिक है, बल्कि कानूनी .ष्टि से भी गलत है। आज के मीडिया में ऐसी खबरें छापने या प्रसारित करने का उद्देश्य केवल टीआरपी और लो. कप्रियता की भूख होता है, न कि सच्चाई को जनता तक पहुंचाना।किसी की भी निजी जानकारी का खुलासा करने से पहले यह जांच अवश्य करनी चाहिए कि उससे सार्वजनिक हित में कोई बड़ा लाभ होगा या नहीं। यदि नहीं है, तो उसका खुलासा नहीं किया जाना चाहिए। पुराने जमाने में जब टीवी चौनलों की भीड़ नहीं होती थी, मीडिया की जिम्मेदारी और नैतिकता बहुत ज्यादा थी। खबरें छापने व प्रसारित करने से पहले उनकी भरपूर पुष्टि की जाती थी और बिना जांच के कोई भी खबर नहीं छापी या दिखाई जाती थी। तब मीडिया का उद्देश्य सच्चाई और जानकारी देना होता था, न कि टीआरपी या लोकप्रियता बढ़ाना। आज की तुलना में तब की खबरें अधिक विश्वसनीय और जिम्मेदार थीं। तब के पत्रकार अपनी जिम्मेदारी को समझते थे और खबरों को छापने से पहले उनकी सत्यता की जांच करते थे। आज के मीडिया के एक विशेष वर्ग में इस तरह की जिम्मेदारी लगभग खत्म हो गई है। उनका उद्देश्य केवल अपने चौनल मालिकों या राजनैतिक आकाओं को खुश करना है।

गौरतलब है कि सेलिब्रिटी की प्राइवेसी बचाने के लिए भारत में अभी तक कोई विशेष कानून नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका ने इस मुद्दे पर बहुत ज्यादा जोर दिया है। आज के डिजिटल युग में सेलिब्रिटीज की तस्वीरें, आवाज, नाम और व्यक्तित्व का बिना अनुमति के उपयोग आम हो गया है, खासकर एआई और डीपफेक तकनीक के चलते। जिससे इन सेलिब्रिटीज का काफी दुष्प्रचार होने लगा है। इसलिए नए कानूनों की जरूरत है, जो सेलिब्रिटीज या किसी अन्य चर्चित व्यक्ति की प्राइवेसी और व्यक्तित्व के अधिकारों की सुरक्षा करें।सार्वजनिक हित और निजी गोपनीयता के बीच संतुलन बनाने के लिए स्पष्ट कानूनी दिशा-निर्देश बनाए जाने चाहिए, जिसमें निजी जानकारी के खुलासे की शर्तें और सीमाएं स्पष्ट हों। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निजता का अधिकार मौलिक अधिक. ार है, लेकिन इसकी व्याख्या और लागू करने के लिए और स्पष्ट नियम बनाए जाने चाहिए। इसमें सेलिब्रिटीज या मशहूर व्यक्तियों की निजी जानकारी, चिकित्सा इतिहास और व्यक्तिगत जीवन की जानकारी को बिना अनुमति के प्रका. शित करने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। ऐसे कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खघ्लिाफ कड़ी कार्यवाही का प्रावधान भी होना चाहिए, जिससे भविष्य में कि कोई भी ऐसी गलती करने से पहले कई बार सोचे। धर्मेंद्र की झूठी मौत की खबर ने एक बार फिर दिखाया कि आज का मीडिया अपनी जिम्मेदारी और नैतिकता को भूल चुका है। टीआरपी और लोकप्रियता के लिए खबरें छापना और सेलिब्रिटीज की निजता का उल्लंघन करना अब आम बात हो गई है। इससे न केवल सेलिब्रिटीज को नुकसान होता है, बल्कि आम जनता को भी गलत सूचना देकर भ्रमित किया जाता है। मीडिया को अपनी जिम्मेदारी और नैतिकता को फिर से याद करना चाहिए और खबरें छापने से पहले उनकी पुष्टि करनी चाहिए। इससे ही मीडिया की विश्वसनीयता बनी रहेगी और जनता को सही जानकारी मिलेगी।नए कानूनों के साथ-साथ मीडिया और जनता के लिए जागरूकता अभियान भी जरूरी है, ताकि वे सेलिब्रिटीज की प्राइवेसी का सम्मान करें और उनकी निजी जानकारी को बिना अनुमति के न फैलाएं।

**गौरतलब है कि सेलिब्रिटी की प्राइवेसी बचाने के लिए भारत में अभी तक कोई विशेष कानून नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका ने इस मुद्दे पर बहुत ज्यादा जोर दिया है। आज के डिजिटल युग में सेलिब्रिटीज की तस्वीरें, आवाज, नाम और व्यक्तित्व का बिना अनुमति के उपयोग आम हो गया है, खासकर एआई और डीपफेक तकनीक के चलते। जिससे इन सेलिब्रिटीज का काफी दुष्प्रचार होने लगा है। इसलिए नए कानूनों की जरूरत है, जो सेलिब्रिटीज या किसी अन्य चर्चित व्यक्ति की प्राइवेसी और व्यक्तित्व के अधिकारों की सुरक्षा करें।सार्वजनिक हित और निजी गोपनीयता के बीच संतुलन बनाने के लिए स्पष्ट कानूनी दिशा-निर्देश बनाए जाने चाहिए, जिसमें निजी जानकारी के खुलासे की शर्तें और सीमाएं स्पष्ट हों।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बाल दिवस व राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का है खास महत्व



**शहजाद अली**

भारत हर साल 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाता है, जो स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती का प्रतीक है। इसके कुछ दिनों बाद, 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है, जो बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती है।बाल दिवस बच्चों के अधिकारों और कल्याण को समर्पित है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस देश की शिक्षा प्रणाली के विकास पर केंद्रित है। ये दोनों दिन एक राष्ट्र के रूप में भारत की प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं। 14 नवंबर को, बाल दिवस मनाया जाता है।

यह दिन भारत के पहले प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती है। नेहरू जी का मानना था कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और उनके उचित पालन-पोषण और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों - शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समानता के अधिकार - के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन बच्चों के जीवन में खुशी और उल्लास लाने के लिए समर्पित है, जहां स्कूलों और समुदायों में विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस और बाल दिवस, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। जो कि एक बच्चे के पूरे जीवन को व्यवस्थित करता है।मौलाना आजाद की उपलब्धियां हमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व को बताती हैं, जबकि बाल दिवस हमें याद दिलाता है कि यह शिक्षा हमारे बच्चों, हमारे भविष्य तक पहुंचनी चाहिए। एक शिक्षित और पोषित बचपन ही एक मजबूत और प्रगतिशील राष्ट्र की नींव रख सकता है। ए दोनों दिवस मिलकर एक ऐसे भारत के सपने को साकार करने की प्रेरणा देते हैं, जहां हर बच्चे को सीखने, बढ़ने और अपनी पूरी क्षमता हासिल करने का अवसर मिले।

**कलाम आजाद का शैक्षिक योगदान**

भारत में हर साल 11 नवंबर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती का प्रतीक है। यह दिन एक महान विद्वान, स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी नेता को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने भारत की आधुनिक शिक्षा प्रणाली की नींव रखी। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां असंख्य हैं, जिन्होंने देश के बौद्धिक और सांस्कृतिक स्वरूप को आकार देने में मदद की।

**मौलाना आजाद की उपलब्धियां और योगदान**

एक शिक्षा मंत्री (1947-1958) के रूप में, मौलाना आजाद का दृष्टिकोण केवल साक्षरता दर बढ़ाने तक सीमित नहीं था, बल्कि एक समावेशी, आधुनिक और वैज्ञानिक सोच वाले समाज का निर्माण करना था।

**उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना**

आजाद ने भारत में वैज्ञानिक और तकनीकी शिक्षा के महत्व को पहचाना। उनकी पहल के परिणामस्वरूप कई प्रमुख संस्थानों की स्थापना हुईरू भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान IITs भारत के पहले IIT (IIT खड़गपुर) की स्थापना 1951 में उनकी देखरेख में हुई, जिसका उद्देश्य देश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देना था। इंडियन इंस्टिटड्यूट ऑफ साइंस बैंगलोर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग UGC उच्च शिक्षा के मानकों को विनियमित करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 1953 में UGC की स्थापना में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद AICTE तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने के लिए AICTE को भी उनके कार्यकाल में बल मिला। मौलाना आजाद का दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। उन्होंने 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की पुरजोर वकालत की, इसे राष्ट्रीय प्रगति की कुंजी माना। उन्होंने महिला शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया, यह मानते हुए कि समाज की उन्नति के लिए महिलाओं का शिक्षित होना आवश्यक है। सांस्कृतिक और साहित्यिक संस्थाओं का विक. ासशिक्षा के अलावा, आजाद ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर भी ध्यान केंद्रित किया। उनकी पहल पर स्थापित प्रमुख अकादमियांरूसाहित्यअकादमी ,ललित कला अकादमी,संगीत नाटक अकादमी आदि ए संस्थान आज भी भारतीय कला, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**शिक्षा का एक एकीकृत दृष्टिकोण**

आजाद ने शिक्षा के एक ऐसे मॉडल की कल्पना की जो पूर्वी आध्यात्मिक मूल्यों को पश्चिमी सामाजिक प्रगति और उपलब्धियों की अवधारणाओं के साथ एकीकृत करता हो। उनका उद्देश्य केवल अकादमिक सफलता नहीं, बल्कि आलोचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और नागरिक उत्तरदायित्व का विकास करना था। मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को 2008 में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में घोषित किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान को राष्ट्रीय मान्यता देता है।

# सर्दियों में कुछ ऐसे करें दुल्हनों का श्रंगार



**शहनाज हुसैन**

सर्दियों को प्यार के खिलने और नई शुरुआत का मौसम माना जाता है६ सर्दियों का मौसम यानी शादियों का सबसे अच्छा समय आ रहा है। सर्दियों की शादी में जादुई आकर्षण होता है। सुहावने मौसम में ठंडी हवाएं और सुकून भरे माहौल में गर्म चटख रंगों की छटाएं समारोह को एक खूबसूरत तस्वीर जैसा बना देती है और इसीलिए दुलहन के इलाबा सभी पारिवारिक महिलाओं पर भी आकर्षक और खूबसूरत दिखने का दबाव बना रहता है। स्वाभाविक रूप से, एक दुल्हन के रूप में आप सर्दियों की शादियों के दौरान अधिक सहज महसूस करती हैं, भले ही आपको लंबे समय तक रस्मों और समारोहों में बैठना पड़ता है, लेकिन इस सारे आकर्षण के साथ एक खूबसूरती की चुनौती भी आती है। ठंड और शुष्क महीनों में अपनी दुल्हन की त्वचा को चमकदार और हाइड्रेटेड बनाए रखना। शादी के दिन दुल्हन का सुन्दर दिखना महज मेकअप या ड्रैस में ही जुड़ा नहीं होता बल्कि इसमें काफी हफ्तो की कड़ी मेहनत शामिल होती है। यदि शादी से कुछ हफ्ता पहले त्वचा के प्रति सावधनी बरती जाए तो यह शादी के दिन काफी मददगार साबित हो सकती है, सर्दियों में तैलीय त्वचा भी शुष्क पड जाती है जबकि शुष्क त्वचा को क्रीम तथा तेल की मदद से माइस्चराइज तथा पोषक बनाना पड़ता है।

अपनी रोजाना फेशियल केयर रूटीन के अर्न्तगत अपनी त्वचा को दिन में दो बार साफ करें। रात्रि में सोने से पहले चेहरे पर जमी मैल को साफ करना अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है। रात्रि को सोने से पहले प्रतिदिन त्वचा को साफ कीजिए तथा ताजे साफ पानी से धोईए। इसके लिए आप गुनगुना पानी उपयोग में ला सकती है। सामान्य तथा शुष्क दोनों प्रकार की त्वचा के लिए क्लीजिंग क्रीम या जैल का प्रयोग कीजिए। वैकल्पिक रूप में आप आधे कप ठण्डे पानी में तिल, सूरजमुखी तथा जैतून के वनस्पति तेल की पांच बूंदे मिलाकर इसे बोतल में डालकर भली भांति मिला लीजिए। अब काटनवूल की मदद से इस मिश्रण से त्वचा को साफ कीजिए। बाकी बचे मिश्रण को फ्रीज में रख लीजिए। यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो क्लीनजींग लोशन या फेश वाश का प्रयोग कीजिए। तैलीय त्वचा के गहरे छिद्रों को साफ करने की जरूरत होती है। चावल के पाउडर को दही से मिलाकर हफ्ते में एक या दो बार लगाईए तथा त्वचा के दोनों ओर हल्के से रब करके पानी से धो डालिए। सर्दियों में तैलीय त्वचा में माथे पर काले धब्बे पड़ सकते है। सर्दियों में तैलीय त्वचा भी शुष्क हो जाती है लेकिन जब इसमें क्रीम लगाई जाती है तो इससे चेहरे पर मुंहासे आ जाते है। इस समस्या के निदान के लिए एक चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन को 100 मिली लीटर गुलाब जल में मिला कर बोतल को फ्रीज में रख दीजिए। इस लोशन को रोजाना त्वचा के रूखेपन को दूर करने के लिए उपयोग कीजिए। सभी प्रकार की त्वचा में नमी तथा मुलायम बनाने के लिए शहद तथा अलोवेरा जैल का प्रयोग किया जा सकता है। इसे चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद चेहरे को स्वछ ताजें पानी से धो डालिए। सभी प्रकार की त्वचा के मामले में प्रतिदिन त्वचा को काटनवूल पैड से ठण्डे गुलाब जल से टोन कीजिए। त्वचा को साफ करके सहलाइए तथा इसके बाद तेजी से गुलाब जल से संचित काटनवूल पैड से पौछिए। इसे त्वचा की आभा निखरेगी। सामान्य से शुष्क त्वचा को रोजाना रात्रि को नारिशिंग क्रीम से पोषण किया जा सकता है। त्वचा को साफ करने के बाद क्रीम को पूरे चेहरे पर हल्की-हल्की मालिश करते हुए 2 मिनट बाद गीली काटनवूल से हटा लीजिए। चेहरे के लिए, मास्क का घर में मिश्रण बनाकर इसे हफ्ते में दो तीन बार लगाऐं। सामान्य से शुष्क तवचा के लिए दो चम्मच चोकर में एक चम्मच बादाम, दही शुद्ध तथा गुलाब जल मिलाईए। तैलीय तथा मिश्रित त्वचा के लिए तीन चम्मच जई में दही, शहद तथा गुलाब जल मिलाऐं।



इस सब का पेस्ट बना होठों तथा आंखों को धोकर बाकी चेहरे पर लगा ले तथा 20 मिनट बाद साफ पानी से धो डालिए। चेहरे पर फेस मास्क लगाने के बाद, दो काटनवूल पैड को गुलाब जल में भिगों दीजिए तथा इन्हें आई पैड की तरह प्रयोग कीजिए। इन्हें आंखों पर रख कर लेटकर कर आराम करें। इससे शरीर को काफी ताजगी तथा आराम मिलता है। गुलाब जल का काफी आरामदायक तथा शान्तिवर्धक प्रभाव पड़ता है। जिससे थकान दूर होती है तथा आंखों में चमक आ जाती है। आंखों के इर्द-गिर्द की त्वचा काफी पतली तथा संवे. दनशील होती है। इस भाग में झुर्रियां काफी आसानी से आ जाती हैं। आंखों के इर्द गिर्द क्रीम लगाकर 15 मिनट बाद गीले काटनवूल से धो डालिए। प्रतिदिन बादम तेल के प्रयोग करने तथा इसकी हल्के-2 मालिश करने से आंखों के इर्द-गिर्द त्वचा को निखारने में काफी मदद मिलती है। होठों की त्वचा भी काफी पतली होती है तथा इसमें तैलीय ग्रन्थियों की कमी होती है।

सर्दियों में होठ आसानी से शुष्क तथा फट जाते है। होठों पर प्रतिदिन धोने के बाद बादाम तेल या बादाम क्रीम लगाकर पूरी रात लगी रहने दीजिए। दिन में त्वचा में नमी की कमी न होन दें। घर से निकलने से पहले सनस्क्रीन का चेहरे पर प्रयोग करें। ज्यादातर सनस्क्रीन क्रीमों में माईस्चराईज विद्यमान होते है। माइस्चराईजर क्रीम द्रव्य रूप में उपलब्ध होते है। अगर आपकी त्वचा में अत्याधिक शुष्कता है तो क्रीम का उपयोग कीजिए। सर्दियों में शरीर की त्वचा का तैलीय पौषाहार करना चाहिए। पुराने समय में त्वचा की देखभाल के लिए उबटन बनाया जाता था। सबसे पहले शरीर की तिल के तेल से मालिश की जाती है तथा उसके बाद घर में बनाया गया उबटन लगाया जाता है। यह उबटन मुख्यत: चोकर, बेसन, दही, मलाई तथा हल्दी का मिश्रण होता है। इस सबका मिश्रण करके इसे नहाने से पहले शरीर पर लगाया जाता है तथा आधा घंटा बाद उबटन को रगड़कर हटाकर स्नान किया जाता है। इससे नहाने के दौरान त्वचा की मृत कोशिकाओं का साफ करने में मदद मिलती है जिससे त्वचा चमकीली चिकनी, मुलायम होकर निखर जाती है। चमकीली त्वचा के लिए सभी संघटको को पोटली में डालकर पोटली को गीला कर शरीर के सभी अंगों पर रगड़ने तथा उसके बाद स्नान कर लें। पाऊडर, दूध, बादाम, चावल पाऊडर तथा गुलाब की पंखुडियों का मिश्रण तैयार कर लें।

इस मिश्रण को त्वचा पर लगाने से त्वचा साफ, मुलायम हो जाती है तथा इसमें प्राकृतिक आभा आ जाती है। इससे शरीर रेशम की तरह मुलायम हो जाता है तथा शरीर में ताजगी तथा प्राकृतिक सुगन्ध आती है। शादी से पहले सभी दुल्हनें किसी न किसी प्रकार के तनाव के दौर से गुजरती है जिसका प्रतिदिन उनके चेहरे पर झलकता है। इस प्रकार के मानसिक तनाव की मुक्ति के लिए आराम काफी मददगार साबित होता है। शारीरिक व्यायाम से मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलती है। शादी से कुछ माह पहले नियमित रूप से व्यायाम कीजिए तथा सुबह सैर के लिए निकलिए। वास्तव में सुबह की सैर शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक साबित होती है। शरीर तथा मन की शांति के लिए लम्बी सांसे तथा ध्यान काफी लाभदायक साबित होते है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया में जहाज डूबने से आठ लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी कालीमंतन प्रांत में महाक.म नदी में एक जहाज के डूबने से आठ लोग की मौत हो गई। प्रांत के खोज और बचाव कार्यालय के प्रमुख डोडी सेतियावान ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार शाम को घटित हुई। तीन चालक दल के सदस्यों सहित 28 लोगों को ले जा रहा जहाज पश्चिम कुताई रीजेंसी में नदी के ऊपरी इलाके में डूब गया। उन्होंने बताया कि 20 लोगों को बच गए थे, जबकि जबकि आठ अन्य के लापता होने की सूचना मिली थी।

### भर्ती प्रक्रिया के दौरान मची भगदड़ में छह की मौत, 37 घायल

**अकरा।** घाना की राजधानी अकरा में बुधवार को सैन्य भर्ती अभ्यास से पहले मची भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई, 37 अन्य लोग घायल हुए हैं। घाना सशस्त्र बलों ने एक बयान में कहा है कि ए छह लोग उन लोगों में शामिल थे जो एल-वाक स्पोर्ट्स स्टेडियम में चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आए थे। बयान में कहा गया कि घाना सशस्त्र बलों को आम जनता को 2025/2026 भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले हुई मची भगदड़ की सूचना देते हुए गहरा दुख हो रहा है। इस घटना में छह संभावित रंगरूटों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

### रूस में अस्पताल में आग लगने से सात लोग घायल

**मास्को।** रूस के सारातोव क्षेत्रीय संक्रामक रोग क्लिनिकल अस्पताल में बुधवार देर रात आग लगने से सात लोग झुलस गए। क्षेत्रीय कानून प्रवर्तन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। सारातोव क्षेत्र के अभियोजक कार्यालय के अनुसार स्थानीय समयानुसार देर रात 2:40 बजे आग लग गई। आग ने अस्पताल की दूसरी मंजिल पर स्थित तीन उपचार कक्षों को अपनी चपेट में ले लिया और इसमें सात लोग झुलस गए। इन सभी का इलाज चल रहा है।



नई दिल्ली। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पानी की बूंदों को छिड़काव करती एंटी स्मॉग गन।


## श्रीलंका ने 2025 में 328 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने 2025 में अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में अब तक 328 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी श्रीलंका के एक उप मंत्री ने गुरुवार को दी। श्रीलंका के मत्स्य पालन, जलीय एवं महासागर संसाधन उप मंत्री रत्ना गामेज ने संवाददाताओं से कहा कि नौसेना ने मछुआरों द्वारा उपयोग किए गए 41 मछली पकड़ने वाले नावों को भी जब्त किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने श्रीलंकाई जल क्षेत्र में विदेशी मछुआरों के अवैध प्रवेश पर नकेल कसने के लिए अभियान तेज कर दिया है तथा 2024 की तुलना में इस वर्ष गिरफ्तारियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। श्री गामेज ने कहा कि इन प्रयासों में नौसेना को मत्स्य पालन, जलीय एवं महासागर संसाधन मंत्रालय तथा श्रीलंकाई पुलिस का सहयोग प्राप्त है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाले विदेशी मछुआरे स्थानीय मछुआरों एवं देश के समुद्री पर्यावरण के लिए अस्तित्व का खतरा उत्पन्न करते हैं।

# पाकिस्तान के संविधान में 48 अनुच्छेद में बदलाव

## आर्मी चीफ आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का कमांड मिला, विपक्ष नाराज, बिल की कापियां फाड़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर की शक्तियों को बढ़ाने और सुप्रीम कोर्ट के ताकत को कम करने वाले 27वें संवैधानिक संशोधन को मंजूरी दे दी। पाकिस्तानी आब्जर्वर की रिपोर्ट के मुताबिक, इस संशोधन में 48 आर्टिकल में बदलाव का प्रस्ताव दिया गया है।



■ नेशनल असेंबली ने इस बिल को 234 मतो की बहुमत से पास किया, चार सांसदों ने विरोध में वोट दिया

नेशनल असेंबली ने इस बिल को 234 मतो की बहुमत से पास किया। चार सांसदों ने विरोध में वोट दिया, जबकि सीनेट ने इसे दो दिन पहले ही मंजूर कर लिया था। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के साइन के बाद यह कानून बन जाएगा। मुनीर को तीनों सेनाओं का चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) बनाया जा रहा है। यह 27 नवम्बर 2025 से लागू हो जाएगा। पद मिलते ही उन्हें परमाणु हथियारों की कमांड मिल जाएगी। अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद भी वह अपने पद पर बने रहेंगे और उन्हें आजीवन कानूनी छूट मिलती रहेगी। वहीं, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया। कुछ विपक्षी दलों ने बिल की कापियां फाड़ दीं।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष नवाज शरीफ 12 नवम्बर को नेशनल असेंबली के सत्र में मौजूद रहे। 27वें संविधान संशोधन का एक बहुत खास हिस्सा है नेशनल स्ट्रेटिजिक कमांड (एनएससी) का गठन। यह कमांड पाकिस्तान के परमाणु हथियारों और मिसाइल सिस्टम की निगरानी और नियंत्रण करेगी। अब तक यह जिम्मेदारी नेशनल कमांड अथारिटी (एनसीए) के पास थी, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते थे, लेकिन अब से एनएससी के पास इसकी जिम्मेदारी हो जाएगी। एनएससी का कमांडर भले ही प्रधानमंत्री की मंजूरी से नियुक्त होगा, लेकिन यह नियुक्ति सेना प्रमुख (सीडीएफ) की सिफारिश पर ही होगी। सबसे जरूरी यह पद सिर्फ आर्मी के अफसर को ही दिया जाएगा। इससे देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अब पूरी तरह सेना के हाथ में चला जाएगा। 10 मुख्य संशोधन-सेना प्रमुख को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस की जिम्मेदारी मिलेगी, अगर किसी अधिकारी को फील्ड मार्शल, मार्शल ऑफ द एयर फोर्स या एडमिरल ऑफ द फ्लीट की रैंक दी जाती है, तो यह रैंक आजीवन रहेगी। फील्ड मार्शल को राष्ट्रपति जैसी सुरक्षा, बिना सरकार की इजाजत के कोई आपराधिक मुक.दमा नहीं चल सकता। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश अपनी अवधि पूरी होने तक चीफ जस्टिस बने रहेंगे, फेडरल कान्सटीट्यूशन कोर्ट की स्थापना होगी, याचिकाओं पर सुओ मोटो (स्वत: संज्ञान) लेने का अधिकार, कानूनी नियुक्तियों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की अहम भूमिका रहेगी, राष्ट्रपति को कार्यकाल के बाद कोई सार्वजनिक पद लेने पर छूट सीमित, हाई कोर्ट जजों के तबादले न्यायिक आयोग तय करेगा, तबा. दलों पर आपत्ति सुप्रीम ज्यूडिशियल कार्डसेल देखेगी।

# अमेरिका आओ, हमें प्रशिक्षित करो और घर जाओ

## ट्रम्प प्रशासन अब देश की एच-1बी वीजा नीति में बड़ा बदलाव लाने की कर रहा है तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन अब एच-1बी वीजा नीति में बड़ा बदलाव लाने की तैयारी कर रहा है। नई नीति के तहत विदेशी कुशल कामगारों को अमे.रिका में अस्थायी रूप से बुलाया जाएगा, ताकि वे अमेरिकी कामगारों को उच्च तकनीकी कामों की ट्रेनिंग दे सकें, और उसके बाद वापस अपने देश लौट जाएं।



■ खत्म हुआ अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा चलने वाला शटडाउन, बिल पर ट्रम्प ने किए हस्ताक्षर
■ अब हम अचानक कह नहीं सकते कि सब कुछ रातों-रात बन जाएगा: स्कॉट

अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने बताया कि यह नीति ट्रम्प के उस बड़े अभियान का हिस्सा है, जिसके जरिए वे महत्वपूर्ण उद्योगों को दोबारा अमेरिका में लाना और आयात पर निर्भरता घटाना चाहते हैं। स्काट बेसेंट ने एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति की सोच यह है कि विदेशी विशेषज्ञों को तीन, पांच या सात साल के लिए अमेरिका लाया जाए ताकि वे यहां के कामगारों को प्रशिक्षित करें। उसके बाद वे लौट जाएं और अमेरिकी कामगार उनकी जगह काम संभालें।

उन्होंने इसे ज्ञान हस्तांतरण (नालेज ट्रांसफर) की रणनीति बताया। इसके तहत अमेरिकी सरकार सेमीकंडक्टर, जहाज निर्माण और प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग जैसे उद्योगों को फिर से खड़ा करने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 20-30 वर्षों में हमने प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग या शिपबिल्डिंग जैसी चीजें देश में नहीं की हैं। अब हम अचानक कह नहीं सकते कि सब कुछ रातों-रात बन जाएगा। हमें कुशल विदेशी विशेषज्ञों की जरूरत है, जो अमेरिकियों को सिखा सकें। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या इससे अमेरिकी नौकरियां खतरे में पड़ेंगी, तो उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि एक अमेरिकी उस नौकरी को नहीं पा सकता। सच यह है कि, अभी नहीं पा सकता। हमें उन्हें तैयार करना होगा, और इसमें विदेशी विशेषज्ञ मदद करेंगे। बेसेंट ने आगे कहा कि विद.शी पार्टनर्स आकर अमेरिकी कामगारों को सिखाएं, यही असली जीत है। अमेरिकी वित्त मंत्री ने इस बातचीत में ट्रम्प प्रशासन की आर्थिक नीतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया की कि प्रशासन +100000 से कम आय वाले परिवारों को +2000 का टैरिफ छूट देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति चाहते हैं कि मजबूत व्यापार नीति का फायदा हर परिवार तक पहुंचे। +2000 का छूट इसी दिशा में एक कदम है। अमेरिकी वित्त मंत्री आगे ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन की दृष्टि समान समृद्धि की है। इसके लिए जरूरी है कि अमे. रिकी ट्रेजरी मार्केट स्थिर और मजबूत रहे, ताकि अर्थव्यवस्था में भरोसा बना रहे। दूसरी ओर अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा चलने वाला शटडाउन आखिरकार खत्म हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस ने शटडाउन खत्म करने वाले विधेयक को पारित किया। जिस पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने हस्ताक्षर कर दिए। इसके साथ ही 43 दिन तक चला शटडाउन खत्म हो गया। शटडाउन खत्म करने के समझौते के तहत बीते 43 दिनों में नौकरी से निकाले गए संघीय कर्मचारियों को फिर से नौकरी पर बहाल किया जाएगा। प्रतिनिधि सदन में सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी ने 222-209 के मतों से विधेयक पारित कर लिया। सीनेट पहले ही इस विधेयक को पारित कर चुकी थी और अब बस राष्ट्रपति ट्रम्प के भी हस्ताक्षर हो गए हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने विधेयक पारित होने को बहुत बड़ी जीत बताया। गौरतलब है कि डेमोक्रेटिक पार्टी किफायती देखभाल कानून के तहत मिलने वाले स्वास्थ्य कवरेज के लिए टैक्स क्रेडिट बढ़ाने की मांग कर रही थी। इस साल के अंत में यह टैक्स क्रेडिट खत्म हो रही है। अगर सरकार टैक्स क्रेडिट नहीं बढ़ाती है तो लोगों को मिलने वाला स्वास्थ्य कवरेज महंगा हो जाएगा।

## अमेरिका ने भारतीय कंपनी पर लगाए प्रतिबंध

■ ईरान के मिसाइल और यूएवी कार्यक्रमों के लिए सामग्री की आपूर्ति करने का मामला

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) कार्यक्रमों के लिए सामग्री की आपूर्ति करने के मामले में भारत, चीन, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, और अन्य क्षेत्रों में 32 संस्थाओं और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

अमेरिकी वित्त विभाग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इन प्रतिबंधित कंपनियों में एक भारतीय कंपनी फार्मलेन प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है। उस पर मिसाइल उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण रासायनिक पूर्व-उत्पाद उपलब्ध कराने का आरोप है। भारतीय कंपनी एमवीएम पार्टनरशिप नेटवर्क का हिस्सा थी जिसने 2023 से चीन से सैकड़ों मीट्रिक टन मिसाइल प्रणोदक सामग्री खरीदी है। इन सामग्रियों का उपयोग अमोनियम परक्लोरेट के निर्माण में किया जाता है जो ठोस प्रणोदक रॉकेट मोटरों का एक प्रमुख घटक है। अमेरिका का आरोप है कि इस भारतीय कंपनी ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन प्रोग्राम्स के लिए सामग्री और टेक्नोलॉजी मुहैया कराई।

वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) की ओर से यह कार्रवाई, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, चीन, हांगकांग, भारत, जर्मनी और यूक्रेन में 32 व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रभावित करने वाले एक व्यापक प्रतिबंध पैकेज का हिस्सा है। यह कदम ईरान की सैन्य क्षमताओं पर अंकुश लगाने के अमे. रिकी प्रयासों को दर्शाता है। प्रतिबंधित कंपनियां कथित तौर पर ईरान के हथियार उत्पादन का समर्थन करने वाले कई खरीद नेटवर्क का हिस्सा थीं।

## कांगो में 2.5 करोड़ लोग कर रहे खाद्य संकट का सामना: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में लगभग 2.5 करोड़ यानी कुल आबादी का 20 प्रतिशत से ज़्यादा लोग गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बुधवार को एक दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि डीआरसी खाद्य असुरक्षा से सबसे ज़्यादा प्रभावित देशों में से एक है और पूर्वी हिस्से में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। उन्होंने कहा कि नवीनतम एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण विश्लेषण के अनुसार, 2026 की पहली छमाही में यह संख्या लगभग 2. 7 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। दुजारिक ने कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) उत्तरी किवु प्रांत के बेनी और लुबेरो क्षेत्रों और इतुरी प्रांत में नागरिकों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर बेहद चिंतित है। इस साल की शुरुआत से इन दोनों प्रांतों में कथित तौर पर 1000 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका प्रभाव विनाशकारी रहा है।

# बलूचिस्तान में बगावत की आग भड़कने से दहशत

■ प्रांत के सारे ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गृहयुद्ध जैसे हालात गहराते जा रहे हैं। पाकिस्तानी सेना की ओर से आम नागरिकों की हत्याओं और बलोच नेताओं के अपहरण की घटनाओं के बीच बलूचिस्तान में मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

गृह मंत्रालय की ओर से जारी सुरक्षा अलर्ट के बाद राजधानी क्वेटा को छोड़कर पूरे बलूचिस्तान प्रांत में इंटरनेट बैन लगा दिया गया है। बलूचिस्तान प्रांत की सरकार के गृह विभाग की ओर से बुधवार (12 नवम्बर, 2025) को जारी अलर्ट के बाद 16 नवम्बर, 2025 तक के लिए मोबाइल इंटरनेट को बैन कर दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग एन-70 के लोरलाई खंड तक गाड़ियों की आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई है। ये रोक 14 नवम्बर तक जारी रहेगी। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने का ये फैसला प्रांत में सुरक्षा अलर्ट और मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया है। अधिकारियों ने ये भी एलान किया कि क्वेटा के कैंटोनमेंट इलाके के सारे स्कूल सुरक्षा कारणों से 16 नवम्बर तक बंद रहेंगे। बलूचिस्तान प्रांत के अधिकारियों ने कहा कि प्रांत के सारे ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। क्वेटा में ये प्रति. बंध लागू नहीं होगा। हालांकि बुधवार को क्वेटा में कई इंटरनेट यूजर्स ने सेवाओं के काम न करने की शिकायत दर्ज कराई थी। गृह विभाग की ओर से सारे जिला प्रशासनों, पुलिस और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस फैसले को तत्काल लागू कराया जाए। इसके साथ ही जनता के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। बलूचिस्तान में लंबे समय से बलोच आर्मी की ओर से पाकिस्तानी सेना को निशाना बनाया जाता रहा है। वहीं जवाबी कार्रवाई पाकिस्तानी सेना भी बलोच नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिकों पर भी जुल्म ढाने में कोई कोताही नहीं बरतती है। 18 सितम्बर, 2025 को पाकिस्तानी सेना ने बलूचिस्तान के जेहरी इलाके में एयरस्ट्राइक की थी, जिसमें 3 आम नागरिक मारे गए थे।

## तुर्की सैन्य विमान दुर्घअना में मारे गए 20 सैनिकों के शव मिले

**अंकारा।** जॉर्जिया में तुर्की के सैन्य विमान हादसे में मारे गए सभी 20 सैनिकों के शव मिले गए हैं। तुर्की रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लॉकहीड सी-130 हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने बुधवार को कहा था कि दुर्घटना में मारे गए 19 सैनिकों के शव मिल गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अज़रबैजान-जॉर्जियाई सीमा पर सैन्य परिवहन विमान दुर्घटना स्थल पर तलाशी अभियान में 20वें मृत सैनिक का शव बरामद कर लिया गया है।

# बांग्लादेश में 15 फरवरी तक होंगे संसदीय चुनाव

## अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस का ऐलान, 17 नवम्बर को शेख हसीना को सजा सुनाई जाएगी

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में 15 तारीख से पहले संसदीय चुनाव होंगे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने देश को संबोधित करते हुए इसकी जानकारी दी। वहीं, शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मानवता के खिलाफ अपराध मामले में आज फैसले की तारीख का ऐलान हो गया है। ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) 17 नवम्बर, सोमवार को अपना फैसला सुनाएगी।



आज फैसले से पहले आईसीटी के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। फैसले के खिलाफ अवामी लीग ने लाकडाउन का ऐलान किया था। इसके जवाब में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता गुरुवार को ढाका के कई इलाकों में सड़कों पर उतर आए और कुछ जगहों पर जुलूस भी निकाले। दूसरी तरफ बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज दोपहर करीब 1 बजे प्रदर्शनकारियों ने अवामी लीग के मुख्यालय में आग लगा दी।

ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक करीब 10 से 15 लोगों ने इमारत की चौथी मंजिल पर लकड़ियां, पेपर कार्टन और अन्य सामान इकट्ठा करके आग लगा दिया। 5 अगस्त को अवामी लीग सरकार गिरने के बाद भी इसी इमारत में आग लगाई गई थी। अवामी लीग को बांग्लादेश को बैन किया जा चुका है। यूनुस ने यह भी घोषणा की कि जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) भी संसदीय चुनाव के दिन कराया जाएगा, जिस दिन संसदीय चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि मकसद देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करना है। जुलाई 2025 में, देश के राजनीतिक दलों और नागरिक संगठनों के बीच एक 'जुलाई चार्टर' नाम का संविधान सुधार प्रस्ताव बना था। इसमें 4 अहम चीजें तय करने की को. शिश हुई थी। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने आज घोषणा की कि राष्ट्रीय चुनाव और जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह दोनों एक ही दिन होंगे। सरकार ने यह फैसला मौजूदा राजनीतिक संकट को सुलझाने के प्रयास के तहत लिया है। यूनुस ने गुरुवार दोपहर राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि जनमत संग्रह में जनता से जुलाई चार्टर को लागू करने के आदेश पर राय मांगी जाएगी।

# पाक से 3 महीने में बिजनेस बंद करेगा अफगान

## तालिबान ने अफगानी व्यापारियों को अल्टीमेटम दिया, कहा: कोई दूसरा रास्ता तलाशें

**ढाका।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने व्यापारियों और उद्योग. पतियों से बिजनेस के दूसरे रास्ते तलाशने को कहा है।



■ व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी ने व्यापारियों से मध्य एशियाई देशों की ओर रुख करने की अपील की

अफगानिस्तान के उपप्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने कहा कि, पाकिस्तान के साथ सीमा बंद होने से व्यापार ठप हो गया है। उन्होंने बताया कि इससे हर महीने करीब 200 मिलियन अमेरिकी डालर (लगभग 1700 करोड़ रुपये) का नुकसान हो रहा है। बरादर ने सीमा बंदी को 'आर्थिक युद्ध' करार दिया। उन्होंने पाकिस्तान से आने वाली दवाओं की खराब क्वालिटी की भी आलोचना की। साथ ही लेन-देन खत्म करने के लिए 3 महीने का समय दिया है। वहीं, व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी ने व्यापारियों से मध्य एशियाई देशों की ओर रुख करने की अपील की। अजीजी ने कहा कि पाकिस्तान ने अक्सर बाधाएं खड़ी की हैं, खासकर फलों के निर्यात के मौसम में। ये रुकावटें बिना किसी बुनियादी या तार्किक आधार के हैं, और ये दोनों देशों के लिए नुकसानदेह हैं। दोनों देशों के बीच तोरखम और स्पिन बोल्डक सहित पांच प्रमुख क्रासिंग एक महीने से ज्यादा से बंद हैं। उपप्रधानमंत्री बरादर ने कहा कि अफगानिस्तान को अक्सर राजनीतिक दबाव के तहत निशाना बनाया जाता है। व्यापार संबंधों और शरणार्थियों की कठिनाइयों का इस्तेमाल राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए किया जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह नकारा नहीं जा सकता कि व्यापार के मामले में सभी देश आपस में निर्भर हैं। पाकिस्तान अफगानिस्तान को सीमेंट, दवाइयां, आटा, स्टील, कपड़े, फल और सब्जियां निर्यात करता है, जबकि वो सीमा पार से कोयला, साबुन पत्थर, मेवे और ताजे फल आयात करता है। फल, सब्जियां, मांस, डेयरी जैसे प्रोडक्ट एक-दूसरे को भेजते हैं। बरादर ने कहा कि अगर पाकिस्तान व्यापार मार्गों को फिर से खोलने का इरादा रखता है, तो उसे इस बात की पुख्ता गारंटी देनी होगी कि किसी भी कारण से या किसी भी परिस्थिति में सीमाएं फिर से बंद नहीं होंगी। यह बयान दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच आया है। जो हाल के हफ्तों में सीमा पर हुई झड़पों से और बढ़ गया है।

## कनाडा ने रूस के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंध

**ओटावा।** कनाडा ने रूस के ऊर्जा क्षेत्र, सैन्य क्षमताओं और साइबर बुनियादी ढांचे से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की कि ये उपाय देश के विशेष आर्थिक उपाय (रूस) विनियमों के तहत 13 व्यक्तियों और 11 संस्थाओं को लक्षित करते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, ये उपाय रूस की पारंपरिक और हाइब्रिड सैन्य क्षमताओं को कम करने के साथ-साथ उसके ऊर्जा राजस्व और वित्तीय संसाधनों को भी प्रभावित करने पर केंद्रित हैं। लक्षित लोगों में रूस के ड्रोन कार्यक्रम से जुड़े कई व्यक्ति और संस्थाएं शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि ये उपाय पहली बार कनाडा द्वारा उन संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने का भी संकेत देते हैं जो यूक्रेन के खिलाफ रूसी हाइब्रिड रणनीतियों में कथित तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले साइबर बुनियादी ढांचे की आपूर्ति करती हैं। इसके अतिरिक्त, प्रतिबंधों में कई रूसी तरलीकृत प्राकृतिक गैस संस्थाओं के साथ-साथ रूस के छाया बेड़े के हिस्से के रूप में वर्णित 100 जहाजों को भी सूचीबद्ध किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये कदम अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा हाल ही में घोषित प्रतिबंधों के अनुरूप उठाए गए हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108